CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, मंगलवार 22 जुलाई 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 51 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी नीट यूजी का काउंसलिंग पंजीकरण शुरू

पेज 2



चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर

खेल टाइम्स



मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: 19 साल बाद बाइज्जत बरी कौन लौटाएगा 19 साल

सम्पादकीय



ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का एआई वीडियो किया शेयर

पेज़ 12

### केरल के पूर्व सीएम अच्युतानंदन का 101 वर्ष की उम्र में निधन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वीएस अच्युतानंदन का निधन हो गया है। उनकी उम्र 101 वर्ष थी। माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने यह जानकारी दी। गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे। अच्युतानंदन माकपा के संस्थापक सदस्यों में से थे और जीवनभर मजदूरों के अधिकारों, भूमि सुधार और सामाजिक न्याय की वकालत करते रहे। उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा दी और सात बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए।

### दुकानों के विवरण प्रदर्शित करने की याचिका पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दुकानों समेत अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रवेश द्वार पर संबंधित मालिकों के नाम और संपर्क विवरण प्रदर्शित करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर केंद्र के अलावा राज्य सरकारों और भारतीय विधि आयोग को सोमवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने भाजपा के नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

### सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को एमयूडीए मामले में राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से संबंधित धनशोधन के एक मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को राहत देते हुए उनके खिलाफ दायर ईडी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इस मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के सात मार्च के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें ईडी की ओर से पार्वती व अन्य को जारी समन रद्द कर दिया गया था।

### भाजपा सांसद सूर्या को राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी खबरें फैलाने के मामले में भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमा रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

## जस्टिस को 'वर्मा' संबोधित करने वाले वकील को CJI की फटकार

### अदालत ने वकील से पूछा- क्या वह आपके दोस्त हैं, मर्यादा में रहिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके सरनेम से संबोधित करने पर एक वकील को फटकार लगाई।

दरअसल, वकील मैथ्यूज नेदुम्परा सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा को सिर्फ 'वर्मा' कहकर संबोधित कर रहे थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि क्या वे



आपके दोस्त हैं? वे अब भी जस्टिस वर्मा हैं। आप उन्हें कैसे संबोधित करते हैं? थोड़ी मर्यादा रखिए। आप एक विद्वान जज की बात कर रहे हैं। वे अब भी इस अदालत के -शेष पृष्ठ दो पर

### जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली में मौजूद उनके आवास से जली हुई नकदी के बंडल मिलने के बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को उनके खिलाफ नोटिस सौंपे हैं। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट से वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया गया है। लोकसभा में 145 सांसदों ने एक साथ मिलकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद और अनुराग ठाकुर, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और के सुरेश, एनसीपी- एसपी की सुप्रिया सुले, डीएमके के टीआर बालू, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और आईयूएमएल के ईटी मो. बशीर जैसे कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया है।

राष्ट्रपति को पत्र में उन्होंने लिखा कि स्वास्थ्य की प्राथमिकता और चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं। पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण



■ **राष्ट्रपति को भेजे त्यागपत्र में लिखा- स्वास्थ्य कारणों से डाक्टर्स की सलाह पर अपना पद छोड़ रहा हूं**

संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया। 2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त 2022 को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ ने लिखा कि माननीय राष्ट्रपति जी सेहत को प्राथमिकता देने और डाक्टर की सलाह को मानने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67 के अनुसार अपने पद से इस्तीफा देता हूं। मैं भारत के राष्ट्रपति में गहरी कृतज्ञता प्रकट करता हूं।

### 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाका मामले में ऐतिहासिक फैसला

# 19 साल बाद न्याय, मुंबई ट्रेन धमाके के 12 मुस्लिम युवक हाईकोर्ट से बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामले में सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। 19 वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद जबरन फंसाए गए मुस्लिम युवाओं को इंसाफ मिला।

कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत द्वारा पांच अभियुक्तों एहतिशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अता उर्रहमान शेख, आसिफ बशीर और नवेद हुसैन को दी गई फांसी की सज़ा को गैरकानूनी करार दिया। इसी के साथ सात अभियुक्तों मोहम्मद अली शेख, सुहैल शेख, उर्रहमान लतीफ उर्रहमान, डा. तनवीर, मुअज्ज़म अता उर्रहमान शेख, माजिद शफी और साजिद मरगूब अंसारी को दी गई उम्रकैद की सजा को भी रद्द कर दिया गया। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति एएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति श्याम सी. चांदक शामिल थे, ने सुबह साढ़े नौ बजे यह फैसला सुनाया। अदालत ने अभियुक्तों से जबरन लिए गए इक़बाली बयान (कबूलनामे) को पूरी तरह खारिज कर दिया और उसे अवैध बताया। इसके अलावा, सरकारी गवाहों की गवाही को भी अदालत ने स्वीकार नहीं किया।



**हाईकोर्ट बोला- सरकारी वकील दोष साबित करने में नाकाम, ब्लास्ट में 189 लोग मारे गए थे**

**कोर्ट ने अविश्वसनीय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की**

> आतंकवाद का आरोप झेलने वाले लोगों के दिल से पूछिए कि उन्हें कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ता है और जहरीला मीडिया कैसे बड़ी-बड़ी डिबेट कर पूरे धर्म के खिलाफ जहर उगलता है। उसके परिजन, दोस्त और रिश्तेदार कितनी दुश्वारियों का सामना करते हैं, लेकिन सोमवार को जब बेगुनाह करार दिया गया तब कोई डिबेट नहीं है। चारों ओर सन्नाटा पसरा है, जबकि आज भी डिबेटे होनी चाहिए थी कि पुलिस ने नाहक लोगों फंसा रखा था। जब 19 सालों के बाद उन्हें न्याय मिला। ये 19 साल उन्होंने कैसे गुजारे यह सोचने भर से ही कंपन महसूस होती है, ऐसी डिबेट करने वाले क्या देश से माफी मांगेंगे।

### कोर्ट का फैसला न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस फैसले को न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत करार देते हुए कहा कि यह उन परिवारों के लिए बहुत बड़ा दिन है, जिनके बेटे 19 साल से झूठे आरोपों में जेल में सज़ा काट रहे थे।

हम इस दर्दनाक दौर की कल्पना भी नहीं कर सकते, जो इन बेगुनाहों और उनके परिवारों ने 19 साल तक गुजारा। यह जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल की एक ऐतिहासिक जीत है, जिन्होंने लगातार कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार 12 निर्दोषों को बाइज्जत रिहाई दिलाई, जिनमें 5 को फांसी और 7 को उम्रकैद हो चुकी थी। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमारे वकीलों ने दिन-रात मेहनत की और ऐसी ठोस दलीलें दीं कि



■ **कहा: बेगुनाहों को इंसाफ तो मिल गया, लेकिन जिन लोगों ने उनकी ज़िंदगी तबाह की उन्हें सज़ा दिए बिना इंसाफ अधूरा**

अभियोजन पक्ष का पूरा झूठ उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि यह फैसला एक बार फिर हमारे उस लंबे समय से उठाए जा रहे मुद्दे को साबित करता है कि मुस्लिम युवकों को आतंकवाद के झूठे -शेष पृष्ठ दो पर


## मानसून सत्र के पहले दिन नहीं चल पाई लोकसभा

### ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और पीएम मोदी जवाब दें।

इधर, सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा 4 बार स्थगित हुई। विपक्ष ने लोकसभा में पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा किया। विपक्षी दलों की मांग थी कि सरकार का प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर जवाब दें। इसके चलते लोकसभा 4 बार स्थगित हुई।



■ **सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा**

■ **लोकसभा में 16, राज्यसभा में नौ घंटे बहस होगी**

जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के संबंध में स्पीकर ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा गया। लोकसभा में 145 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। राज्यसभा से बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास हुआ। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैडिंग एक्ट की जगह लेगा।

## रामपुर तिराहा मामले में सुनवाई चार अगस्त को

**नैनीताल (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** नैनीताल हाईकोर्ट में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चर्चित रामपुर तिराहा मामले में न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष चार अगस्त (सोमवार) को सुनवाई होगी।

आंदोलनकारियों के अधिवक्ता रमन शाह ने बताया कि इस मामले में सात महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ था जबकि 17 अन्य को प्रताड़ित किया गया

■ **दो अक्टूबर1994 को पृथक राज्य की मांग करने वालों पर हुआ था अत्याचार**

था। मामले में मुख्य आरोपी मुजफ्फरनगर के तत्कालीन जिलाधिकारी अनंत कुमार सिंह तथा सात अन्य आरोपियों के मामले सीबीआई की ओर से मुजफ्फरनगर कोर्ट को स्थानांतरित कर दिए गए थे इनकी सुनवाई अभी तक लंबित है। राज्य आंदोलनकारियों की सुप्रीम कोर्ट में अपील पर मामला नैनीताल हाईकोर्ट स्थानांतरित कर दिया गया था। बता दें कि दो अक्टूबर 1994 को पृथक राज्य की मांग को लेकर प्रदर्शन के लिए दिल्ली जा रहे आंदोलनकारियों पर मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा में पुलिस की ओर से भारी अत्याचार किए गए।

### मुंबई में रनवे से उतरा एयर इंडिया का विमान

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को एयर इंडिया का एक विमान रनवे से उतर गया। हालांकि हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई2744 केरल के कोच्चि से मुंबई आई थी। मुंबई में भारी बारिश के दौरान लैंडिंग के समय विमान फिसलकर रनवे से उतर गया।

### वकीलों ने दी कानूनी सलाह, ईडी ने समन भेजा

## एजेंसी सारी हदें पार कर रही: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सारी हदें पार कर रहा है। एक वकील और मुवक्किल के बीच की बातचीत विशेष होती है। भले ही वह गलत हो। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। कुछ तो गाइडलाइन होनी चाहिए।

■ **कोर्ट ने कहा: इसकी गाइडलाइन बननी चाहिए**

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के उस एक्शन पर चिंता और नाराजगी जताई, जिसमें एजेंसी ने जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों की तरफ से पैरवी करने वाले वकीलों को समन दिया था। कोर्ट ने इस मामले में दिशा-निर्देश भी मांगे। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर ऐसी कार्रवाईयों से पड़ने वाले असर से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी।

## ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने देखी भारत की ताकत: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सामर्थ्य को देखा है और संसद का यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए गौरव और एक तरह से विजय उत्सव का मौका है।

श्री मोदी ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में संवाददाताओं के समक्ष अपने पारम्परिक संबोधन में पहलगाम



आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री के जाने तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र है। यह सत्र राष्ट्र के लिए एक अपने आप में विजयोत्सव का रूप है, और जब मैं कहता हूं कि ये सत्र राष्ट्र गौरव और विजयोत्सव का सत्र

■ **कहा: यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र**

है, तो सबसे पहले तो मैं पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा झंडा वहां लहराना, यह हर देशवासी के लिए गौरव के पल हैं। देश में विज्ञान तकनीक के प्रति, नवाचार के प्रति, नया उमंग और उत्साह भरने वाली यह सफल यात्रा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गए थे और 18 दिन वहां रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे। पूरी संसद लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदन, उस गौरव से एक स्वर से जुड़ेंगे, जिसका देशवासी अनुभव कर रहे हैं।इसका यशगान होगा, जो भारत को अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों पर पहुंचने वाले भावी कार्यक्रम हैं, उनके लिए प्रेरक बनेगा और प्रोत्साहक बनेगा।

## हिमाचल में लैंडस्लाइड पति-पत्नी की मौत

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में रविवार रात से भारी बारिश हो रही है। चंबा जिले की चड़ी पंचायत के सूताह गांव में पहाड़ी से घर पर बड़ा पत्थर गिरने से दंपति की मौत हो गई। इनकी 5 महीने पहले ही शादी हुई थी।

सोमवार को हिमाचल के 4 जिलों के 9 सब डिवीजन में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के रियासी

■ **वैष्णो देवी के पुराने रूट पर रियासी में भूस्खलन, एक की मौत, नौ घायल**

जिले में सोमवार सुबह वैष्णो देवी के पुराने रास्ते पर भूस्खलन हुआ, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई, 9 श्रद्धालु घायल हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद और प्रतापगढ़ में खुलेगा समेकित विद्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समावेशी शिक्षा को धरातल पर उतारते हुए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वर्तमान में प्रदेश के सात जिलों प्रयागराज, कन्नौज, औरैया, आजमगढ़, बलिया, महराजगंज और लखनऊ में ए समेकित विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। जबकि गाजियाबाद और प्रतापगढ़ में दो और समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय प्रस्तावित है। इन विद्यालयों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रशिक्षित शिक्षक, सहायक उपकरण, बैरियर-फी इंफ्रास्ट्रक्चर, ब्रेल व ऑडियो सामग्री और थैरेपी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, सामान्य विद्यार्थियों को भी समान गुणवत्ता की शिक्षा दी जाती है, जिससे समग्र विकास का वातावरण तैयार होता है।

### पांच सांसदों ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य सहित पांच सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वैश्य के अलावा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कणाद पुरकायस्थ, डा. मीनाक्षी जैन, सी. सदानदन मास्टर और हर्ष श्रृंगला ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। इनमें से तीन सदस्य हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत किए गए थे। सबसे पहले असम गण परिषद के नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य ने असमी में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वह राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# प्राइमरी स्कूलों के विलय मामले में हाईकोर्ट में अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में दो न्यायाधीशों की खंडपीठ में विशेष अपीलें दाखिल कर चुनौती दी गई है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष मंगलवार यानी 22 जुलाई को विशेष अपीलें सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। अपीकर्ताओं के अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि पहली विशेष अपील पांच बच्चों ने और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती सात जुलाई को दिए गए फैसले को रद्द करने का आग्रह किया गया है। इसके बाद मामले में दाखिल एक जनहित याचिका को भी खंडपीठ ने बीती 10 जुलाई को खारिज कर दिया था। बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली थी। एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीता. पुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था।

### मेडिकल में दाखिले को यूपी नीट यूजी का काउंसिलिंग पंजीकरण शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं डेंटल कॉलेजों में बीडीएस में नीट यूजी 2025 के जरिए दाखिले को लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभी पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके बावत चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा वेबसाइट पर काउंसिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी गई है। वही नीट यूजी 2024 की अंतिम चक्र की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने वाले कुल 78 अभ्यर्थी, नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग से डिबार कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने सोमवार को बताया कि समय सारणी में केवल पंजीकरण व धरोहर राशि जमा करने की तिथि दी गई है। जिसमें 28 जुलाई 2025 तक पंजीकरण कराने के साथ ही प्रपत्र अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) नई दिल्ली द्वारा ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग 21 जुलाई से शुरू हो रही है।

# समूचे उप्र में हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** देवादिदेव भगवान शिव के प्रिय श्रावण मास के दूसरे सोमवार को समूचे उत्तर प्रदेश में आस्था का समंदर हिलोरें मारता दिखाई पड़ा।

वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर और कानपुर समेत समूचे राज्य में तड़के से ही शिवालयों में भक्तों की चहल पहल शुरू हो गई थी। बेल पत्र, धतूरा, पुष्प, चंदन, दीप आदि से श्रद्धालु भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर रहे हैं। इस दौरान कांवड़ियों ने दूरस्थ क्षेत्रों से गंगा जल और अन्य पवित्र नदियों का जल लाकर अपने आराध्य का जलाभिषेक किया।

श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई देव स्थानों पर पुलिस बल के अलावा ड्रोन और सीसीटीवी की मदद ली जा रही है। वाराणसी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक और दर्शन के लिए तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग चुकी थीं। मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन और जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। 'हर हर महादेव' के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि पुष्प वर्षा के साथ कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। श्रृंगार आरती में भक्तों को देवाधिदेव महादेव गौरी- शंकर (शिव-पार्वती) स्वरूप के दर्शन प्राप्त होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में रेड कारपेट बिछाया गया है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें निगरानी कर रही हैं। नौकाओं का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। गाजियाबाद में दुग्धेश्वर महादेव मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई थीं वहीं लखनऊ में मनकामेश्वर और बुद्धेश्वर समेत अधिसंख्य शिवालय हर हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे।

# संसद में सर्वसमाज के हित में हो सार्थक चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बसपा प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र भी किया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने संसद के आज से शुरु हुए मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष से अपेक्षा की है कि महंगाई, गरीबी, बेरा. जगारी और भाषा विवाद जैसे सर्वसमाज से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस होगी।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा- संसद का आज से शुरू हो रहा बहुप्रतीक्षित सत्र, पिछले सत्रों की तरह देशहित व जनहित के अहम और अति-ज़रूरी मुद्दों पर उचित एवं समुचित बहस तथा किसी बेहतर परिणाम के बिना ही, सरकार और विपक्ष के बीच टकराव, आरोप- प्रत्यारोप, हंगामा तथा देश के करोड़ों ग़रीब व अन्य मेहनतकश बहुजनों के थोड़े 'अच्छे दिन' की ओर सही से आगे बढ़ने के भरोसे के बेग़ैर ज़्यादातर निराश करने वाला ना हो, इसकी सभी देशवासियों को चिन्ता स्वाभाविक। उन्होंने कहा कि वैसे भी देश के सामने ज़बरदस्त महंगाई, ग़रीबी व बेरोज़गारी, महिला असुरक्षा तथा खासकर क्षेत्र व भाषा आदि को लेकर बढ़ता आपसी विवाद व हिंसक टकराव आदि के जनहित की समस्याएं के साथ ही आन्तरिक व बाहरी/सीमा सुरक्षा जैसी देशहित के मुद्दे लोगों की सुख-शान्ति व समृद्धि के संघर्ष को प्रभावित कर रहे हैं, तथा इन मामलों पर सार्थक बहस के आधार पर आगे की दीर्घकालीन ठोस नीति व रणनीति बनाकर उन पर अमल के लिए संसद का सुचारू रूप से संचालन जनता ज़रूरी समझती है, ताकि देश विकास व लोग तरक्की के रास्ते पर सही/आसानी से चल सके, जिसमें ही देश के सर्वसमाज एवं बहुजनों का हित निहित है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार अगर विपक्ष के माध्यम से पूरे देश की जनता को विश्वास में लेकर आगे बढ़े, तो यह उचित होगा। वास्तव में सरकार और विपक्ष दोनों पार्टी हित से ऊपर उठकर इन मुद्दों पर एकता बनायें, यही देश के बहुजनों की चाहत है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, संसद के वर्तमान मानसून सत्र के दौरान पहलगाम नरसंहार के मामले में भारत के 'आपरेशन सिन्दूर' पर चर्चा के लिए सरकार को सकारात्मक होना चाहिए, तो यह बेहतर होगा, क्योंकि देश की जनता व सीमाओं की सुरक्षा अन्ततः सरकार का पूर्ण उत्तरदायित्व बनता है।

## पूर्वी पाक से विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमि स्वामित्व: योगी

# अफसरों को दिए ठोस कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीलीभीत, लखीमपुर व बिजनौर सहित कई जिलों में विस्थापित हैं परिवार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ-साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और भूमि आवंटन भी किया गया, लेकिन कानूनी और अभिलेखीय विसंगतियों के चलते अधिकांश को आज तक वैध भूमिधरी अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं।

### अब तक नहीं मिल सका वास्तविक कब्जा

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर सहित कई जिलों में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को वर्षों पूर्व बसाया गया था और उन्हें कृषि भूमि भी आवंटित की गई थी। समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियां, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी कई प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को अब तक विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। कुछ स्थानों पर अन्य राज्यों से आए विस्थापित भी बसाए गए हैं, जो आज भी भूमि स्वामित्व से वंचित हैं। अद्यतन स्थिति के अनुसार, एक ओर जहाँ कई गांवों में वर्षों से खेती कर रहे परिवारों ने भूमि पर स्थाई आवास बना लिए हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में उनके नाम आज भी दर्ज नहीं हैं। दूसरी ओर कुछ ग्रामों में वास्तव में आज भी उन परिवारों का कोई अस्तित्व नहीं है।



सेंसेक्स 82200.34
निफ्टी 25090.70



सोना रु. 98791
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 112760
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजारों में लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से सोमवार को सप्ताह के पहले दिन घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत चढ़ कर 82,200.34 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 0.49 फीसदी यानी 122.30 अंक की मजबूती के साथ 25,090.70 अंक पुनः 25000 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। अच्छे तिमाही परिणामों के दम पर बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी है। सेंसेक्स की कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 2.19 प्रतिशत लाभ में बंद हुआ। तिमाही परिणाम से पहले इटरनल के शेयरों में पांच फीसदी से अधिक का उछाल आया। आज के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा 3.29 प्रतिशत टूटा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट दर्ज की गई। विदेशों से मिले मिश्रित रुख के बीच शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स करीब 161 अंक की बढ़त के साथ 81,918.53 अंक पर खुला। हालांकि खुलने के तुरंत बाद कुछ समय के लिए बाजार में बिकवाली हावी रही और एक समय सेंसेक्स गिर कर 81,518.66 अंक तक कमजोर हो गया था। बाद में बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का दौर चलने से यह 82,274.03 अंक के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर लाभ में रहे। निफ्टी-50 भी 31 अंक से अधिक की तेजी में 24,999 अंक पर खुला और नीचे 24,882.30 अंक तथा ऊपर 25,111.40 अंक के दायरे में रहा। एनएसई के अपेक्षाकृत अधिक शेयरों पर आधारित सूचकांक भी हरे निशान में रहे। निफ्टी.100 में 0.48 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप.50 में 0.64 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 में 0.62 प्रतिशत की तेजी रही। वित्तीय सेवा सेक्टर में कुल मिला कर उछाल देखा गया। हालांकि सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में गिरावट रही लेकिन निजी बैंकों के सेक्टर का सूचकांक एक प्रतिशत के अधिक की तेजी में रहा। धातु, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और ऑटो जैसे सेक्टरों के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि तेल एवं गैस, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के शेयरों में गिरावट देखी गई। विदेशों में एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.21 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। इसके विपरीत हांगकांग के हैंगसेंग में 0.68 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### सोना और चांदी के दाम में बढ़त दिखी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 548 बढ़कर 98,791 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

चांदी की कीमत60 बढ़कर 1,12,760 प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,300 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 100,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850 थी।

### चावल, दालें महंगी, खाद्य तेलों में मिश्रित रुख

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू जिंस बाजारों में सोमवार को चावल, दालों और चीनी के दाम बढ़ गए। गेहूं और गुड़ में मंदी रही, जबकि खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकी आने से चावल की औसत कीमत 84 रुपए बढ़कर 3,802.93 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं चार रुपए से ज्यादा टूटकर 2,813.27 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 15 रुपए सस्ता हुआ और 3,270.77 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। मूंगफली तेल 192 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 22 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल भी 80 रुपए सस्ता हुआ। वनस्पति के दाम भी 165 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े। सूरजमुखी तेल में 102 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल लगभग 12 रुपए प्रति टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 132 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव 208 रुपए बढ़ गया। उड़द दाल 27 रुपए प्रति क्विंटल और मसूर दाल में 120 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग में भी करीब 121 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की तेजी दर्ज की गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 75 रुपए से ज्यादा गिर गए। चीनी करीब 44 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई है। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7844.8, मसूर काली 8052.84, मूंग दाल 10151.42, उड़द दाल 10531.58, अरहर दाल 11034.19 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2813.27 रुपए और चावल 3802.93 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4279.01 और गुड़ 4916.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17025.85 रुपए, मूंगफली तेल 17876.91 रुपए, सूरजमुखी तेल 15301.68 रुपए, सोया रिफाइंड 13705.79 रुपए, पाम ऑयल 12207.10 रुपए और वनस्पति तेल 14500.61 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जस्टिस वर्मा...**

जज हैं। वकील ने जवाब दिया कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें इतनी इज्जत देनी चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा कि प्लीज, कोर्ट को ऑर्डर मत दीजिए। साथ ही कोर्ट ने कैश बरामदगी मामले में वकील मैथ्यूज नेदुम्परा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

**19 साल बाद...** आरोपों में फंसा कर उनकी जिंदगी बर्बाद करना एक सोची-समझी साजिश है। यह न केवल निर्दोषों को जेल की सलाखों के पीछे डालता है, बल्कि एक पूरी क़ौम को बदनाम भी करता है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस और जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी और निर्दोषों की ज़िंदगियां यूं ही बर्बाद होती रहेंगी। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि मौजूदा राजनीतिक हालात में मुसलमान पुलिस और एजेंसियों के लिए आसान निशाना हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट और जमीयत उलमा-ए-हिंद के अधिवक्ता जस्टिस मुरलीधर ने टिप्पणी की कि इस केस की जांच जानबूझकर पक्षपातपूर्ण रखी गई थी। उनका कहना था कि जब जनता की भावनाएं भड़की हों, तो मीडिया ट्रायल के जरिये लोगों को गुनहगार साबित कर दिया जाता है और बाद में सबूत जुटाए जाते हैं। यह टिप्पणी हमारे देश की न्यायिक व्यवस्था की हकीकत को बयां करती है। मौलाना मदनी ने कहा कि कानून लागू करने वाले विभागों को मिली खुली छूट ने उन्हें बेलगाम बना दिया है, जिसका सबसे खराब उदाहरण यह मामला है। 19 साल की सज़ा के बाद रिहाई तो हो गई, लेकिन जिन लोगों ने यह साज़िश की, उन्हें कोई सज़ा नहीं मिली और न ही कोई पूछताछ हुई। उन्होंने कहा कि हम इस फैसले का दिल से स्वागत करते हैं, लेकिन जब तक जिम्मेदारों को सज़ा नहीं मिलती, यह इंसाफ अधूरा समझते है। मीडिया द्वारा मुसलमानों को निशाना बनाकर चलाया जाने वाला दुष्प्रचार अभियान इस देश के लोकतंत्र पर धब्बा है।

अदालत ने अपने फैसले में आदेश दिया कि यदि अभियुक्त किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। यहां तक कि कमाल अंसारी, जिनकी जेल में मृत्यु हो गई थी, उन्हें भी बाइज्जत बरी कर दिया गया। जब न्यायमूर्ति कुलकर्णी फैसला पढ़ रहे थे, तब फांसी की सज़ा पाए पांच अभियुक्त ऑनलाइन सुनवाई देख रहे थे। पहले उनके चेहरों पर मायूसी थी, लेकिन जैसे ही फैसला उनके पक्ष में आया, वे खुश हो गए और अदालत तथा अपने वकीलों का शुक्रिया अदा किया। सीनियर एडवोकेट योग मोहित चौधरी ने अदालत का धन्यवाद किया और कहा कि आज के फैसले से न्यायपालिका पर जनता का भरोसा बढ़ेगा और कानून की सर्वोच्चता बनी रहेगी। उन्होंने रक्षात्मक अधिवक्ताओं को बहस का पूरा मौका देने के लिए भी धन्यवाद दिया। चौधरी ने भावुक होकर कहा कि अगर इस मुकदमे को बारीकी से देखा जाए, तो साफ़ पता चलता है कि आरोपियों के खिलाफ झूठे सबूत गढ़े गए थे, जिसकी सोमवार को अदालत ने पुष्टि कर दी। जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल ने इस मुकदमे में देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं ली थीं जिनमें सीनियर एडवोकेट एस. नागामुथु (पूर्व न्यायाधीश मद्रास हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट मुरलीधर (पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट नित्या रामाकृष्णन (सुप्रीम कोर्ट), एडवोकेट योग मोहित चौधरी और कई अन्य वकील शामिल थे। इनकी मदद के लिए एडवोकेट अब्दुल वहाब खान, एडवोकेट शरीफ, एडवोकेट अंसार तंबोली, एडवोकेट गौरव भवानी, एडवोकेट आदित्य मेहता, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट अफ़ज़ल नवाज़, एडवोकेट बिलाल आदि को जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। विशेष मकोका अदालत के जज वाईडी शिंदे ने पहले एहतिशाम सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अता उर्रहमान, आसिफ बशीर और नवेद हुसैन को फांसी और 7 अन्य को उम्रकैद की सज़ा सुनाई थी, जबकि एक अभियुक्त अब्दुल वहाब को बाइज्जत बरी किया था। मुंबई की जीवनरेखा मानी जाने वाली लोकल ट्रेन की वेस्टर्न लाइन पर सिलसिलेवार धमाके हुए थे, जिसमें 189 लोगों की मौत और सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

# पहलगाम का सच बताओ गलती न छुपाओ: सपा

## मानसून सत्र के पहले दिन बोले अखिलेश

नई दिल्ली, वार्ता



सोमवार से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी के सांसद और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सांसद के साथ सदन में अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पहलगाम हमले को लेकर भी सरकार से सवाल पूछते हुए एक्स पर पोस्ट किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा नेताओं के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा कि पहलगाम का सच बतलाओ, अपनी गलती नहीं छुपाओ! पहलगाम में हुई जो चूक, ये गलती थी या थी भूल! विदेशी नीति में हुए फेल, साथ नहीं अब कोई देश

अखिलेश यादव ने कहा पहलगाम आतंकी हमले का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है। सभी विपक्षी दल चाहते हैं कि इस पर चर्चा हो। सरकार को बताना चाहिए कि क्या हुआ था और क्या यह खुफिया विफलता थी। प्रधानमंत्री और सरकार को विपक्ष की बात सुननी चाहिए और हम सुनेंगे कि सरकार को क्या कहना होगा। सरकार को इस पर छिपना नहीं रहना चाहिए। सभी विपक्ष के लोग चाहते हैं कि इस पर बहस हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रास्ते में चारपाई बिछाने पर हुई बहस और सुनील पर दाग दी गोली

## 15 जुलाई को मोहल्ला तिहाई में घर के बाहर बैठे सुनील की हत्या का मामला

■ पुलिस मुठभेड़ में घायल एक हत्यारे के बयान से सच्चाई का हुआ खुलासा

■ देर रात मवाना पुलिस के साथ हुई थी मुठभेड़



शाह टाइम्स संवाददाता

**मवाना।** मोहल्ला तिहाई में हुई सुनील की हत्या के मामले में चार लोग शामिल थे। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए एक हत्यारे को मुठभेड़ में घायल कर दिया। उसके बयानों के आधार पर पुलिस को जानकारी हुई के घटना में अभी तीन लोग और शामिल हैं। यह भी खुलासा हुआ कि रास्ते में चारपाई बिछाने को लेकर आरोपियों की सुनील से बहस हुई थी, बस इसी बात को लेकर सुनील को गोली मार दी। इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि कूड़ी कमालपुर झाल से मवाना नगर में आने वाले रास्ते पर हत्यारोपी कैफ पुत्र जाकिर निवासी ऊंट वाली गली मोहल्ला मुन्नालाल से उनकी मुठभेड़ हो गई, जिसमें कैफ के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली। कैफ ने पुलिस को बताया कि उसके साथ घटना में सुहैल उर्फ डेविल पुत्र जोंटी निवासी डाकघर वाली गली, असद उर्फ बल्लू पुत्र रियासत, आन उर्फ कुमैल जैदी पुत्र अशरफ निवासी होली चौक मवाना भी शामिल थे।

### अज्ञात में हुआ था मुकदमा दर्ज

इस मामले में सुनील की पत्नी ने अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कराया था। बाद में उपचार के दौरान सुनील की मौत हो गई थी। उसके बाद मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम कर दिया गया था।

पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली। मुठभेड़ के बाद दबोचे गए कैफ ने पुलिस को बताया कि जब वे बाइक से उस गली से गुजर रहे थे तो रास्ते में सुनील चारपाई पर बैठा हुआ था। रास्ते में चारपाई बिछाने को लेकर उनकी सुनील से बहस हो गई, जिस पर उन्होंने सुनील को गोली मार दी।

## 29 को विकास भवन सभागार में होगी जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र मेरठ दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक का आयोजन 29 जुलाई को विकास भवन सभागार में सांय चार बजे किया जायेगा।

उन्होंने समिति के सम्मानित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार चर्चा, निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा, निवेशको की समस्या समाधान तथा अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरण कृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणो के साथ फीडबैक एवं ग्रीवेंस की भी समीक्षा की जायेगी। अतः निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाले विभाग लंबित प्रकरणो का निस्तारण करें।

# शिव की भक्ति में डूबे कांवड़िए बोल बम के जयकारों के साथ बढ़ रहे हैं शिवालयों की ओर

■ हाईवे पर दूर-दूर तक का कांवड़ियों का ही दिख रहा है सैलाब





शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** पिछले कुछ दिनों से हरिद्वार से मेरठ तक हाईवे पर भगवा रंग मे रंगे कांवड़िये ही कावड़िये नजर आ रहे है। कांधे पर पवित्र कांवड़ और बोले बम, जय भोले के उदघोष से वातावरण पुर्णतः शिवमय हो रहा है। छोटे-बड़े बुजुर्ग व महिलाये सब धीरे धीरे अपने गंतव्य स्थान पर चले जा रहे हैं इन्हें न पैरों के छाले रोक पा रहे हैं और न चुभती गर्मी। इस वर्ष अत्यधिक बारिश न होने के कारण शिव भक्तो की कड़ी परीक्षा हो रही है हरिद्वार से लेकर मेरठ तक की ही बात करें तो पूरे रास्ते में कांवड़ियों को बहुत कम बारिश मिल रही है। जिसके कारण गर्मी से सड़के गर्म हो रही है और कांवड़ियों के पैरों में छाले पड़ रहे हैं। तेज गर्मी व पैरो में पड़े छाले कांवड़ियों को रोकने का प्रयास तो कर रहे है परन्तु शिव की भक्ति मे डूबे कांवड़िये अपने अराध्य शिव के जयकारो के साथ अपनी मंजिल की तरफ बढ़ते ही जा रहे है। इतना ही नहीं साथी कांवड़िये जब अपने साथी कांवड़िए को पैरो के छालो के कारण लंगड़ाकर चलते देखते है तो उसका उत्साह व हौसला यह कहते हुये बढ़ाते है कि–कांवड़िये की क्या पहचान, लाल लंगोटी और टेड़ी चाल, भोले तेरी जय जय कार। यह उदघोष कांवड़िये के अन्दर पुनः जोश भर देता है और वह अपनी पीड़ा भूल अति उत्साह से आगे बढ़ता रहता है और जैसे-जैसे शिवभक्त कांवड़िया अपने गंतव्य स्थान के समीप आता जाता है उसकी थकान अपने आप ही दूर होती जाती है।

एक तरफ शिवभक्त कांवड़िया जहां पैदल कांधे पर कांवड़ उठाएं पैदल यात्रा करता है वहीं कांवड़ियों के परिवार वाले भी जब तक शिवभक्त कांवड़िया शिवालय में जल नहीं चढ़ा देता जब तक कुछ नियमों से बंधे रहते हैं। गांव के बुजुर्गो के अनुसार जिस परिवार का सदस्य कांवड़ लेने जाता है उस घर में न तो सब्जी में छोंका लगना चाहिये न ही सब्जी इत्यादि काटने के लिए चाकू आदि का प्रयोग करना चाहिये, कपड़े नही सिलने चाहिये, तवे पर रोटी नही फूलानी चाहिये, बाल इत्यादि नही काटने चाहिये, किसी को भी डंडे इत्यादि से नही पीटना चाहिये अर्थात परिवार के सदस्यो को इस दौरान बिल्कुल सादा जीवन बिताना चाहिये। आज के युग ने जहां विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली फिर भी कांवड़ यात्रा में आज भी बड़े बुजुर्गो की बातो को ही मान अधिकांशो घरो में उनके बताये हुये सभी नियम अपनाये जाते है, अर्थात आज भी विज्ञान पर आस्था ही भारी है।

## डीएम व एसएसपी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा द्वारा परता. पुर कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय भ्रमण करते हुए उन्होंने समस्त व्यवस्थाओं को देखा तथा डयूटी पर तैनात संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

## महिलाओं के अधिकार विषय पर हुआ कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान 2025-2026 के अनुसार जिला कारागार मेरठ में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम में उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया तथा कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न के सम्बन्ध में जो अधिकार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महिलाओं को प्रदत्त किये गये है।

# बुलडोजर पर चढ़कर कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा




शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** हरिद्वार से शिव भक्त कांवड़िया जल लेकर आ रहे हैं दौराला मंडल में पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने कांवड़ियों पर बुलडोजर पर चढ़कर पुष्प वर्षा की सभी शिव भक्त कांवड़ियों का स्वागत किया बुलडोजर पर खड़े होकर 2 घंटे 51 किलो पुष्प वर्षा की हाइवे से गुजर रहे शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की। इसके बाद शिवभक्तों को ठंडा वितरित किया गया। इस मौके पर भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र सिंह, रवि पूनिया, प्रमोद चौहान, अश्वनी चौधरी, सिद्धांत जैन, सुनीता रस्तोगी, प्रताप चौधरी, संदीप विहान, अजय विहान, राहुल ठेकेदार, अमित मलिक, मनोज अहलावत, अमित गुप्ता, नवनीत खरे, प्रणव चौरसिया, विपिन सरसावा, अवनीश अहलावत, प्रवीण धनकड़, शौकेंद्र डागर आदि मौजूद रहे।

## भाईचारे की दी मिसाल

# हरिद्वार से लौट रहे शिवभक्तों की सेवा में मुस्लिम समाज भी आया आगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सावन का पवित्र महीना चल रहा है, हर कोई भगवान शिव की आराधना में जुटा हुआ है. ऐसे में शिव भक्तों की सेवा में मुस्लिम समाज के लोग भी जुट गए हैं। मुस्लिम समाज के लोगों ने शिव भक्तों के लिए कैंप की व्यवस्था की और फ्रूट व ठंडे का वितरण किया।

बता दें सावन के महीने में हरिद्वार से जल उठा कर ज्यादातर शिव भक्त एनएच 58 से गुजरते हैं जहां शिव भक्तों की सेवा के लिए मुस्लिम समाज भी आगे आया है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वकील सैफी ने बताया कि हम हर वर्ष इसी तरीके से शिव भक्तों की सेवा करते हैं क्योंकि यह हरिद्वार से पदयात्रा करते हुए अपने गंतव्य की ओर जाते हैं तो ऐसे में उनकी सेवा करने से हमें बहुत ही खुशी मिलती है उन्होंने कहा हिंदू मुस्लिम के नाम पर राजनीतिक करने वाले छुटमुट नेताओं के लिए यह एक संदेश है कि हम मुस्लिम लोग भाईचारा और एकता के साथ शिव भक्तों की सेवा करते हैं हमारे मन में कोई कपट नहीं है।



## मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**हस्तिनापुर।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भी मंदिरो में श्रद्धालुओ की काफी भीड़ रही। नगर के प्राचीन पांडेश्वर मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक व पूजा अर्चना के श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। महाभारत कालीन प्राचीन पांडेश्वर मंदिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर की मान्यता है कि इस पौराणिक मंदिर में पांडवो ने भी अपनी विजय के लिए पूजा अर्चना की थी। इसलिए इस मंदिर में पूजा अर्चना करने से सभी की मन्नत पूर्ण होती है तथा परिवार मे सुख समृद्धि का वास रहता है। इसके अलावा कर्ण मंदिर में भी पहुंचकर श्रद्धालुओं में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिर के महंत शंकर देव ने बताया कि शिवरात्रि को काफी कांवड़ियां व श्रद्धालु मंदिर में जलाभिषेक करते है।

# कांवड़ियों की सेवा में जुटे गंगा ढाबा संचालक विपिन खटाना

■ उपज पत्रकार संगठन के पदाधिकारियों ने किया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** सेवा परमो धर्मः यह सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसी भावना को साकार कर रहे हैं किठौर के गंगा ढाबा संचालक विपिन खटाना, जो इन दिनों कांवड़ यात्रा के दौरान दिन-रात शिवभक्तों और प्रशासनिक अधिकारियों की सेवा में समर्पित हैं।

विपिन खटाना दिन में कांवड़ शिविरों में जाकर शिवभक्तों की सेवा करते हैं और रात में प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के लिए भोजन की निःशुल्क व्यवस्था करते हैं। खास बात यह है कि वे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी से इस सेवा के बदले कोई धन नहीं लेते। उनकी निस्वार्थ सेवा भावना को देखते हुए उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स उपज संगठन ने उन्हें सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया है। विपिन खटाना ने बताया, इतनी भीषण गर्मी में जब आम व्यक्ति घर से निकलने से भी कतराता है, तब भोलेनाथ के भक्त हरिद्वार, गौमुख और ब्रजघाट से जल लेकर नंगे पैर तपती सड़कों पर चलकर शिवालयों की ओर बढ़ते हैं। ऐसे में उनकी सेवा कर मन को एक अलौकिक संतोष मिलता है। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसी मौके पर भारतीय किसान यूनियन के युवा उपाध्यक्ष, मेरठ मंडल के देव हसनपुर कला ने भी कहा कि, भोलेनाथ के भक्तों की सेवा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। वे जिस मनोक. ामना से जल ला रहे हैं, भगवान भोलेनाथ उनकी सारी इच्छाएं पूर्ण करें। देव खटाना ने भी शिवभक्तों के प्रति आस्था जताते हुए कहा, इतनी तपस्या और श्रम से जल ला रहे भक्तों को सेवा देना वास्तव में पुण्य का कार्य है। कांवड़ यात्रा के इस पावन अवसर पर जिस तरह से विपिन खटाना और उनके सहयोगी मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं, वह समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य ने किया शिव भक्तों को प्रसाद वितरित



शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों का आगमन तेजी से बढ़ रहा है और अपनी मंजिल के बहुत करीब हैं और शिव भक्तों की सेवा करने के लिए कोई भी मौका नहीं छोड़ रहा है सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य उत्तम चौधरी ने चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर जानी नहर पुल पर शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया और उनकी सेवा की। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करना हमारा कर्तव्य के साथ-साथ हमारा धर्म भी है। कांवड़ियों की सेवा करने का मौका बार-बार नहीं मिलता।

वहीं जिला पंचायत सदस्य अतुल पूनिया ने और एलटीआर कॉलेज चेयरमैन अनील गुप्ता ने भी कांवड़ियों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर प्रमोद चिकारा, रोहित चिकारा आदि मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में तीन को भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** पत्थर लगाने के बहाने बुलाकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। वहीं मृतक के चचेरे भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।



ग्राम सिधावली थाना कंकरखेड़ा निवासी आसमौहम्मद व मोहसिन को पड़ित जी के नाम से फोन करके शुक्रवार को परीक्षितगढ़ की नागर कालौनी में पत्थर लगवाने के बहाने बुलाया था, जहा ग्राम गेसुपुर निवासी रिहान आतिफ व साबिर मिले थे जिन्होने उक्त दोनो युवकों को नशीला पदार्थ पिलाकर मो. हसिन को जगल में फेक दिया था। वहीं आसमौहम्मद की गला घोटकर हत्या कर आसिफाबाद सहर से हाल दिया था मोहसिन ने किसी तरह बंधनमुक्त होकर पुलिस की इसकी सूचना दी थी उसी के आधार पर पुलिस ने रिहान आसिफ व साबिर को पकड़ लिया तथा सख्ती के साथ पूछताछ कर उनकी निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया था। मृतक आशू के चचेरे भाई नफीस ने उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने बताया कि आस मौहम्मद ने मेनापूठी निवासी जान मोहम्मद से अपनी विवाह की शादी करने के लिए लड़का बताने की बात कहते हुए बताया था कि वह बीस लाख रूपये खर्च करेगा। यही बात जान मौहम्मद ने अपने गांव के ही जाकिर को बताई तथा उक्त सभी लोगों ने रुपये वसूलने के लिए प्लान तैयार कर किसी पंडित जी नाम के सिम से फोन कर पत्थर लगवाने की बात कहकर परीक्षितगढ़ की नागर कालोनी में बुला लिया था। जहां सभी लोगों ने आसमौहम्मद से पैसो की मांग की मगर उसके खातो में मात्र 13 सौ रुपये ही थे। इससे खफा लोगो ने उसकी हत्या करने की प्लान तैयार कर ली तथा दोनो को नशीला पदार्थ पिलाकर दो बाइको से आसिफाबाद की तरफ ले गये जहा मोहसिन को खेत में फेक दिया तथा आसमौहम्मद की गला घोटकर हत्या कर शव नहर मे फेक दिया था। पुलिस ने गोताखोरो की मदद से शव बरामद कर लिया था वहीं सोमवार को तीनो आरोपियो को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। वहीं जानमौहम्मद जाकिर व पंडित की तलाश को दबिश दी जा रही है। एसओ ने बताया कि पडित जी नाम से सिम था उसकी पहचान इन आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही हो सकेगी, फिलहाल पंडित जी का नाम रिपोर्ट में दर्ज किया गया है।

## जबरन अवैध रास्ता बनाने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** कस्बा शाहजहांपुर में निजी कृषि भूमि पर जबरन अवैध रास्ता बनाने की कोशिश अब आरो. पियों पर भारी पड़ गई। भूमि स्वामियों की शिकायत पर किठौर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शाहजहांपुर कस्बा स्थित खसरा संख्या 890, 911 एवं 912 की कृषि भूमि तबारक उल्ला खां व उनके परिजनों के स्वामित्व में है, जो पूरी तरह निजी भूमि है।

इस भूमि के दक्षिण दिशा में वक्फ की भूमि खसरा संख्या 914 और 915 मौजूद है। दोनों भूखंडों के मध्य किसी भी प्रकार का वैधानिक या सार्वजनिक रास्ता नहीं है, जिसकी पुष्टि पूर्व में राजस्व व तहसील प्रशासन की जांचों में भी हो चुका है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र के कुछ दबंग किस्म के लोग लंबे समय से दबंगई दिखाकर उनकी निजी भूमि पर जबरन रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे थे। इस संबंध में उन्होंने पहले भी उप जिलाधिकारी व थाना किठौर पुलिस को कई बार शिकायत की थी। तहसील प्रशासन की जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया कि उक्त स्थान पर कोई वैध मार्ग नहीं है और रास्ता बनाने की कोशिश पूरी तरह अवैध है। घटना रविवार रात की है, जब नूर मोहम्मद पुत्र इस्लाम, हबीबु पुत्र कलीम व मंसूर खान पुत्र माजिद खान नामक व्यक्तियों ने जबरन कृषि भूमि पर मिट्टी डालकर रास्ता निर्माण का प्रयास किया। इस दौरान जब वादी असफर उल्ला खान ने मौके पर इसका विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

## चेयरपर्सन व अधिशासी अधिकारी ने कांवड़ शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**लावड़।** कस्बे में सोमवार को दौराला मसूरी मार्ग पर एचपी पेट्रोल पंप के निकट लावड़ नगर पंचायत द्वारा कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें हिन्दू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए चेयर पर्सन हज्जन आफताब व अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने फीता काट कर शुभारंभ किया। चेयरपर्सन ने बताया कि इस बार इस शिविर के साथ- साथ कस्बे के मंदिरों में भी तीन दिन तक नॉन स्टाप भंडारा चलता रहेगा जिसकी पूरी व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा की गई है। वहीं अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शिविर व मंदिर में चल रहे भंडारे में नगर पंचायत के सभी सभासदों व कर्मचारियों का भी पूर्ण रूप से सहयोग मिल रहा है। इस दौरान चेयर पर्सन पति हाजी शकील कुरैशी, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार, सभासद यादराम जाटव, सभासद आसिफ अंसारी, सभासद आजाद अंसारी, मनोज जाटव, शाहिद इस्लाम, अंकित शर्मा, शाहबाज कुरेशी, मनोहर सैनी, मनोज गोयल, पिंटू सैनी, हाजी यामीन आदि लोग मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली

शाह टाइम्स संवाददाता

**लावड़।** सोमवार को पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर उस समय फायरिंग की गई जब वह कांवड़ सेवा शिविर में भोजन कर रहा था। बताया जाता है कि आरोपी युवक ने तीन राउंड फायर किए जिसमें एक गोली युवक की जांघ में लग गई। वहां मौजूद लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद लावड़ चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए मेरठ के जसवंत राय हॉस्पिटल भेजा जहां युवक का उपचार चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सतेंद्र पुत्र रणवीर निवासी ग्राम सैनी थाना इंचौली सोमवार की शाम को लावड़ कस्बे में जलालपुर रोड पर रजवाहे के निकट लगे कांवड़ सेवा शिविर में भोजन कर रहा था बताया जाता है कि जयदीप पुत्र अशोक निवासी ग्राम सैनी भी उसी शिविर में भोजन कर रहा था इस दौरान दोनों में एक दूसरे को देखते ही कहासुनी हो गई तभी जयदीप ने तमंचा निकालकर सतेंद्र पर तीन राउंड फायर कर दिए। जिसमें से एक गोली सतेंद्र की जांघ में लग गई और वो लहूलुहान होकर गिर गया तभी मौका पाकर आरोपी युवक फरार हो गया। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। जिसके बाद लावड़ चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और घायल युवक को राहगीरों की मदद से जसवंतराय हॉस्पिटल भेजा। वहीं बताया जा रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है बीते वर्ष 2024 में सतेंद्र ने जयदीप पक्ष के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा इंचौली थाने पर दर्ज कराया था। इसी रंजिश में सोमवार को फिर से सतेंद्र पर फायरिंग की गई है। वहीं लावड़ चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभी घटना के संबंध में तहरीर नहीं मिली है।

# कसेरूखेड़ा कांवड़ संघ शिविर लगाकर भोलों की कर रहा है सेवा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शिवरात्रि का पर्व जैसे जैसे करीब आ रहा है वैसे वैसे ही कांवड़ियों का जनसैलाब सड़कों पर शिव बारात के रूप में उमड़ रहा है नेशनल हाईवे 58 पर दूर-दूर तक डीजे पर भजनों की मधुर धुन पर नाचते गाते हुए शिवभक्त कावड़िए ही कांवड़िए नजर आ रहे हैं। इन शिवभक्त कावड़ियों की सफल यात्रा के लिए जहां एक तरफ प्रशासन ने कमर कस रखी है वहीं दूसरी तरफ शिव भक्त समाजसेवी भी कांवड़ियों के लिए जगह-जगह पर शिविर लगाकर थके हुए भोलो की सेवा कर रहे हैं। इन शिविरों में शिवभक्त कांवरियों को रहने, खाने की सेवा प्रदान की जाती है और पवित्र कांवड़ झूलाने के लिए भी उचित व्यवस्था शिविर संचालकों के द्वारा की जाती है। रुड़की रोड पर सोफीपुर के पास कसेरू खेड़ा कांवड़ संघ ने भी शिव शक्ति कांवड़ सेवा शिविर लगा रखा है जहां हरिद्वार से आए शिव भक्त श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जा रहा है एवं थके हुए शिव भक्तों के लिए विश्राम की भी सुविधा यहां पर देखने को मिल रही है।

शिविर के मुख्य संचालक जियालाल लोधी का कहना है कि यह शिविर बीते 19 जुलाई से 24 घंटे चल रहा है और 23 जुलाई तक शिविर में शिव भक्तों की सेवा कार्य चलता रहेगा। जियालाल ने बताया कि हमारी कोशिश रहती है कि शिवभक्त भोलो को उत्तम व स्वादिष्ट भोजन मिले हम प्रतिदिन शिवभक्त कांवड़ियों के लिए अलग-अलग व्यंजन बनाते हैं जैसे ब्रेड पकोड़ा, समोसा, दूध, ठंडाई, हलवा खीर पूरी तैयारी इत्यादि। धीरज पासी ने बताया कि शिविर में भोलो के ठहरने की उचित व्यवस्था की गई है और शिव भक्त भोलो के नहाने का भी प्रबंध शिविर में किया गया है। सुनील पाल ने बताया कि शिव शक्ति, कसेरू खेड़ा कांवड़ संघ पिछले कई दशकों से भोलो की सेवा कर रहा है और जब तक हम पर महादेव का आशीर्वाद बना रहेगा हम निस्वार्थ भाव से शिव भक्त भोलो की सेवा करते रहेंगे। शि. विर के संचालकों में मुख्य रूप अरूण पासी, अतुल पासी, मनोज यादव, नरेंद्र कुमार, धीरज लोधी, दीपांकर कोरी, सुनील पाल, छोटे लाल, मुन्ना लाल, पुनित, सुधीर कुमार, राहुल लोधी आदि रहे।

# देखती रही सरधना पुलिस गंगनहर में बह गए चार शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सोमवार को गंगनहर में बहरकर आए शवों को पुलिस ने निकालने की जहमत नहीं उठाई। पुलिस ने पहले अटेरना पुल से शवों को बहाया उसके बाद सरधना व नानू पुल से भी उन्हें आगे सरका दिया गया। मामला मीडिया में आया तो थाना प्रभारी ने खानापूर्ति के लिए नहर में गौताखोर को कुदाया और कोई शव न मिलने की बात कही। पुलिस की इस कार्यशैली को लेकर लोगों में रोष है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि कांवड़ यात्रा के चलते गंगनहर पटरी पर शिवभक्तों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। सोमवार को भी लोग अटेरना पुल पर मौजूद थे। इसी बीच उनकी नजर नहर में पड़ी। जिसमें चार शव बहकर आ रहे थे। शव देख लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। कुछ देर बाद थाना प्रभारी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, लेकिन शवों को बाहर निकालने के बजाय केवल भीड़ हटाकर लौट गए। बाद में अटेरना चौकी प्रभारी ने भी लोगों को वहां से भगा दिया। जिन लोगों ने मोबाइल में फोटो व वीडियो लिए उनसे मोबा. इल लेकर फोटो डिलीट कर दिए। पुलिस की इस कार्यशैली से लोगों में रोष फैल गया। उसके बाद शव सरधना पुलिस चौकी व नानू पुलिस चौकी की तरफ बहकर आए तो उन्हें भी यहां से आगे बहा दिए गए।



## कांवड़ियों का सामान देने जा रहे युवक की मौत

**जानी खुर्द।** मेरठ बागपत रोड स्थित नया गांव के सामने डाक कांवड़ लेकर गए शिव भक्तों का सामान लेकर जा रहे युवकों की कार ट्रैक्टर ट्रॉली में जा घुसी जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई और उसमे बैठे दो अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। बलेनी गांव के कुछ ग्रामीण रविवार की शाम हरिद्वार से डाक कांवड़ लेने गए थे उनका कुछ सामान घर पर ही रह गया था। रविवार की रात करीब दो बजे संदीप पुत्र सुरेंद्र अपने साथी लकी व मुकेश के साथ उनका सामान देने जा रहे थे। जैसे ही वह बागपत रोड पर पहुंचे तो सामने से आ रही एक ट्रैक्टर टोली में उनकी कार जा घुसी जहां चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

## जलालपुर गांव में भी दिखाई दिया ड्रोन, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** रात के समय ड्रोन उड़ने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार की रात भी क्षेत्र के जलालपुर गांव के उपर ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया, परंतु ड्रोन गंगा के उस पार चला गया।

भद्रकाली चौकी प्रभारी पुनीत पांडेय ने बताया कि रात को लगभग ग्यारह बजे उन्हे जलालपुर गांव के लोगों ने ड्रोन उड़ने की सूचना दी। जिस पर वह तुरंत जलालपुर गांव पहुंचे तो वहां एक ड्रोन आसमान में उड़ता हुआ दिखाई दिया। काफी दूर तक उसे चलाने वाली की तलाश मे कॉम्बिंग की, परंतु सफलता हाथ नहीं लगी। लगभग एक घंटे बाद ड्रोन गंगा को पार करता हुआ दूसरी ओर चला गया। पुलिस का मानना है कि ड्रोन को उड़ाने वाला व्यक्ति गंगा के उस पार से कंट्रोल कर रहा है। रोजाना क्षेत्र के गांवों में ड्रोन दिखाई देने लोगों में दहशत का माहौल है तथा लोग जागकर रात काट रहे हैं। उन्हें भय है कि कहीं कोई अनहोनी न घटित हो जाए। क्योंकि शनिवार की रात को सिरजेपरु व हंसापुर गांव मे भी तीन ड्रोन आसमान मे उड़ते हुए दिखाई दिए है। पुलिस को संदेह है कि गंगा किनारे के गांवों मे ही ड्रोन दिखाई दे रहे हैं जो गंगा के उस पार से संचालित किए जा रहे हैं। रात भी ड्रोन गंगा के ऊपर से होता हुआ दूसरी ओर जाता हुआ दिखाई दे रहा था।



# कांवड़ शिविरों में हो रही शिवभक्तों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए जगह जगह शिविर लग गए हैं। शिविरों में कांवड़ियों की हर तरह से सेवा की जा रही है। परीक्षितगढ़ मवाना किठौर मागे सहित मध्य गंग नहर अनूपशहर शाखा की पटरी पर भी काफी शिविर लगाये गये है। नगर के संयुक्त व्यापार मंडल के तत्वाधान में व्यापारियों ने मध्य गंग नहर की पटरी आलमगिरपुर के पुल से मवाना के पुल तक लगे शिविरों से भोली की दवाई व प्रसाद वितरित कर उनकी सेवा की। इस मौके पर महामंत्री शुभम वशिष्ठ, मंत्री राकेश सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद रस्तोगी, विशाल गोयल, डा. शमसुद्दीन, डॉ. जाकिर आदि मौजूद रहे। वहीं बुलंदशर से कावड़ियां अपने मां बाप को बैठाकर ला रहे है जिनकी सभी सराहना करते हुए सेवा कर रहे है। आसिफाबाद नहर पुल पर अगवानपुर निवासी अरुण कोशिक व विकास शर्मा के नेतृत्व में शिविर लगा हुआ है वहीं रेग्यूलेटर पर परीक्षितगढ़ निवासी विक्की त्यागी, संजय शर्मा आदि भक्तों की सेवा कर रहे है। पूठी पुल के पास मां पूठी वाली के महंत स्वामी जी के नेतृत्व में शिविर लगा है वहीं पूठी निवासी सोनी परिवार, ग्रामीणों द्वारा भंडारा लगाया हुआ है।



# सेवा शिविर में ईओ नीतू सिंह ने कांवड़ियों को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के खतौली मार्ग मोहल्ला सैनियान स्थिति 18 वर्षों से अपने निजी धन से खर्च करके कांवड़ सेवा शिविर लगाने वाले मेघराज सैनी के द्वारा आयोजित शिविर का उद्घाटन समारोह में सोमवार को कस्बा शिकारपुर बुलंदशहर की नगर पालिका से अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने दरबार में दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना करते हुए शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। समिति की कार्यकर्ता रितिका सैनी ने नीतू सिंह को फूल माला व तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके उपरांत नीतू सिंह ने हरिद्वार से कांवड़ से गंगा जल लेकर आए 16 महीने के कृष्णा पुत्र मोहन कुमार निवासी अहमदपुर बढला को फूल माला व शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजनकर्ता समिति व संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने नीतू सिंह को पटका पहनाते हुए शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा व्यक्त करना है। कांवड़ यात्रा, जिसे कांवरिया यात्रा भी कहा जाता है, एक धार्मिक जुलूस है जिसमें भक्त पवित्र गंगा जल को कांवड़ में भरकर, अपने कंधों पर उठाकर, शिव मंदिरों में ले जाते हैं और शिवलिंग पर-अपनी चढ़ाते हैं। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है और इस दौरान कांवड़ यात्रा करके भक्त भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और समर्पण व्यक्त करते हैं। गंगाजल को पवित्र माना जाता है, और इसे भगवान शिव पर चढ़ाने से भक्तों के पापों का नाश होता है और उन्हें सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाई थी। यह सेवा और भक्ति का एक उदाहरण है, जो आज भी कांवड़ यात्रा की भावना को प्रेरित करता है।

कांवड़ यात्रा एक कठिन तपस्या और साधना है, जिसमें भक्त नंगे पैर सैकड़ों किलोमीटर चलते हैं और कांवड़ का भार उठाते हैं। इस मौके पर संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष अश्वनी बिश्नोई, व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल उर्फ पप्पू सैनी, अजयशर्मा, पूर्व सभासद रविदत सैनी, आयोजनकर्ता राहुल सैनी, आचार्य बृजमोहन बिश्नोई, योगिंदर कुमार, मनोज जाटव, देशराज, पिंटू , दक्ष कुमार, राकेश, मानसिंह सैनी, नवनीत, पीतम मास्टर, भारतभूषण आदि शामिल रहे हैं।



## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले पर पुलिस महरबान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी पर सरधना पुलिस पूरी तरह से मेहरबान है। पीड़िता के तहरीर देने के बाद भी आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता न्याय की गुहार लेकर थाने के चक्कर काट रही है। सोमवार को भी पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उसे आश्वासन देकर चलता कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व किशोरी अपने घर में अकेली थी। उसकी मां जंगल में कार्य करने गई थी। इसी बीच गांव का ही एक शराबी युवक उसके घर में घुस आया। उसने आते ही उसके साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और किसी से घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने आकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि पुलिस ने उसे वहां से कार्रवाई का आश्वासन देकर चलता कर दिया। पीड़िता की मां ने बताया कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपी गांव में घूम रहा है और उन्हें धमकियां दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस पर आरोपी से सांठ गांठ करने का आरोप भी लगाया हे। पीड़िता ने सोमवार को एक बार फिर थाने आकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

## गेट द रिच लुक के जरिए असली जिंदगी की कहानियों को किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेलनेस कैटेगरी की अग्रणी कंपनी सिप्ला हेल्थ ने अपने ब्यूटी और पर्सनल केयर ब्रांड एस्टाबेरी के नवीनतम कैंपेन 'गेट द रिच लुक' की घोषणा की है। सिप्ला हेल्थ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ शिवम पुरी ने कहा, सिप्ला हेल्थ में हमारा उद्देश्य ऐसे समाधान प्रदान करना है जो प्रभावी हों, सुलभ हों और उपभोक्ताओं की जिंदगी में आसानी से समा जाए। यह कैंपेन उपभोक्ताओं की वास्तविक सोच से गहराई से जुड़ा है और उस सहज आत्मविश्वास को नए अंदाज में सामने लाता है, जो स्वाभाविक रूप से दमकती त्वचा के साथ आता है। एस्टाबेरी हमेशा से नेचर-पावर्ड स्किनकेयर का प्रतीक रहा है, जो भरोसेमंद, किफायती है और हर स्किन टाइप के लिए डिजाइन किया गया है। एस्टाबेरी, जिसकी 16 से अधिक वर्षों की विरासत है, 10 से ज्यादा कैटेगरीज और 250 से अधिक प्रोडक्ट्स के साथ एक व्यापक स्किनकेयर पोर्टफोलियो पेश करता है।

# सड़क पर बाइक फिसलने से सरधना थाने का दरोगा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सोमवार सुबह दौराला रोड गंगनहर पुल पर कांवड़ ड्यूटी करने जा रहे सरधना थाने के एक दरोगा की सड़क पर बाइक फिसल गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हिमालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां आईसीयू में उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। दरोगा अनुज काम्बोज सरधना थाने में तैनात हैं। उनकी ड्यूटी कांवड़ मार्ग पर सरधना गंगनहर पुल पर लगी हुई है। सोमवार सुबह वे बाइक पर सवार होकर ड्यूटी पर चले। जैसे ही वह दौराला रोड पर धर्मकांटे के निकट पहुंचे तो अचानक उनकी बाइक फिसल गई। जिसके बाद उनका सिर सड़क पर लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच उधर से गुजर रहे शिव कांवड़ सेवा संघ, दौराला पुल के संचालक ललित गुर्जर के भाई कृष्ण गुर्जर ने उन्हें तुरंत वहां से उठाया और एक निजि अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दरोगा अनुज काम्बोज को आईसीयू में रखा गया है। उनकी हालत यहां चिंताजनक बनी हुई है। उधर, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग के अलावा अन्य विभाग अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और उनका हालचाल जाना।



## प्राचीन पांडेश्वर मंदिर में होने वाले जलाभिषेक की तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्राचीन पांडेश्वर मंदिर में ही मुख्य जलाभिषेक होता है। भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर भगवान का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हैं। सोमवार को नायब तहसीलदार सचिन चौधरी ने मंदिर मे पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। प्राचीन पांडेश्वर महादेव पौराणिक तथा महाभारतकालीन मंदिर है जिसमे पौराणिक शिवलिंग स्थापित है। मान्यता है कि महाभारत के समय पांडव इसी मंदिर में पूजा अर्चना करते थे। बताया जाता है कि जो सच्चे मन से मन्नत मांगता है वह पूर्ण होती है। क्षेत्र के अधिकांश कांवड़ियां व क्षेत्र के श्रद्धालु इसी मंदिर मे जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हैं। सोमवार को मंदिर मे पहुंचकर नायब तहसीलदार व लेखपाल नीरज सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निकायकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही पीडब्लयूडी द्वारा निर्माण कराई जा रही सडक के दोनों और मिट्टी लगाने के लिए कहा। इस मौके पर लेखपाल नीरज, निकाय से संजय, रामानंद, अक्षय टांक आदि रहे। वहीं मध्य गंग नहर पटरी के किनारे पर कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर भी लग गया है

# प्रबंध निदेशक ने कर्मियों को मेगा कैम्पों में विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने बताया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु डिस्कॉम के सभी जनपदों में खण्ड स्तर पर, मेगा कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। मेगा कैम्पों में उपभोक्ताओं के बिल जांचकर, संशोधन उपरांत बिल जमा कराने, मीटर तथा उपभोक्ताओं द्वारा नये संयोजन हेतु आवेदित आवेदन पर, मौके पर ही कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। मेगा कैम्पों को लेकर उपभोक्ताओं में भारी उत्साह है। उपभोक्ता भारी संख्या में कैम्पों मे प्रतिभाग कर, लाभान्वित हो रहें हैं।

प्रबंध निदेशक ने उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या मे कैम्पों में प्रतिभाग करने का आह्वन किया है। उन्होंने उपभोक्ताओं को कैम्पों का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु कैम्प स्थल पर कैम्प के एक दिन पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये हैं। प्रबंध निदेशक ने कहा कि कैम्पों के आयोजन से पूर्व कैम्पों का प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों यथा स्थानीय समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, एफएम रेडियों, जनप्रतिनिधियों से संवाद, जनसम्पर्क, मुनादी इत्यादि से कराया जाये जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता आयोजित मेगा कैम्पों का लाभ उठा सकें। मेगा कैम्प में प्रत्येक शिकायत का पंजीकण 1912 हेल्पडेस्क पर सुनिश्चित किया जायेगा। सोमवार को आयोजित मेगा शि. विरों में बिल संशोधन संबंधी 1238 आवेदन, विद्युत चोरी निर्धारण से संबंधित 23 आवेदन, मीटर बदलने संबंधी 321 आवेदन, नये संयोजन निर्गत करने 224 एवं 319 आवेदन अन्य प्रकरणों से संबंधित प्राप्त हुए। इस प्रकार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अन्तर्गत 14 जनपदों मे कुल 2125 आवेदन बिल संशोधन, निर्धारण, मीटर बदलने, नये संयोजन आदि से संबंधित प्राप्त हुये जिनमें से 1658 आवेदनों का तत्परता से मौके पर निरस्त कर दिया गया, इसके अतिरिक्त 464 संयोजनों का 590 कि.वा. लोड बढा दिया गया है एवं 9105 उपभोक्ताओं द्वारा 6.60 करोड की राशि के बिलों का भुगतान मेगा शिविर में किया गया है।




## 10वें पर स्थापना दिवस पर भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने बांटे हेलमेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला भीम आर्मी मेरठ के तत्वाधान में भीम आर्मी भारत एकता मिशन का 10वां स्थापना दिवस मेरठ कमिश्नरी चौक पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष मेरठ बिजेंद्र सूद एवं महानगर अध्यक्ष गौतम भैया व उनकी टीम के द्वारा यातायात नियमों का पालन एवं सुरक्षा संदेश देते हुए बिना हेलमेट के चलने वाले दो पहिया वाहन चाल. कों को हेलमेट वितरण व लड्डू खिलाकर की स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष मेरठ बिजेंद्र सूद ने कहा कि संगठन के संस्थापक सांसद चन्द्रशेखर आजाद पिछले 10 सालों से गरीबों, शोषितों, असहाय और मजलूमों की लड़ाई लड रहे है। उन्होंने कहा कि सांसद चन्द्रशेखर आजाद संसद में हमेशा शोषित वर्ग के अधिकारों की आवाज उठाते रहते है। इस दौरान सभी पदा. धिकारियों को पार्टी के संस्थापक संस्थापक सांसद चन्द्रशेखर आजाद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। इस दौरान जिला प्रवक्ता रवि नागवंशी, महानगर प्रभारी चतर सिंह जाटव, जिला संगठन मंत्री मनमोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष निक्की जाटव, जिला उपाध्यक्ष आकाश निम्मी, महानगर महासचिव सूर्यकांत बौद्ध, ब्लॉक अध्यक्ष कपिल सतवाई, विकास कुमार एडवोकेट, राहुल महलका, करण कुमार, राणा सिंह, मोनू भीड़वाल, राहुल चन्द्र, कुलदीप सराय काजी उपस्थित रहे।



# मेरठ में मजलिस-ए-अजा का एहतमाम मौलाना जमीर अब्बास जाफरी करेंगे खिताब



**मेरठ।** मौसम-ए-मोहर्रम की गमगीन फिजाओं में इमाम हुसैन (अ।स) और अहलेबैत (अ।स) की यादें हर दिल में ताजा हो रही हैं। इसी सिलसिले में 23 जुलाई 2025, बुधवार, 27 मोहर्रम की रात 9 बजे मेरठ शहर के आजाखजाना हकीम शहनशाह हुसैन (मरहूम), हुसैनी आबाद, मेरठ सिटी में एक रौशन मजलिस-ए-अजा का एहतेमाम किया जा रहा है। यह अशरा 76 वह साल से हो रहा है जिसकी 8 वी मजलिस में आलिमे दीन मौलाना सैयद जमीर अब्बास जाफरी साहब किब्ला खिताब पफरमाएंगे। मौलाना जमीर अब्बास जाफरी साहब का अंदाज-ए-बयान श्रोताओं को इल्मी रौशनी और इमानी जज्बे से सरशार कर देता है। मजलिस का मकसद खासतौर पर सैयदुस्साजिदीन इमाम जैनुल आबिदीन (अ।स) की शहादत की याद में गम और इबादत का माहौल पैदा करना है। मजलिस में मरसिया ख्वानी के फराइज अदा करेंगे जनाब सैयद जाहिद हुसैन रिजवी (महलाकवी) और नौहा ख्वानी होगी अंजुमन दस्त-ए-हुसैनी, मेरठ की जानिब से, जिसकी सरपरस्ती में हमायूं अब्बास 'ताबिश' साहिब-ए- बयाज होंगे। निजामत के फराइज दानिश अली दानिश (मेरठी) अंजाम देंगे। मजलिस के इखितताम पर जियारत और अलविदाई नौहे का एहतेमाम भी किया जाएगा। बरामदगी का सआदत अलम-ए-अबुल फजिलल अब्बास (अ।स) के जरिए अदा की जाएगी। मजलिस की लाइव स्ट्रीमिंग भी यूट्यूब चैनल पर देखी जा सकेगी, ताकि दूर-दराज के अजादार भी इस फजीलत से मुस्तफीद हो सकें। मजलिस के इंतिजामात खादिम- ए-अजा जनाब सैयद नाजिर हुसैन जैदी और सैयद असगर हुसैन जैदी, मेरठ के जिम्मे हैं।

# चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने कांवड़ सेवा शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** हरिद्वार से गंगा जल लेकर आ रहे कांवड़ियों के लिए सोमवार को कस्बे के महात्मा ज्योति. बा फुले चौक पर स्थित शिव मंदिर समिति द्वारा लगाए गए कावड़ सेवा शिविर का चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने मंदिर में पूजा अर्चना करके फीता काटकर शुभारंभ कराया। इस दौरान सभासद सोहन बीर सैनी, प्रांतीय धर्म जागरण के प्रमुख प्रदीप बिश्नोई, डॉ. प्रमोद सैनी, मंदिर समिति के प्रधान पृथ्वी सैनी, जगमोहन सैनी, मानसिंह सैनी, सुरेश, महेन्द्र सिंह, रामसिंह सैनी, पुनवा महाराज, मुकेश सैनी, कलीराम सैनी, सुक्खे सैनी, प्रमोद सैनी आदि गणमान्य लोग शामिल रहे।



# मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल, गिरफ्तार

## बदमाश पर है विभिन्न थानों में हत्या, लूट आदि के मुकदमें दर्ज, कब्जे से एक तमंचा दो जिन्दा कारतूस और एक खोखा बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** फुलैरा के जंगल में पुलिस चौकिंग के दौरान पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गयी जिसमें बदमाश के पैर मे गोली लगने से वह घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश पर विभिन्न थानों में हत्या, लूट आदि के मुकदमें दर्ज है।

फुलैरा के दादी महाराज मंदिर के पास सिंगोली तगा को जाने वाले रास्ते पर चांदीनगर थाना प्रभारी संजय कुमार और स्वाट टीम प्रभारी सूर्यदीप सिंह मय टीम के चौकिंग कर रहे थे तभी एक बदमाश वहां से गुजर रहा था जो फुलैरा में किसी चोरी की घटना को अंजाम देने वाला था। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर फायर झोक दिया जिससे पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही करते हुए फायर किया जिसमे बदमाश घायल होकर गिर गया जिससे पुलिस ने उसे दबोच लिया पकड़े गये बदमाश ने अपना नाम रईस पुत्र वहीद निवासी लावड़ थाना इंचौली मेरठ बताया पकड़े गये। बदमाश से एक तमंचा दो जिन्दा कारतूस और एक खोखा भी बरामद हुआ है। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खेकड़ा सीओ रोहन चौरसिया ने बताया बदमाश के खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या का प्रयास लूट, चोरी जैसे 32 मुकदमें दर्ज हैं। बदमाश का और आपरा. धिक रिकॉर्ड देखा जा रहा है।

# सिलाई कारीगर मालिक के रुपये और सिलाई मशीन लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिलाई कारीगर मालिक के रूपये ओर सिलाई मशीन लेकर फरार पीड़ित ने रटौल चोकी पहुंच कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर अपने एडवांस दिये रुपए ओर मशीन दिलवाने की गुहार लगाई है।

निवासी सलीम पुत्र सहाबुद्दीन ने रटौल में ही रेडिमेट पेंट सिलाई का कारखाना लगा रखा है। तीन दिन पहले गांव का ही एक कारीगर सलीम के पास आया और सलीम को विस्वास में लेकर अपने घर पर ही कारीगर होने की बात कही ओर बताया कि मेरे घर पर पत्नी सहित मेरे परिवार के सदस्य भी पेंट सिलाई का कार्य घर पर ही करते हें मुझे सिलाई मशीन घर पर काम करने के लिये दे दो ओर कुछ रुपए भी जो मुझे काम करने वालों को एडवांस देने होते हैं। सलीम उसकी बातों में आगया ओर पेंसटसो रुपए व चार सिलाई मशीन दे दी तीन दिन के बाद जब आज सलीम अपनी पेंट लेने के लिए उसके घर पर गया तो घर पर मोजूद पत्नी ने सही जानक. ारी नहीं दी ओर आना कानी करने लगी। तब पड़ोस में रहने वाले लोगों ने बताया कि वह तो इसी तरह से रुपये एडवांस ओर घर के लिये मशीन लेता है ओर किसी को बेच देता है। पीड़ित पड़ोसी की बात सुन हक्का बक्का रह गया ओर रटौल चोकी पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर अपने रुपए ओर मशीन दिलवाने की गुहार लगायी है। चोकी पर मोजूद पुलिस कर्मियों ने जांच कर कार्यवाही की बात कही है।

# शिव कांवड़ सेवा समिति ने कावड़ियों की भोजन की व्यवस्था की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के हाल में नीलकंठ शिव कावड़ सेवा समिति के तत्वाधान में अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने बताया कि पंचमुखी शिव मंदिर में भारी संख्या में शिव भक्त आकर विश्राम करते हैं जिनकी सेवा में अपने निजी निवास पर कावड़ियाओं की सेवा में भोजन की व्यवस्था की जाती है। नाश्ते से लेकर दोपहर के भोजन का प्रबंध किया गया है। बड़े श्रद्धा भाव के साथ घर का बना हुआ भोजन कावड़ियों को खिलाया जाता है जिसमें पूरी सब्जी दाल चावल खीर रोटी अलग-अलग तरीके के पकोड़े का विशेष प्रबंध किया गया है। इसी के साथ रात के समय में दूध का प्रबंध भी किया गया है। काफी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार से कावड़ लाने वाले शिव भक्त पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में आकर रुकते है। उनकी विशेष व्यवस्था यहां की गई है लगभग 30 वर्ष से यह कार्य पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में किया जाता है। कमेटी के अध्यक्ष अशोक भारद्वाज सुरेश भारद्वाज मनीष भारद्वाज आदि लोग कावड़ियों की सेवा में जुटे हुए है।

# पुरा महादेव मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्र तक सावन के दूसरे सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। भजन कीर्तन पूजा अर्चना करते हुए शिव के चरणों में मस्तक झुका कर श्रद्धालुओं अपनी अपनी मुरादे मांगीरूसावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी रही शहर से लेकर गांवों तक के शिवालय दिनभर श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंजते रहें। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। वहीं, पुरा महादेव गांव के एतिहासिक भगवान परशुरामेश्वर महादेव मंदिर में लाखों की संख्या में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। वहीं, सोमवार से मंदिर में चार दिवसीय श्रावणी मेला भी शुरू हो गया जिसमें बड़ी संख्या में कांवड़ियां भी जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचें। एएसपी एनपी सिंह ने बताया कि प्रमुख शिवालयों पर पुलिस कर्मी तैनात रहें। वहीं, पुरा महादेव मंदिर में श्रावणी मेला भी सोमवार से शुरू हो गया है, जिसके मद्देनजर मंदिर में अधिकारियों के साथ ही पुलिस कर्मियों की डयूटी लगा दी गई है। भगवान परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर के चारों तरफ चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जयभगवान शर्मा व मुख्य पुजारी पंडित अभिषेक भारद्वाज मुख्य पुजारी पंडित अक्षय भारद्वाज पुजारी आशुतोष भारद्वाज आदि मंदिर में रहने वाले आचार्यो ने भी जलाभिषेक करने पहुंचे। श्रद्धालुओं का रुद्राभिषेक कराया जिसमें श्रद्धालुओं ने अपने-अपने परिवारों के साथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया विधि विधान के साथ मंत्रों सभी शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया।

## एक नजर

### शिव भक्तों को शील्ड देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के शिव भक्तों को सावन माह में गंगाजल कावड़ लेकर आने वाले शिव भक्तों को भोजन कराया इसके उपरांत अति सुंदर कावड़ सजाकर लाने वाले शिव भक्तों को शील्ड देकर उमरपुर मुजफ्फरनगर में सम्मानित किया गया। कोताना गांव के शिव भक्त शिवा जाटव दीपक चौधरी पवन प्रजापति प्रवेश प्रजापति अरुण प्रजापति बबलू शर्मा ट्विंकल कुमार लक्ष्य राजपूत नानू कुमार गोरू राजपूत प्रवीण कुमार चिराग कुमार जोगिंदर प्रजापति नरेंद्र कुमार सूरज कुमार आदि शिव भक्तों को शील्ड देकर सम्मानित करते हुए शिव भक्तों पर फूलों की वर्षा की गई। इस समय जनपद बागपत के कावड़िया एक से बढ़कर एक हरिद्वार से कावड़ लेकर अपने शिवालय की तरफ आगे बढ़ रहे हैं।

### संजय हत्याकांड में पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** रविवार को क्षेत्र में हुए संजय हत्याकांड के आरोप में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। सोमवार को भी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार हुआ। प्राप्त जानकारी के मुता. बिक जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के गांव पिपैरा निवासी 34 वर्षीय संजय उर्फ बिल्लू पुत्र वासुदेव लापता हो गया था। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तीन दिन बाद संजय का शव रविवार को गांव निवासी एक युवक के बंद पड़े मकान में जमीन में गढ़ा मिला था। आरोपियों ने संजय की हत्या करने के बाद घर में गड्ढा खोदकर उसका शव दफना दिया था। पुलिस ने गांव के बाहर एक खेत से संजय का मोबाइल फोन बरामद किया था। फोन में मिली कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। वहीं जिस घर में संजय का शव बरामद हुआ। उसका मकान मालिक गांव से फरार बताया जा रहा है। मौके से पुलिस को फावड़े और अहम सुराग भी हाथ लगे हैं। रविवार की देर शाम पुलिस ने मृतक के पिता वासुदेव की तहरीर पर गांव निवासी पांच लोगों के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि इस मामले में पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और अभी घटना का खुलासा होना बाकी है। पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक रामफल ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

### करंट की चपेट में आने से दंपति की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना चोला क्षेत्र के गांव बिरौडी ताजपुर में चारपाई पर सो रहे एक वृद्ध दंपति की पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। दंपति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव बिरौड़ी ताजपुर निवासी 70 वर्षीय फराकत अली पुत्र असफाक अली और उसकी पत्नी 65 वर्षीय हसरत बेगम रविवार की रात घर में चारपाई पर सो रहे थे।

पास में ही तूफान पंखा चल रहा था। बताया कि अचानक दंपति में से किसी का हाथ पंखे से छू गया। जिसमें उतर रहे करंट की चपेट में आकर दोनों की मौत हो गई। सोमवार की सुबह जब परिवार के अन्य लोग जागे, तो उन्हें दंपति मृत अवस्था में मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। दंपति की करंट लगने से मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। जिसने भी सुना वह दंपति के घर पर पहुंच गया। वृद्ध पति-पत्नी के शव को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि फराकत अली और हसरत दोनों बहुत की सरल और सहज स्वभाव के थे। दंपति की मौत से परिवार में को. हराम मचा हुआ है। गमगीन माहौल में ही दोनों के शवों को एक साथ कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया। चोला थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि दंपति की मौत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। लेकिन परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया।

# कृष्ण पाल शर्मा बने जिलाध्यक्ष व ओम प्रकाश कश्यप जिला उपाध्यक्ष




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित श्रीनर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मंडल प्रभारी नीरज शर्मा के निर्देशानुसार विश्व हिंदू महासंघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुभाष शर्मा जिला संयोजक ने की कार्यक्रम का संच. ालन विवेक राणा ने किया। बैठक में बागपत जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा को मनोनीत किया गया। बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बागपत कृष्ण पाल शर्मा को फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन द्वारा मुझे दी गई है। मैं उसका हमेशा पालन करूंगा। इसी के साथ ओम प्रकाश कश्यप को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में विधि प्रकोष्ठ जनपद बागपत के जिलाध्यक्ष के रूप में रविंद्र शर्मा का मनोनयन किया गया एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से कमलकांत भारद्वाज का मनोनयन किया गया एवं उन्हें फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया गया तथा उनके द्वारा प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के सानिध्य में कार्य करते हुए विश्व हिंदू महासंघ को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया गया। विश्व हिंदू महासंघ की जनपद कार्यकारिणी को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। बैठक में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य पंडित उमेश कौशिक ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिक. ारी संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें। सभी कार्यकर्ताओं को महासंघ के प्रति सच्ची निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। महासंघ की बैठक में सुभाष शर्मा, कुलदीप शर्मा ओमप्रकाश कश्यप विपुल भारद्वाज नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्यपंडित उमेश कौशिक रविंद्र सतबीर मास्टर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा ईश्वर भक्ति और आस्था का प्रतीक, प्रतिस्पर्धा नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कावड़ यात्रा संकल्प और श्रद्धा के साथ प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन रहा है। आत्मशान्ति, ईश्वर भक्ति और मनोकामनाएँ पूरी होने या मनोकामना करके श्रद्धालु कावड़ का संकल्प लेकर कावड़ उठाते है। जो ईश्वर भक्ति और आस्था का प्रतीक है, लेकिन आज कावड़ यात्रा प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा और मनोरंजन का भी केंद्र बन रहा है। जो सनातन की पौराणिकता पर कुठाराघात है, अनैतिक है और शास्त्रों के विरूद्ध है। जिसने कावड़ के पवित्र उद्देश्य व कावड़ की पवित्रता को नष्ट किया है।

डाक कावड़ जबरन प्रतियोगिता और कावड़ का बिगडता स्वरूप है। जिसने उपद्रव, डर, हुड़दंग, दुर्घटनाओं, और अशान्ति को उत्पन्न किया है। यह प्रतिस्पर्धा शिव के साथ है या शिव भक्त के, स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाला भी नहीं जानता। आखिर शिव उपासक डाक कावड़ से साबित क्या करना चाहता है। इससे महादेव तो प्रसन्न होते है या नहीं हाँ उनका क्रोध निश्चित रूप से सैकड़ों अप्रिय घटनाओं को जन्म आवश्य देता है। कुछ असमाजिक तत्व जिनका शिव भक्ति और कावड़ से कोई सम्बन्ध नहीं वह कावड़ियां का वेश धारण कर कावड़ यात्रा को बदनाम करने के उद्देश्य से उपद्रव व हुड़दंग भी करते है, जिससे कावड़ यात्रा ही नहीं सनातन संस्कृति बदनाम होती है, जिसके लिए कावड़ का यह बिगडता स्वरूप दोषी है।

# शिव की भक्ति करने से परिवार को मिलती है सुख शांति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिजवाडा गांव निवासी शिव भक्त मोनू उर्फ गौरव शर्मा ने शिव की भक्ति में नील होते हुए हरिद्वार उत्तराखंड से कावड़ लेकर आने वाले मोनू शर्मा का कहना है कि भगवान शिव की भक्ति करने से एवं पार्वती माता की आराधना करने से परिवार को सुख शांति मिलती है। सावन माह में ओम नम: शिवाय का जाप करने से भगवान शिव भी अपने भक्तों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं। मोनू शर्मा हरिद्वार से कावड़ लाते हुए बडौत बुढ़ाना मार्ग पर शिव सेवा समिति शिविर में मीडिया से रूबरू हो रहे थे। मोनू उर्फ गौरव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले कावड़ उठाकर भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक सावन मास में भगवान परशुराम ने किया था। सावन मास में ही गंगाजल की महा यात्रा के परशुराम पहले शिव भक्त बने थे। भगवान परशुराम ने हर की पैड़ी से गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का महा जलाभिषेक किया था। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु के अवतार परशुराम ने ही पहले कावड़ लाकर शिव भोले पर जलाभिषेक किया था। इसी परंपरा के अनुसार मान्यता है। गंगा को दिया वचन निभाते हुए आज भी सावन के पहले दिन भगवान परशुराम अमूर्त रूप से सबसे पहले दिन भगवान शिवजी पर मस्तक झुका कर उनकी पूजा अर्चना करते हैं। इसके बाद सभी शिव भक्त जलाभिषेक करते हैं। शिव भक्त मोनू शर्मा ने कावड़ लाने वाले सभी शिव भक्तों से आवाहन किया कि शिव की कावड़ लाने के बाद जलाभिषेक करने के उपरांत सभी शिव भक्तों को एक पौधा शिव के नाम अपने-अपने शिवा. लियों में अवश्य लगाना चाहिए आने वाले समय में यह पौधा वृक्ष बनकर सभी शिव भक्तों को छाया देने का काम करेगा।

# विशाल कांवड़ का लोगों ने किया फूलों से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव के श्रद्धालु शिव यात्रा करते हुए हरिद्वार से अपनी टीम के साथ गंगा. जल कावड़ लेकर अपने गांव के शिवालय की तरफ चल रहे हैं। बहुत ही सुंदर विशाल कावड़ बहुत सुंदर झांकी को देखकर गांव के लोग उनका स्वागत फूलों से कर रहे है। झांकी पर लाखों रुपए की लागत से गंगाजल यात्रा चल रही है। उत्तराखंड हरिद्वार से चलती हुई इस झांकी में सभी शिव भक्त भगवान शिव शंकर का जयकारा लगाते हुए चल रहे है। सुंदर झांकी पर गांव के लोग भी उसे वर्ष कर रहे हैं। सुंदर झांकी को सजाने में शिव जाटव कोताना चौधरी प्रवीण कुमार पवन कुमार प्रवेश कुमार अरुण कुमार जोगिंदर प्रजापति नरेंद्र प्रजापति नन्नू कुमार लक्ष्य राजपूत सूरज कुमार के अलावा काफी संख्या में शिव भक्तों ने इस सुंदर झांकी को सजाने में अपना सहयोग दिया। यह झांकी आकर्षण का केंद्र बनती हुई कोताना गांव के शिवालय में पहुंचेगी झांकी को सजाने वाले शिव भक्तों का गांव के लोगों की तरफ से सम्मान किया जाएगा। इन्हें पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने पुरा महादेव मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा के दूसरे सोमवार को जनपद बागपत के प्रसिद्ध परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसी क्रम में जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल ने सोमवार को प्रात: मंदिर परिसर एवं आसपास के कांवड़ मेले क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा विकसित कांवड़ यात्रा एप को अब तक 16,480 से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा उपयोग किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्देश दिए कि मंदिर परिसर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर कांवड़ यात्रा एप के क्यूआर कोड प्रदर्शित किए जाएं, ताकि श्रद्धालु इस एप का उपयोग कर पार्किंग स्थल, बस अड्डा, पेयजल व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, कंट्रोल रूम नंबर सहित मंदिर परिसर में उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि इस एप का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक श्रद्धालुओं को इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने मंदिर परिसर में पार्किंग तक लगाए गए बैरीकेडिंग, स्वास्थ्य शिविरों की उपलब्धता, साफ-सफाई की स्थिति, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रावण मास की भीड़ को ध्यान में रखते हुए आपसी समन्वय से कार्य करें तथा हर विभाग अपनी जिम्मेदारी का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करे। गौरतलब है कि पुरा महादेव मंदिर सावन मास में उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से आने वाले लाखों शिवभक्तों की आस्था का केंद्र होता है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि यात्रा सुरक्षित, व्यवस्थित एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# सांसद इकरा का अपमान नहीं होगा बर्दाश्त: जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** सपा जिला सचिव अज्जू पठान के लाल कुआ स्थित आवास पर आयोजित सपा की बैठक में 26 जुलाई को बुलंदशहर में होने वाली जनसभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गयी। बैठक पहुंचे मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि 26 जुलाई को बुलंदशहर में जनसभा होने जा रही। जिसमे मुख्य अतिथि अमरोहा विधायक पूर्व मंत्री महबूब अली रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देते हुये कहा कि अधिक से आधी संख्या में जनसभा में पहुंच कर अपने नेता महबूब अली के विचार सुने। जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि सपा सांसद बहन इकरा हसन के खिलाफ टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करते हुये कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे जो निंदनीय है ऐसे अधिकारी के खिलाफ अभी तक सरकार ने कोई कार्यवाही नही की, जिससे जनप्रतिनिधियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्हें कहा कि करनी सेना के योगेश द्वारा की गई टिप्पणी के खिलाफ सभी धर्म व सामाजिक व किसान व पार्टी बहन इकरा हसन के साथ है ऐसे लोगों को समाज मे बने रहने का अधिकार नही है और ऐसे लोगो के खिलाफ कार्यवाही की जाये। इस मौके पर पूर्व विधायक होशियार सिंह व जिला सचिव हेमंत राघव ने कहा कि योगेश राणा क्षत्रिय है ही नही क्योंकि की क्षत्रिय समाज बहन बेटियों का सम्मान करता है और करता रहेगा।

**NOTICE**

My name has been recorded as Madhu in the school records of my son Daksh Chauhan which is wrong whereas my correct name is Kumari Rekha Devi.
Kumari Rekha Devi wife of Amit Kumar resident of Baghpat.

**NOTICE**

That in My Son Pragyan Baudh School Record My Name RAJEEV KUMAR is wrong according to my other document my correct name is RAJIV KUMAR Faizpur Ninana Baghpat

**सूचना**

मेरे भाई का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने भाई अकरम व उसकी पत्नि खुशनुमा से सम्बंध विच्छेद करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
मौ.असलम अली पुत्र मरहूम शौकत निवासी कस्बा अमीनगर सराय, थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे कुछ दस्तावेज नाम संदीप व कुछ दस्तावेज में नाम सुंदीप (sundeep) है भविष्य में मुझे दोनो नाम से जाना व पहचाना जाये।
सुंदीप पुत्र रामशरन निवासी ग्राम अहैडा तहसील तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आरिफ व पुत्रवधू रूबियॉ से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
कशमीर अली पुत्र करमूदीन निवासी पठान कोट निकट आयसा मस्जिद कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का मंडलायुक्त व डीआईजी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ मंडल के मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद और डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सोमवार को गढ़मुक्तेश्वर में होने वाली कांवड़ यात्रा के सुगम और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मेरठ से ब्रजघाट तक कांवड़ मार्ग का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। तीर्थ नगरी ब्रजघाट पहुंचकर अधिकारियों ने गंगा घाट पर की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिका. रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मंडलायुक्त और डीआईजी ने फ्लड पीएसी और घाटों पर तैनात पुलिस बल को भी जानकारी दी और जलस्तर की स्थिति को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कई लोगों की जान बचाने वाली इस गोताखोर टीम की कार्यशैली की अधिकारियों ने सराहना की और उनका उत्साहवर्धन भी किया। निरिक्षण के दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस बल से जानकारी ली गई। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक पांडे, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानयंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, एसडीएम गढ़मुक्तेश्वर, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य प्रशास. निक व पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से घाट की साफ-सफाई, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, रुकने की सुविधा, जलपान, प्रकाश व्यवस्था और लाउडस्पीकर सिस्टम जैसी सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस उच्च-स्तरीय निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सावन की पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस प्रशासनिक सतर्कता और समर्पण ने एक बार फिर यह साबित किया कि उत्तर प्रदेश सरकार कांवरियों की आस्था के अनुरूप उन्हें हर संभव सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# मानवता की मिसाल बनी पुलिस, घायल कांवड़िये की कांवड़ उठाकर पहुंचाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने पुलिस ने श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के दौरान एक सड़क हादसे में घायल हुए कांवरिया की मदद कर मानवता और सेवा भावना की एक बेहतरीन मिसाल पेश की है। पुलिस ने न केवल उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, बल्कि उनकी कांवड़ को भी अपने कंधों पर उठाकर अस्पताल तक ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस की इस तत्परता से समय रहते घायल कांवरियों का इलाज शुरू हो सका और उनकी जान बच गई। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने पुलिस के इस सराहनीय कार्य की खूब प्रशंसा की है, यह दर्शाता है कि पुलिस कानून व्यवस्था के साथ-साथ पीड़ितों की



सहायता में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

# कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का मनाया जन्मदिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को हापुड़ में कांग्रे. सियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का 83वां जन्मदिन मनाया। दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी सहित अन्य पदा. धिकारियों ने केक काटकर खड़गे के दीर्घायु होने की कामना की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता रह चुके हैं और भारत सरकार की पंद्रहवीं लोकसभा के मंत्रिमंडल में श्रम एवं रोज़गार मंत्री भी रहे हैं। उन्होंने 2009 में कर्नाटक के गुलबर्गा चुनाव क्षेत्र से 15वीं लोकसभा के लिए सदस्य के तौर पर निर्वाचित



हुए थे। उन्होंने अपनी शिक्षा गुलबर्गा के नूतन विद्यालय, सरकारी कॉलेज कला स्नातक और सेठ शंकरलाल लाहोटी लॉ कॉलेज कानून की डिग्री से पूरी की। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने बताया कि मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्म कर्नाटक के बीदर जिले के वरावटी, भालकी तालुक में एक दलित जाति परिवार में हुआ था। 1948 में सात साल की उम्र में वे हैदराबाद के निज़ाम के रजाकारों द्वारा लगाई गई आग से बाल-बाल बचे थे, जिसमें उन्होंने अपनी मां और बहन को खो दिया था। कांग्रेसियों ने एक दूसरे को केक खिलाकर और जन्मदिन का गीत गाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, सभासद सुशील शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष इक़बाल प्रधान, एसएस गौड़, मुकेश शर्मा, कपिल शर्मा, सुखपाल गौतम, पूरनमल आनंद, अमित सैनी, यशपाल ढिल्लो, धर्मेंद्र कश्यप, कुसुम लता, सविता गौतम, जस्सा सिंह, पंडित प्रवीण शर्मा, पंडित पंकज चौधरी, अंकुर अग्रवाल, अनुज कुमार एडवोकेट, लोकपाल सागर, गोपाल भारती सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से की पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सावन माह में आस्था प्रशासनिक संवेदनशीलता और जनसेवा का एक अभूतपूर्व संगम देखने को मिला है। जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह ने इस बार शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर जनमानस का दिल जीत लिया।

जनपद में कांवड़ यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से की गई यह पुष्पवर्षा न केवल एक आध्यात्मिक छवि बनाती है, बल्कि यह श्रद्धालुओं के प्रति प्रशासन की गहरी संवे. दनशीलता और सेवा भाव का भी परिचायक है। जब हजारों शिवभक्तों पर आसमान से गुलाब और गेंदे के फूल बरसे, तो हर चेहरा आभार और श्रद्धा से भर गया। यह नजारा हापुड़ में पहले शायद ही कभी देखा गया होगा। डीएम अभिषेक पांडे और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अपनी प्रशासनिक व्यस्तता के बावजूद व्यक्तिगत रूप से मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी की, जो जनसेवा का एक आदर्श उदाहरण है। इस बार की कांवड़ यात्रा को मॉडल कांवड़ यात्रा की तरह संचालित किया जा रहा है, जिसकी चर्चा आसपास के जनपदों में भी हो रही है। हापुड़ की जनता ने प्रशासन के इस कार्य की खूब प्रशंसा की है। शिवभक्तों ने कहा कि पहली बार उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि प्रशासन केवल व्यवस्था करने वाला तंत्र नहीं, बल्कि उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाला एक भावनात्मक सहयोगी भी है। डीएम



अभिषेक पांडे ने कहा, कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी आस्था और सेवा का संगम है। वहीं, एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया, हर शिवभक्त हमारे लिए परिवार जैसा है, उसकी सुरक्षा और सुविधा हमारी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की यह पहल न केवल प्रेरक है, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए भी एक आदर्श स्थापित करती है।

# पुलिस ने भैंस चोरी की घटना का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने थाना क्षेत्र मे भैंस चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से चोरी की भैंस बरामद की है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के सुन्तानपुर आम के बाग के पास से एक चोर चमन पुत्र शरीफ निवासी पुरानी चुंगी रामपुर रोड हापुड थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक भैंस



बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों का पूर्व प्रधान प्रदीप नागर ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** तहसील के ग्राम उदयरामपुर नंगला के पूर्व प्रधान प्रदीप नागर ने कांवड़ यात्रा के दौरान उत्तराखण्ड हरिद्वार से चल कर कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्त भोले का पूर्व प्रधान प्रदीप नागर ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

पूर्व प्रधान प्रदीप नागर ने जानक. ारी देते हुए कहा कि इस समय कांवड़ यात्रा चल रहा हैं। गांव उदयरामपुर नंगला के बहुत सारे बोले भक्त उत्तराखण्ड हरिद्वार से चल कर कांवड़ लेकर आय हुए हैं और उनके लिए बहुत सारे सम्मानित लोगों के सहयोग से



उनके लिए विशाल भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। यह प्रोग्राम पिछले दस सालों से चलता आ रहा हैं। बहुत सारे लोग इस भण्डारा में लोग सहयोग करते हैं भोले बाबा सबकी मनोकामनाएं पूरी करे।

## एक नजर

### शादी कराने के नाम पर साइबर ठगों ने की 72,500 की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लहडरा के दिनेश कुमार साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। शादी कराने के नाम पर साइबर ठगों ने उनसे 72,500 रूपये ऐंठ लिए। ठगों ने फर्जी कॉल और क्यूआर कोड का इस्तेमाल किया और पैसे लेने के बाद पीड़ित को धमकी भी दी। दिनेश कुमार की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार ने साइबर क्राइम थाना में अपनी शिकायत में बताया कि 4 मई 2025 को उन्हें एक कॉल आई। कॉल करने वाली युवती ने खुद को शादी पार्टनर डॉट कॉम, मुरादाबाद से सुरभि बताया। उसने दिनेश को शादी के लिए रजिस्ट्रेशन फीस जमा करने को कहा और दावा किया कि फीस जमा करने के बाद वह लड़की से मिलवाएगी। दिनेश ने झांसे में आकर 5 से 7 मई 2025 के बीच ठगों द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर 60 हज़ार रूपये और क्यूआर कोड के जरिए 12,500 रूपये ट्रांसफर कर दिए। पैसे देने के बाद जब दिनेश ने मीटिंग की बात की, तो ठग टालमटोल करने लगे और उन्हें धमकाना शुरू कर दिया, जिससे दिनेश को ठगी का अहसास हुआ। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नजीर खान ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। यह घटना हरियाणा में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों में से एक है। हाल के समय में शादी, निवेश और सरक. ारी योजनाओं के नाम पर ठगी के कई मामले सामने आए हैं। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को अनजान कॉल और लिंक्स पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

### पत्रकार और उनके परिजनों पर हमला, घटना सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर कॉलोनी में रविवार रात पत्रकार पुष्पेंद्र और उनके परिवार पर कुछ दबंगों ने हमला कर दिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

पीड़ित पुष्पेंद्र ने बताया कि रविवार रात जब वह अपने घर पहुंचे, तभी एक स्कूटी पर सवार तीन लोगों से उनकी कहासुनी हो गई। इसके बाद दबंगों ने उनके साथ जमकर मारपीट की। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। थोड़ी देर बाद, आरोपी उनके घर में घुस आए और पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान उनकी पत्नी की नाक पर चोट आई और परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि पीड़ित पुष्पेंद्र की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जाँच की जा रही है। जांच कर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# बहनोई पर पत्नी की अश्लील फोटो खींचने का आरोप, पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक व्यक्ति ने अपने बहनोई पर उसकी पत्नी के अश्लील फोटो और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पति के विरोध करने पर बहनोई ने उसके साथ मारपीट भी की।

जानकारी के अनुसार धौलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कुछ दिन पहले उसकी पत्नी जेवर और नकदी लेकर अपने बहनोई के घर गई थी। जब वह अपनी पत्नी को लेने बहनोई के घर पहुँचा, तो उसने बहनोई के मोबाइल फोन में अपनी पत्नी का एक आपत्तिजनक वीडियो देखा। आरोप है कि पीड़ित पति ने जब इस बात का विरोध किया और पूछताछ की तो आरोपी बहनोई ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की और कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि संबंधित मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जाँच शुरू कर दी गई है। जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

# हापुड़ में रहस्यमयी फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स से दहशत, पुलिस कर रही जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बीते एक-दो दिनों से हापुड़ जनपद में रात के समय आसमान में कुछ रहस्यमयी उड़ने वाली वस्तुएं फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स देखे जाने की खबरें सामने आ रही हैं। इन्हें देखने वाले लोग इन्हें ड्रोन जैसा बता रहे हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में दहशत और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

आदर्श नगर, प्रेमपुरी, सुभाष नगर और ब्रज विहार जैसी कई कॉलोनियों से रात के समय पुलिस की इमरजेंसी सेवा यूपी-112 पर लगातार ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं कि आसमान में चमकते हुए कोई ऑब्जेक्ट उड़ते देखे जा रहे हैं। कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन से इन फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स के वीडियो भी रिकॉर्ड किए हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये वस्तुएं ड्रोन हैं, किसी संस्था द्वारा संचालित निगरानी यंत्र, या फिर किसी शरारती तत्व की हरकत। पुलिस और प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और जांच में जुट गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और स्थानीय पुलिस के साथ-साथ खुफिया इकाइयों को भी सतर्क कर दिया गया है। रात में गश्त बढ़ा दी गई है और ड्रोन उड़ाने की अनुमति संबंधित विभागों से सत्यापित की जा रही है। जिला प्रशासन ने आम जनता को यह भी बताया है कि किसी भी ड्रोन या फ्लाइंग डिवाइस को उड़ाने के लिए संबंधित प्रशासन और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से अनुमति



लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाना गैरकानूनी है और ऐसे मामलों में आईटी एक्ट तथा एयरस्पेस सुरक्षा के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि रात के अंधेरे में उड़ते ऐसे ऑब्जेक्ट्स की खबरों को नजरअंदाज न करें। यदि ऐसा कुछ दिखाई दे तो तत्काल यूपी-112 या नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें। जनपद में उड़ते रहस्यमयी फ्ला. इंग ऑब्जेक्ट्स को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है और इस बात की जांच कर रहा है कि यह तकनीकी उपकरण हैं, निगरानी का हिस्सा हैं, या किसी अवैध गतिविधि से जुड़े हुए हैं। जनता से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, लेकिन सतर्क जरूर रहें।

# सड़क पर जल भराव से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** धौलाना ब्लॉक के गांव गांव निधावली के रहने वाले अहमद अली ने जानकारी देते हुए कहा कि दौलतपुर ढिकरी घेर स्तिथि निधावली मार्ग पर गंदी नाली का पानी सडकों पर आने से लोगों को काफी परेशानी हो रही हैं इसके बारे में खंड विकास अधिकारी धौलाना को आवेदन पत्र दे चुके और शनिवार को तहसील पर भी आवेदन पत्र दिया जा चुका हैं। लेकिन अभीतक इस पर कोई भी काम नहीं हुआ हैं अगर इस रास्ते पर सब्जी ठेली वाला आता है तो उसकी उसकी ठेली भी गिर जाता है । छोटे छोटे बच्चे उसी रास्ते हो कर स्कूल आना जाना करते हैं। उस रास्ते के नाले को बनाने के लिए ग्राम प्रधान को भी शिकायत पत्र दे चुके हैं सिर्फ आश्वासन दिया जा



रहा हैं कोई भी काम नहीं हो रहा हैं। बरसात होते ही पूरा जल भराव हो जाता हैं। गंदी पानी एक जगह जमा हो कर बदबूदार पानी से मच्छर भी पैदा हो रहे हैं।

# श्रावण शिवरात्रि पर 23 जुलाई को होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्रावण मास की शिवरात्रि का पावन पर्व इस बार 23 जुलाई को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 5:39 बजे से गजकेसरी योग के साथ शुभ मुहूर्त में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक शुरू होगा। यह जानक. ारी भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पाण्डेय ने दी।

पंडित पाण्डेय ने बताया कि चतुर्दशी तिथि 23 जुलाई को सुबह 4:39 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 2:29 बजे तक रहेगी। उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा नशा मुक्त हो कांवड़ यात्रा अभियान के तहत हापुड़ सहित विभिन्न शिव मंदिरों सबली महादेव, दतियाना शिव मंदिर, असरा शिव मंदिर, सिद्ध चंडी मंदिर सहित 50 से अधिक



स्थानों पर जलाभिषेक एवं पूजन से जुड़ी 'क्या करें - क्या न करें' की जानकारी वाली फ्लैक्सी लगाई गई है, जिससे शिवभक्त मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। पंडित के.सी. पाण्डेय ने बताया कि समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष को पीने के बाद भगवान शिव को जलाभिषेक से शीतलता दी गई। भगवान राम, परशुराम और रावण तक ने जलाभिषेक कर शिव कृपा प्राप्त की। स्कन्दपुराण, शिवपुराण, लिंग. पुराण, नारदसंहिता आदि धर्मग्रंथों में जलाभिषेक की महिमा विस्तार से वर्णित है। कांवड़ियों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करते हुए श्रद्धा, संयम और अनुशासन से जलाभिषेक करें ताकि पुण्य, मनोकामना सिद्धि और सामा. जिक सौहार्द की भावना पुष्ट हो।

# करंट लगने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** गांव हुलासन में खेत में धान की रोपाई कर बाहर निकल रहे युवक की तारबंदी में उतरे करंट से मौत हो गई। वहां काम कर रहे अन्य युवकों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को परि. जनों ने कार्रवाई से इंकार करते हुए शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गिनौरी निवासी 21 वर्षीय फिरोज पुत्र उस्मान उर्फ कल्लन सोमवार को तैयबपुर निवासी एक किसान के गांव हुला. सन स्थित खेत में अपने अन्य साथियों के साथ धान की रोपाई करने गया था। फिरोज खेत में धान की रोपाई करके खेत बाहर निकल रहा था, तभी तारबंदी में उतरे करंट की चपेट में आ गया। रोपाई कर रहे साथियों ने बचाने का प्रयास किया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके साथी ने उसे शिकारपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम एवं सीओ मधुप कुमार सिंह मय पुलिस बल के गांव पहुंच गए और परिजनों से वार्ता की, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर सोमवार शाम गमगीन माहौल में परिजनों ने शव को सुपर्द ए खाक कर दिया।



गजरौला। चाकीखेड़ा स्थित चाकेश्वर धाम मन्दिर में जल चढ़ाने को उमड़ी शिवभक्तों की भीड़।

# आस्था के साथ किया भगवान शिव का जलाभिषेक

## भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सावन माह के दूसरे सोमवार को गजरौला क्षेत्र के चाकीखेड़ा में स्थित श्री चाकेश्वर धाम शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में कांवडियों और स्थानीय शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मनोकामनाएं मांगी। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के द्रष्टिगत पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सीओ अंजलि कटारिया एवं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने भी मंदिरों का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भोर से ही चाकेश्वर शिव मंदिर पर कांवड़ियों और स्थानीय शिव भक्तों की पंक्तियां लगनी शुरू हो गई थीं। दोपहर के 12 बजे के बाद ही संख्या कम हुई। यहां पर समाजसेवियों द्वारा भंडारे का आयोजन करके प्रसाद का वितरण भी किया। भक्तों ने गंगाजल, दुग्ध, भांग, धतूरा, बेलपत्र आदि से भगवान शिव का जलाभिषे किया और अपने परिवार की सुख, स्मृद्धि की प्रार्थना की। चाकेश्वर मंदिर के महंत लवकुश गिरि ने बताया कि दूसरे सोमवार को कांवड़ियों के साथ साथ स्थानीय भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं नगर के गंगा प्याऊ शिव मंदिर व चौबारा स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित नगर व क्षेत्र के शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिये भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नगर के मंदिरों में नगर पालिका परिषद के द्वारा साफ सफाई की विशेष व्यवस्था करके चूना आदि छिड़कवाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के के मंदिरों पर पंचायत विभाग द्वारा सफाई कार्य कराया गया। वहीं भक्तों ने भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर उपवास भी रखा।

**भक्ति में शक्ति**

**सावन के दूसरे सोमवार को भक्तों में रहा उल्लास**

### कांवड़ियों के आवागमन को लेकर पुलिस सतर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सावन सोमवार के अवसर पर कांवड़ियों के सुगम और सुरक्षित आवागमन को लेकर नगर में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। विशेष रूप से बिजनौर रोड पर बड़े मालवाहक और सवारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। दिनभर पुलिस कर्मी विभिन्न चौराहों, मार्गों और तीर्थ स्थलों के पास तैनात रहे। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों का सहारा लिया गया। कांवड़ यात्रा में किसी प्रकार की बाधा न हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी रखी गई।

# बम भोले के जयकारों के साथ किया जलाभिषेक

## दूसरे सोमवार को वासुदेव तीर्थ पर शिवभक्तों का उमड़ा सेलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सावन माह के दूसरे सोमवार को नगर के प्रसिद्ध वासुदेव तीर्थ स्थल पर श्रद्धा और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जो हाथों में गंगाजल, बेलपत्र, और दूध लिए भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए पहुंचते रहे।

भक्तों ने 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस पावन अवसर पर महिलाओं, युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। सभी ने अनुशासित ढंग से लाइन में लगकर जलाभिषेक किया और भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। इस बार सावन के सोमवारों में भक्तों की संख्या में विशेष वृद्धि देखने को मिल रही है। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था और शिवलिंग पर जलाभिषेक का क्रम देर शाम तक चलता रहा।

### त्रिशूल व डमरू लाइटों से कांवड़ मार्ग हुआ रौशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सावन माह में कांवर यात्रा के चलते नगर पालिका परिषद अमरोहा ने कांवरियों के स्वागत और सुविधा के लिए विशेष सजावट की है। नगर के कांवर मार्ग पर स्थित स्ट्रीट लाइट व डिवाइडर पोलों पर भगवान शिव के त्रिशूल और डमरू की सुंदर इलेक्ट्रिक लाइटें लगाई गई हैं, जो शाम होते ही मार्ग को भक्तिमय आभा से भर देती हैं। पालिका के उप नगर आयुक्त / अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि यह सजावट नौगवां रोड, लकड़ा चौराहा, अटल चौक, टी.पी. चौराहा, रेलवे ओवरब्रिज से लेकर बम्बूगढ़ चौराहा और जोया रोड तक की गई है। जिलाधिकारी के निर्देशों और पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन के मार्गदर्शन में यह कार्य संपन्न हुआ। टी.पी. चौराहा से लेकर बिजनौर मार्ग तक लगाए गए डेकोरेटिव लाइट पोल और त्रिशूल-डमरू की रंगीन झलक न सिर्फ श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है बल्कि पूरे मार्ग को एक भक्तिमय त्योहार का रूप दे रही हैं।



गजरौला। शिव महापुराण कथा में हिस्सा लेती महिलाएं।

### बछरायूं पुलिस की मुस्तैदी से टली अनहोनी, शराब पीकर दौड़ा रहे थे कार

# दिल्ली के युवकों ने कांवड़ रूट पर मचाया तांडव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** सावन के पवित्र महीने में जब पूरा प्रदेश शिवभक्ति में डूबा है, उस वक्त दिल्ली के दो युवक शराब के नशे में कांवड़ यात्रा के दौरान हुड़दंग मचाते नजर आए। बछरायूँ में तैनात पुलिसकर्मियों ने जब इनकी गाड़ी को रुकने का इशारा किया, तो दोनों युवकों ने न सिर्फ आदेश की अनदेखी की, बल्कि बैरियर तोड़कर फरार होने की कोशिश की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गजरौला के जोगीपुरा बैरियर पर फिल्मी अंदाज में घेरा. बंदी कर दोनों को दबोच लिया।

गाड़ी से दुर्गंध आई, ब्रीथ एनालाइजर से हुई पुष्टि। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आयुष कैला पुत्र सुनील कैला निवासी राम नगर, तिलक नगर, नई दिल्ली और करण पुत्र राम अवतार निवासी हरि नगर, पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की जिसमें आयुष में शराब सेवन की पुष्टि हुई। इस घटना के समय कांवड़ रूट पर भारी भीड़ थी और दोनों युवकों की तेज रफ्तार गाड़ी किसी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। पुलिस द्वारा गाड़ी को मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं में सीज कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों युवक गिरफ्तारी के समय भी झगड़ने लगे। नशे में धुत दोनों युवकों ने न सिर्फ कानून का उल्लंघन किया बल्कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्रता की। आखिरकार बीएनएस की धारा 170/126/135 के तहत दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्हें अधिकतम धनराशि के मुचलके पर पाबंद करने की सिफारिश की गई है। टीम में जांबाज पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक विकास त्यागी, कांस्टेबल गौरव भाटी, कांस्टेबल तनिष्क चौधरी, थाना बछरायूँ की तत्परता से जहां एक बड़ा हादसा टल गया, वहीं इस कार्रवाई ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि कांवड़ यात्रा में कोई भी हुड़दंग अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

### व्यापारियों ने की शिवभक्तों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सावन मास में गंगा जल लेकर आ रहे शिव भक्तों की सेवा के लिए व्यापारियों द्वारा शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में शिव भक्तों की व्यापारियों द्वारा सेवा की गई। शिव भक्तों ने शिविर में भोले के भजनों पर जमकर नृत्य किया। गुड गल्ला व्यापार मंडल हसनपुर के सक्रिय पदाधिकारी व शिव भक्त अंकुर अग्रवाल ने बताया कि गुड गल्ला व्यापार मंडल पिछले 7 वर्षों से खान कोल्ड स्टोर के प्रांगण में शिव भक्तों की सेवा में निरंतर शिव भंडारे का आयोजन करता आ रहा है। इस अवसर पर अंकुर अग्रवाल,नरेश चौहान,उमेश चौहान,सुनील गर्ग, शोभित गर्ग, वैभव अग्रवाल,जागेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# शिव लीलाओं में डूबे श्रद्धालु

## श्री राम जानकी बालाजी मन्दिर में शिव महापुराण कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के श्री राम जानकी बालाजी मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने सती की लीलाओं और भक्ति के भाव में डूबकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। कथा व्यास आचार्य पंडित श्री हित आकाश जी महाराज ने सती के बाल्यकाल की लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि सती बचपन में अपनी सखियों के साथ गंगा तट पर जाकर मिट्टी के शिवलिंग बनाती थीं और भक्ति भाव से उन पर जल चढ़ाकर नमः शिवाय, ओम नमः शिवाय का उच्चारण करती थीं। उन्होंने भावविभोर कर देने वाले गीतों के माध्यम से सती की भक्ति का चित्रण किया, जिससे मंदिर परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु झूमने लगे। सती ने लिया सीता का रूप, श्रीराम ने कहा माता कथा के दौरान उस रोचक प्रसंग का भी वर्णन हुआ जब सती ने श्रीराम की परीक्षा लेने के लिए माता सीता का रूप धारण किया। आचार्य पंडित हित आकाश ने बताया कि भगवान श्रीराम ने सती को तुरंत पहचान लिया और उन्हें माता के रूप में प्रणाम किया। इस दौरान कुसुम सिंहल मीना आर्य रजनी सारस्वत, सरोज अग्रवाल, रजनी दिल्ली वाली कृष्ण गर्ग , बबीता अग्रवाल,हेम अग्रवाल, उमा अरोड़ा ,राकेश वर्मा लक्ष्मी अग्रवाल, निम्मी अग्रवाल ,सिम्मी अग्रवाल,रैनूका अग्रवाल मंजू अग्रवाल, अंजू अग्रवाल सुषमा अग्रवाल, ममता सिंहल ,पूनम सिंहल, श्वेता सिंहल, चुनमुन अग्रवाल ,बीना अग्रवाल सोनिया अग्रवाल, राजबाला अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर फैक्ट्री कर्मी की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर के भराव के लिए मिट्टी लेने जाते समय ट्रैक्टर के नीचे दबकर घायल हुए फैक्ट्री कर्मी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान रविवार रात मौत हो गई।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर में शाम सात बजे की है। यहां पर छोटे सिंह का परिवार रहता है। रविवार को उनका बेटा मुकेश से घर में भराव के लिए पूरनपुर से चुबका मार्ग पर ट्रैक्टर से मिट्टी लेने जा रहा था। जैसे ही वह चुबका की पुलिया पर पहुंचा तो ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया, जिसके नीचे दबकर मुकेश (35) वर्ष गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर



के नीचे दबे मुकेश को निकालकर आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रविवार रात इलाज के दौरान मुकेश की मौत हो गई। मुकेश के परिवार में पत्नी शीतल के अलावा एक बेटा व एक बेटी है। मां की जिम्मेदारी भी उसके कंधों पर थी।मुकेश क्षेत्र की एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# फर्नीचर गोदाम व जूते के शोरूम में लगी आग

## लाखों का नुकसान, दमकल ने पाया काबू, मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाओं से अफरा-तफरी मच गई। पहली घटना मुरादाबादी गेट के पास कैलसा रोड स्थित एक फर्नीचर गोदाम में घटी, जबकि दूसरी घटना कस्बा जोया में एक जूते-चप्पल के शोरूम में हुई। दोनों मामलों में आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।



पहली घटना शहर के मोहल्ला मुरादाबादी गेट से सटे कैलसा रोड पर हुई। कैलसा बाईपास निवासी फर्नीचर कारोबारी कमरुद्दीन ने यहां अपना एक गोदाम बना रखा है, जहां फर्नीचर का स्टॉक रखा रहता है। कारीगरों के जाने के बाद रविवार रात वह गोदाम बंद कर घर चले गए थे। रात में लगभग 11:30 बजे गोदाम में अचानक आग लग गई। धुआं के साथ लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने कमरुद्दीन को सूचना दी। कमरुद्दीन जब तक मौके पर पहुंचे लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। शुरुआत में स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। लपटों ने अंदर रखे डबल बेड व सोफा सेट को अपनी चपेट में लेकर विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित कारोबारी कमरुद्दीन के मुताबिक आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना रहा। अग्निकांड में बना-अधबना सारा फर्नीचर जलकर राख हो गया। वहीं आग लगने की दूसरी घटना कस्बा जोया की है। मोहल्ला इकबाल नगर निवासी इरफान सैफी का यहां जूते-चप्पल का शोरूम है। रविवार शाम वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 12 बजे अचानक दुकान में आग लग गई। चौराहे पर कांवड़ यात्रा की ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों ने दुकान से धुआं निकलते हुए देख फौरन इसकी सूचना दमकल को दे दी। दमकल कर्मी व इरफान सैफी मौके पर आ गए। उस समय तक आग पूरे शोरूम को अपनी जद में ले चुकी थी। बमुश्किल शटर तोड़कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्निकांड में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। दोनों घटनाओं में लाखों रुपये की कीमत का माल जलकर राख हो गया वहीं मोहल्लों में अफरातफरी का माहौल बना रहा।

# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश

## तीन गिरफ्तार, 16 बाइकें हुई बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना मंडी धनौरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

**खुलासा**

**श्मशान घाट में छिपाते थे चोरी की बाइकें**

वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से दिल्ली, बिजनौर और अमरोहा सहित कई जगहों से चोरी की गई 16 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। इन वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान ग्राम गादीखेड़ा स्थित नव-निर्मित श्मशान घाट से तीन अभियुक्तों को पकड़ा, जिनकी पहचान रोहित पुत्र ब्रह्म सिंह, प्रिंस पुत्र सूरज सिंह, और अंकुल पुत्र राजपाल सिंह (सभी निवासी मो. हनपुर, थाना बछरायूं, जनपद अमरो. हा) के रूप में हुई। इनके एक अन्य साथी ऋषिपाल पुत्र नन्हे अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे चोरी की बाइकें इस श्मशान घाट में छिपाकर रखते थे क्योंकि यह नया बना है और यहां कोई आवा. जाही नहीं होती।

### प्रेम प्रसंग को लेकर बीते साल ढक्का में हुई थी युवक की हत्या

# हत्या में युवती के पिता, भाई व मंगेतर समेत सात दोषी करार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा ढक्का में 2 जनवरी 2024 की रात हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत ने सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। यह हत्या एक युवती के प्रेम प्रसंग और मंगनी के टकराव से जुड़ी थी, जिसमें साजिश रचकर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सोमवार को अदालत ने युवती, पिता, भाई, मंगेतर व उसके तीन दोस्तों को दोषी पाया। सभी को न्यायिक हिरासत में बिजनौर जेल भेज दिया गया है। अब अदालत मंगलवार को सजा पर अंतिम फैसला सुनाएगी

यह वारदात दो जनवरी 2024 को सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा ढक्का की थी। यहां किसान जफरुद्दीन का परिवार रहता है। उनके बेटे उवैस का पड़ोस में रहने वाली अक्सा नाम की एक युवती के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। भनक लगने पर परिजनों ने अक्सा का रिश्ता मुरसलीन नाम के एक परिं. चत युवक के साथ कर दिया था लेकिन इसके बाद भी अक्सा की उवैस से बातचीत होती रहती थी। वहीं, अक्सा ने इसका जिक्र अपने मंगेतर मुरसलीन से भी कर दिया था। इसके बाद ही मुरसलीन ने अपने दोस्त अमित, पिंटू, सेठी के अलावा अक्सा, उसके पिता इरशाद व भाई नवाजिश के साथ मिलकर उवैस को ठिकाने लगाने की योजना बनाई थी। हत्याकांड वाले दिन रात में अक्सा ने सिम कार्ड देने के बहाने धोखे से उवैस को अपने घर पर बुला लिया था। उसी दौरान उवैस की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में उवैस के पिता जफरुद्दीन ने इरशाद, अक्सा, नवा. जिश व अयान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन, पुलिस की विचेचना के दौरान गोली मारने वालों में अक्सा के मंगेतर मुरसलीन के अलावा अमित, पिंटू व सेठी का नाम भी सामने आया। वहीं, हत्याकांड में कोई भूमिका नहीं मिलने पर पुलिस ने अयान का नाम चार्जशीट से अलग कर दिया था। बाद में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। इस मामले में हाईकोर्ट ने स्थानीय अदालत को छह महीने के भीतर मुकदमे की सुनवाई पूरी कर फैसला सुनाने के निर्देश दिए थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय नसीमा खानम की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अमित वशिष्ट ने की। सोमवार को पत्रावली के अवलोकन व सबूतों के आधार पर अदालत ने इरशाद, अमित, अक्सा, नवाजिश, मुरसलीन, सेठी व पिंटू को दोषी करार दिया। इसके बाद सभी दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा लेते हुए बिजनौर जेल भेज दिया गया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि दोषियों के सजा के प्रश्न पर अदालत में आखिरी सुनवाई मंगलवार को होगी

**अदालत आज करेगी सजा का ऐलान**



मंडी धनौरा। अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

# डीएम ने शाहबाद के विभिन्न मार्गों एवं स्थलों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने सावन के तीसरे सोमवार में कांवड़ियों के बाधा रहित आवागमन को लेकर तहसील शाहाबाद को जाने वाले मार्ग का पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण पाया गया जिसे हटाने के लिए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शाहबाद एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने पटवाई मार्ग पर खाली कराई गई ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से लगाई गई सब्जी फड़ एवं अन्य खोखा को हटाने के लिए भी खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया और कहा कि इस भूमि पर प्लांटर लगाये जायें। जिलाधिकारी ने शाहाबाद नगर के मुख्य प्रवेश द्वार पर किये गये अवैध रूप से अतिक्रमण को तत्काल हटाने एवं सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को दिये और कहा कि मार्ग के चारों ओर रिक्त शासकीय भूमि पर वृहद वृक्षारोपण कराया जाए।

इस दौरान उन्होंने लकी बाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर का निरीक्षण कर कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु ड्यूटी पर लगाए गए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए और मंदिर में जलाभिषेक किया।

जिलाधिकारी ने शाहबाद में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के पास रिक्त पड़ी शासकीय भूमि पर राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण कर एसडीएम शाहबाद को भूमि का सीमांकन कराने एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को डीपीआर तैयार करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय निवासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु नगर पंचायत शाहबाद क्षेत्र में ओवरहेड टैंक के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने ताज बहेटा ग्राम में प्रगति मॉल के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया और उप जिलाधिकारी को भूमि का सीमांकन कराने व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिये।

इसके अतिरिक्त उन्होंने बड़ागांव और राणा शुगर मिल के पास स्थित शासकीय भूमि पर पुलिस चौकी की स्थापना हेतु प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण किया।

# बेरुआ चौराहे पर हर्ष ट्रेडर्स की दुकान का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** चंद्रपुरकला मार्ग पर बेरुआ चौराहे पर सोमवार को हर्ष ट्रेडर्स दुकान का हुआ उद्घाटन दुकान के स्वामी रामप्रताप ठाकुर पुत्र सत्यम ठाकुर ने बताया कि हर्ष ट्रेडर्स दुकान का हवन पूजा अर्चना कर बाहर से आए प्रतिष्ठित व्यक्तियों सहित उपस्थित लोगों को जलपान कराकर मिठाई वितरण की और कहा कि पार में बसे लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था।



जिसमें मैने सरिया सीमेंट बजरी बजरफुट बजरी आदि का सामान मिलने में सुविधा उपलब्ध रहेगी दुकान खुलने से लोगों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली।

जिसमें उपस्थित चौधरी संजय सिंह, भूरे सिंह ठाकुर, कृष्णपाल सिंह, गौरव भटनागर शाहाबाद नगर मंत्री ,ठाकुर रामवीर सिंह, ठाकुर रामवीर सिंह यूसुफ आदि मौजूद रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर/रामपुर।** शहजाद नगर क्षेत्र के जीरो पाइंट शहजाद नगर से भमरौआ मार्ग पर हुए दो बाइकों की भिड़ंत में सोमवार की दोपहर दो लोग घायल हो गए। हादसे की जोरदार आवाज सुनकर मौके पर राहगीरों की भीड़ लग थाना। क्षेत्र के भंड़पुरा के मझरा कानपुर निवासी वेद प्रकाश और थाना क्षेत्र के मगरमऊ निवासी रामवीर की बाइक की आपस में भिड़ंत हो जाने से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया तथा दोनों घायलों के परिजनों को सूचना दे दी सूचना मिलते ही परिजन भी घायलों के पास जिला अस्पताल पहुंच गए।

# शिक्षक चुनाव में देर नहीं, सभी कार्यकर्ता चुनाव में लगे : हरि सिंह ढिल्लों

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जनपद में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शिक्षक चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई, बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर विधान परिषद के सदस्य हरि सिंह ढिल्लों उपस्थित रहे।

बैठक में हरि सिंह ढिल्लों ने बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारी और शिक्षक वा स्नातक चुनाव के संयोजकों, विधानसभा संयोजकों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को ज्ञात है अगले वर्ष शिक्षक चुनाव होना है और हम सभी को मैं बताना चाहता हूं की चुनाव का प्रथम चरण आरंभ हो चुका है जल्दी ही हम सबको वोट बनाने की प्रक्रिया में तेजी लानी है।



मतदाता पंजीकरण के लिए हम सभी को प्रत्येक विधानसभा के विद्यालयों में शिक्षकों को फार्म प्रदान करने हैं और हम कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है की फार्म सही तरीके से भरवा जाए और उन में कोई त्रुटि न रहे। जल्दी ही वाटर पंजीकरण आरंभ होगा इसीलिए बेहतर है कि हम सब लोग अपनी तैयारी को पूर्ण करें और मतदाताओं का फॉर्म पूरा कर उनका पंजीकरण समय से कराए। हम सभी को मिलकर पिछली बार से ज्यादा मतदाताओं का पंजीकरण करना है की आने वाले समय में चुनाव में हम ज्यादा से ज्यादा वोटो से अपने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजई बना सके।

बैठक में जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, चुनाव संयोजक विकास दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष महेश मौर्य, अनुज सक्सेना, संजय पाठक, देवेंद्र चौधरी, श्रीपाल ठाकुर, नवनीत चौधरी, अजय ठाकुर, प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, आशीष गंगवार, सचिन ठाकुर, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जितेन्द्र कमल आनन्द को साहित्यिक मुरादाबाद ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रतिष्ठित साहित्यकार जितेन्द्र कमल आनन्द को हिन्दी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंगवस्त्र, मानपत्र, श्रीफल भेंट कर दिग्गज मुरादाबादी स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान मुरादाबाद मंडल के साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से साहित्यकार स्मृतिशेष दिग्गज मुरादाबादी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर आयोजित सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी में कल प्रदान किया गया। वंदेभारत संस्था की ओर से भी उन्हें भारत माता का चित्र भेंट किया गया। मुरादाबाद के दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार राम किशोर वर्मा ने सम्मानित विभूति जितेन्द्र कमल आनन्द के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला ।साहित्यिक मुरादाबाद के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने स्मृति शेष दिग्गज मुरादाबादी का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। संयोजक राजीव सक्सेना ने कहा कि दिग्गज मुरादाबादी एक अद्वितीय बालकवि थे। सह संयोजक मनोज वर्मा मनु ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।




इस अवसर पर दिग्गज मुरादाबादी की रचनाओं की सस्वर प्रस्तुति भी की गई। गुरु जितेन्द्र कमल आनंद को मुरादाबाद में सम्मानित किए जाने पर डॉ. गीता मिश्रा श्गीतश, राम किशोर वर्मा, राम रतन यादव, सुबोध कुमार शर्मा श्शेरकोटीश, डॉ. ममता सिंह, वीनू शर्मा, संतोष कुमार शुक्ल, रवि प्रकाश, पुष्पा शर्मा श्कुसुमश, राजवीर सिंह श्राजश, पूनम दीक्षित, सुभाष राहत बरेलवी, अलका गुप्ता, लक्षेश्वर राजू, रश्मि लहर, उपमेन्द्र सक्सेना एड. डॉ . संगम लाल त्रिपाठी श्भ्रमरश, सोहन लाल भारती आदि ने शुभकामनाएं प्रस्तुत की ।

# टाण्डा में तहसील के सामने गिरा ड्रोन, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** नगर के मोहल्ला भीमापुरी में तहसील के सामने सब्जी विक्रेता बब्लू की दुकान के पास सोमवार सुबह लगभग 9 बजे एक ड्रोन गिर गया।जिससे खलबली मच गई और मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। ड्रोन गिरने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ड्रोन को कब्जे में लेकर थाने ले आयी। पुलिस के अनुसार यह टॉय ड्रोन है,जिसमें कोई इंटरनल मेमोरी नहीं है।पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस ड्रोन को कौन उड़ा रहा था।

क्षेत्र में रात्रि के समय ड्रोन की उड़ान को लेकर लोगों में विभिन्न चर्चाएं चल रही हैं। इसी बीच सोमवार सुबह 9 बजे के करीब तहसील के सामने सब्जी की दुकान के पास अचानक एक ड्रोन आ गिरा।जिसे देखने के लिए मौके पर भीड़ एकत्र हो गयी।



सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और अच्छी तरह देखभाल के बाद ड्रोन को कोतवाली ले आयी।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह टॉय ड्रोन है, जिसमें कोई इंटरनल मेमोरी नहीं है। क्योंकि फिलहाल ड्रोन को लेकर क्षेत्र में विभिन्न अफवाहों का बाजार गरम है।इसलिए बरामद ड्रोन के सम्बंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।आखिर यह ड्रोन कौन उड़ा रहा था और उसका उद्देश्य क्या था।

उधर अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बरामद ड्रोन के बारे में बताया कि पुलिस द्वारा ड्रोन के सम्बंध में प्रारंभिक विस्तृत तकनीकी जांच की गई तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह एक टॉय ड्रोन है,जो सभी ऑनलाइन ट्रेड पर लगभग तीन साढ़े तीन हजार रुपए में उपलब्ध है। जिसमें किसी तरह रिकॉर्डिंग करने के लिए कोई इंटरनल मेमोरी नहीं है।यह ड्रोन गली में उड़ाया जा रहा था, जिससे प्रतीत होता है कि इसे कोई आम व्यक्ति या बच्चा उड़ा रहा होगा और अनियंत्रित होने के कारण ड्रोन गिर गया।अब तक की जांच में किसी आपराधिक घटना में इसकी संलिप्तता नहीं पाई गई है।



# स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ हो कानूनी कार्यवाही : शंखधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोरतम कार्यवाही करने की मांग की है। आदेश शंखधार ने बताया कि कल 20 जुलाई को हमें सोशल मीडिया फेसबुक एवं यूट्यूब पर एक वीडियो दिखाई दिया और सुना जिसमें कि पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा भगवान भोलेनाथ के अति प्रिय भक्त कांवड़ियों को लेकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा है। जिसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षण प्राप्त कांवड़ियों के भेष में गुंडा, माफिया, मवाली, दंगाई, अपराधी हैं यह भगवान भोलेनाथ के भक्त नहीं हैं। जबकि सम्पूर्ण सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाले लोगों के आराध्य भगवान भोलेनाथ हैं और भगवान भोलेनाथ में हम सभी की अटूट श्रद्धा और विश्वास है। इसलिए अपने प्रभु की आराधना एवं जलाभिषेक करने हेतु करोड़ों लोग मां गंगा का पवित्र गंगाजल लाकर अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुखी जीवन का कामना करते हैं। इसी कारण प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में अधिकांश सनातनी हिन्दू धर्म के लोग कांवड़ यात्रा पर जाते हैं। ऐसे में श्रावण माह में ही स्वामी प्रसाद मौर्य के उक्त ब्यान से सम्पूर्ण सनातन हिन्दू धर्म की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और उनके इस ब्यान से सम्पूर्ण सनातन हिन्दू धर्म में रोष पनप रहा है। इसलिए पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया गया है कि जो व्यक्ति अपने राजनैतिक हित को पूरा करने के उद्देश्य से सार्वजनिक रूप से भगवान भोलेनाथ के अति प्रिय भक्त कांवड़ियों पर अमर्यादित, अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर सम्पूर्ण सनातन हिन्दू धर्म के मानने वाले लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का घृणित कार्य करता है। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई कराई जाए। पत्र पर संजय रस्तोगी, ब्रह्मशंकर पाण्डेय, प्रवीण गौड़, पुष्पेन्द्र गंगवार, शतीश गंगवार, सर्वराज यादव, विक्की यादव आदि कई लोगों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## हरि सिंह ढिल्लों ने अध्यापकों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** सोमवार को शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने नगर के श्री गोविंद इन्टर कालेज मे आगामी चुनाव को लेकर एक बैठक की। जिसमें बोलते हुए हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि वित् विहीन शिक्षकों के साथ किसी तरह का भेदभाव नही होने दिया जाएगा और शिक्षको के सम्मान के लिए हर समय कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चौधरी संजय सिंह, श्री गोविंद इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य विवेक शर्मा, प्रवीण शर्मा, अजव सिंह यादव, राजकुमार सिंह, अशरफ अलो बब्लू उर्फ तौसीब, फौजी सुशील जोशी, शोभित शर्मा, अभिलाष शर्मा आदि रहे।

# अत्यधिक विद्युत कटौती के खिलाफ किसानों ने दढ़ियाल बिजली घर पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** दढ़ियाल क्षेत्र में नलकूपों वाली लाइन में उचित विद्युत आपूर्ति न मिलने पर सोमवार को पूर्वान्ह किसानों ने बिजली घर पर प्रदर्शन कर अवर अभियंता बीपी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नलकूपों वाली लाइन को कम से कम 10 घंटे बिजली आपूर्ति दिए जाने की मांग की गई, अन्यथा दो दिन बाद अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। बिजली अधिकारियों ने किसानों को उचित बिजली आपूर्ति दिए जाने का आश्वासन दिया है।



सोमवार को पूर्वान्ह भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन किसान दढ़ियाल बिजली घर पर पहुंचे और नलकूपों वाली लाइन में उचित बिजली आपूर्ति न दिए जाने पर गुस्से का इजहार करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि उचित बिजली आपूर्ति न मिलने से धानों की रोपाई नहीं हो पा रही है, फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कम से कम 10 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की।

इस दौरान किसान नेता बलजीत सिंह की एसडीओ विद्युत शिवम सिंह से फोन पर वार्ता हुई। उन्होंने किसानों को उचित बिजली आपूर्ति दिए जाने का आश्वासन दिया।

प्रदर्शन करने वालों में भाकियू के जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह, राजपाल सिंह, जसपाल सिंह, जनरैल सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह, ओकार सिंह, इंद्रपाल सिंह, दलजीत सिंह, अजमेर सिंह, रणजीत सिंह, पवनदीप सिंह, जावेद अख्तर, फिरासत, सर्वजीत सिंह,सिमरनजीत सिंह, अमरजीत सिंह, गुरवंत सिंह,सुखदीप सिंह संधू आदि किसान मौजूद रहे।

## 25 मोहर्रम : इमामबाड़ा खासबाग में नवेद मियां की हाजिरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इमाम जैनुल आबेदीन अलैहिस्सलाम की याद में जिलेभर के मुसलमानों में गम का माहौल रहा। विशेष रूप से शिया मुसलमानों ने मजलिस और नौहाख्वानी का आयोजन किया। अलम का जुलूस भी निकाला गया। इमामबाड़ा खासबाग में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने हाजिरी पेश की। उन्होंने इमामबाड़े में रौशनी भी की।



उन्होंने बताया कि 25 मोहर्रम को इमाम जैनुल आबेदीन की शहादत की याद में मनाया जाता है। यह दिन मुसलमानों के लिए महत्वपूर्ण दिन है।

# सरकार बनाने के लिए बूथ का मजबूत होना जरूरी: निरंकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को बहुजन समाज पार्टी की एक मीटिंग बसपा कार्यालय बाबा दीप सिंह नगर रामपुर में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए, बसपा के जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी एडवोकेट ने कहा, अब समय आ गया है सभी कार्यकर्ता मेहनत से बूथ कमेटी का गठन कर लें कहा कि जिस संगठन का बूथ मजबूत होता है। तो सरकार बनने में कोई देर नहीं होती ,उन्होंने पिछले काम की पदाधिकारियों की समीक्षा की और कहा जल्द से जल्द बूथ का गठन कर लिया जाए। आगे कहा जब बसपा की सरकार थी किसानों के गन्ने के दाम बहन जी ने सबसे अधिक बढ़ाएं सवा लाख सफाई कर्मचारी की नौकरियां दी ईमानदारी से पुलिस में भर्तियां निकली।



शिक्षा के लिए कई कई मेडिकल कॉलेज बहन जी ने खोलें साथ ही उसे वक्त में तमाम बिजली घर बनवाए गए जिनसे आज प्रदेश में बिजली की आपूर्ति हो रही है। कहा कि आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है, और बहन जी इस प्रदेश की पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनेगी और गरीबों दलित अल्पसंख्यकों का भविष्य जागेगा और प्रदेश प्रगति के पथ पर चलेगा। इस अवसर पर मौजूद रहे दीपक सागर मंडल प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह गंगवार जिला संयोजक भाईचारा कमेटी, दिलीप सागर जिला संयोजक बी बी एफ,इसरार अली एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष, रमेश श्रीवास्तव जिला महासचिव, ओंकार सिंह लेखपाल, हरनन्दन सागर विधान सभा अध्यक्ष,राजू सागर विधानसभा, अध्यक्ष राकेश सागर ,दिनेश सागर विधानसभा अध्यक्ष, नवनीत यदुवंशी विधानसभा प्रभारी ,बख्तावर अली विधानसभा प्रभारी ,शेर सिंह विधानसभा प्रभारी, अमित रामपुरी जिला प्रभारी बख्तावर अली, विधानसभा प्रभारी, यूनुस अली, इस अवसर पर नवनियुक्त दीपक सागर मंडल प्रभारी मुरादाबाद का फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया। डॉक्टर सद्दाम हुसैन जिला कार्यकारिणी सदस्य का भी फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष राजू सागर का भी फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

# अथर अली खान बनें बिलासपुर नगर पालिका के सांसद प्रतिनिधि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिलासपुर/रामपुर।** नगर के शमा मैरिज हॉल में समाजवादी पार्टी की एक जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर रामपुर से सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने अथर अली खान को बिलासपुर नगर पालिका क्षेत्र का प्रतिनिधि नियुक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नगर पालिका से जुड़ी जनसमस्याओं का निस्तारण अब उनके माध्यम से अथर अली खान द्वारा कराया जाएगा।

मौलाना नदवी ने जोर देकर कहा कि अथर अली खान उनके विश्वासपात्र हैं और वे बिलासपुर क्षेत्र के विकास तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा और अथर अली खान इस प्रक्रिया में उनके सीधे प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे। यह नियुक्ति समाजवादी पार्टी के स्थानीय स्तर पर मजबूत नेतृत्व विकसित करने की रणनीति का हिस्सा है। मौलाना नदवी ने कहा कि पार्टी जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और अथर अली खान की नियुक्ति से बिलासपुर क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।




इस कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें शामिल थे तजिन्दर सिंह विर्क, राष्ट्रीय अध्यक्ष, तराई किसान यूनियन हाफिज अब्दुल सलाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. जफर खान,अनस खान,आशु खान,फराज खान, फुरकान खान, फैजी खान फैजान खान, नगर पालिका सदस्य यामीन सैफी,मंसू खान, हारिस खान, परवेज मामू ,महबूब पाशा, मीडिया प्रभारी रफी नूरी,अरशद (एडवोकेट), गुलाम मुस्तफा (एडवोकेट), आसिम हुसैन खान, पूर्व सभा सदस्य इस्माइल एवं बाबू शाहजैब आदि मौजूद रहे।

# शिवालयों में भोले भक्तों का उमड़ा सैलाब





**पीलीभीत।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को जिलेभर के सभी प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली, सुबह से ही कांवड़ लेकर आए भक्तों ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक शुरू कर दिया, मुख्य मंदिर से लेकर सड़कों तक भक्तों की भीड़ बाबा के दर्शन को लगी रही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर का निरीक्षण कर कांवड़ यात्रा व दर्शनार्थियों हेतु की गई सुरक्षा और व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग, ब्ब्ज्ट कैमरे की स्थिति, महिला पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग स्थल, ड्यूटी में तैनात कर्मियों की सतर्कता, आदि को सूक्ष्मता से देखा गया। उन्होंने क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को कोई असु. विधा न हो, इसके लिए बेहतर यातायात नियंत्रण, प्राथमिक उपचार केंद्र, खोया–पाया काउंटर व पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था बनाई जाए। साथ ही फत्ज टीमें हर स्थिति के लिए अलर्ट मोड में रहें। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया , सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी

## ज़िला अस्पताल पीलीभीत के औषधि भंडार ग्रह से 10 नमूनों मे से 2 नमूने अधोमानक घोषित

**पीलीभीत।** वित्तिय वर्ष में औषधि निरीक्षक नेहा वैश द्वारा जनपद में स्थित राजकीय मेडिकल कालेज अंतर्गत औषधि भंडार से अलग अलग दस विभिन्न प्रकार की संदिग्ध औषधियों के नमूनें जाँच एवं विश्लेशण हेतु नियमानुसार राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ प्रेषित किये गये थे, औषधि निरीक्षक–पीलीभीत द्वारा बताया गया है कि अभी तक जो भी जाँच रिपोर्ट कार्यालय में प्राप्त हुई है उनमें से दो औषधिओं के नमूनें राजकीय विश्लेशक द्वारा जाँच के उपरांत अधोमानक घोषित किये गये हैं, उनके द्वारा यह भी बताया गया कि तत्काल प्रभाव से उक्त औषधिओं के वितरण पर रोक लगाते हुए मामले की विवेचना प्रारम्भ कर दी गयी है। विवेचना पूर्ण होने पर दोषियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय में वाद संस्थित कर दंडित करवाया जायेगा। एक सवाल के जवाब में औषधि निरीक्षक नेहा वैश द्वारा बताया गया कि पूर्व में इसी बर्ष उनके द्वारा किसी दोषी को न्यायालाय द्वारा तीन वर्ष का कारावास व 70 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना से दंडित करवाया गया।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला 50 हजार का पुरस्कार घोषित, अभियुक्त गिरफ्तार

**पीलीभीत।** एसटीएफ व थाना अमरिया पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला 50 हजार रुपए के पुरस्कार घोषित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस कांफ्रेंस कर घटना का खुलासा किया। कबूतरबाजी करने वाले गिरोह के विरुद्ध अभियान" के अंतर्गत जाली दस्तावेजों के माध्यम से विदेश भेजने और विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर भोले–भाले युवाओं से लाखों रुपये की ठगी करने वाले शातिर अपराधियों की तलाश हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना अमरिया के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। 20 जुलाई को थाना अमरिया व एसटीएफ फील्ड यूनिट बरेली




की संयुक्त टीम दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में मामूर थी, मुखबिर द्वारा पुष्ट सूचना दी गई कि जनपद पीलीभीत का 50 हजार रुपए पुरष्कार घोषित अभियुक्त मनोज 'कुमार भारती पुत्र ब्रजमोहन भारती निवासी ग्राम पिंजरा बमनपुरी, थाना अमरिया जनपद पीलीभीत वर्तमान में उत्तमनगर, दिल्ली में मुकेश नाम से छिपकर रह रहा है, सूचना पर टीम तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये थाना बिंदापुर, दिल्ली पहुंची। वहां पर पुनः मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर होटल त्वमेव, पंखा रोड, उत्तमनगर पर दबिश दी गई, जहां अभियुक्त होटल के रिसेप्शन काउंटर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मुकेश बताया, परंतु कड़ाई से पूछने पर उसने अपनी वास्तविक पहचान मनोज कुमार भारती पुत्र ब्रजमोहन भारती निवासी ग्राम पिंजरा वमनपुरी थाना अमरिया जनपद पीलीभीत स्वीकार कर ली और बताया कि उसके विरुद्ध जनपद पीलीभीत के विभिन्न थानों में

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा निकल गई भव्य जलाभिषेक यात्रा



**पुरनपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा चतुर्थ बाइक जलाभिषेक यात्रा निकाली गई। भक्तों ने आदि मां गोमती का पावन जल लेकर बाबा महाकाल धाम एकोत्तर नाथ नाथ में बाबा का जलाभिषेक किया। यात्रा में श्री बालाजी धाम खुटार से श्री श्री 1008 नंदन जी महाराज शामिल हुए और यात्रा का पूर्ण रूप संचालन उन्हीं के द्वारा किया गया, साथ ही श्री राम जानकी मंदिर से श्री राघव दास जी महाराज, श्री महाकालेश्वर मंदिर शेरामऊ से श्री शिव कैलाश महंत जी महाराज, अमरिया खाता से श्री लालबाबा मंदिर वाले बाबा जी, श्री बालाजी दरबार से पंडित अखिलेश त्रिगुणआयत जी, श्री बालाजी दरबार पवनसुत मंडल से श्री महंत शिवम कठेरिया जी एवं अनेक ब्राह्मण समाज के संत पुजारी गणों ने भाग लिया। यात्रा का एवं संत जनों का प्रेम से पुष्प वर्षा करके स्वागत श्री ठाकुरद्वारा मंदिर कमेटी से जोली खंडेलवाल, हरगोविंद बाजपेई, नवनीत गुप्ता, डायमंड हॉकी क्लब से महेश आजाद, घाशीराम आजाद एडवोकेट आदि रहे।

## गैंगस्टर ने भाई को पीटा, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले की कोतवाली देहात के सहकारी नगर के गांव शहजादपुर निवासी भूपेन्द्र ने पुलिस में रिपोर्ट कराई कि वह अपनी बाइक से अपनी पत्नी प्रवेश और भाई की पत्नी कविता के साथ गांव शहजादपुर से अर्थले गाजियाबाद जा रहा था। रास्ते में बालखा रोड पर मीरपुर के पास स्पेलंडर बाइक पर सवार दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। उनमें एक उनका भाई रविन्द्र उर्फ गोविंदा और दूसरा हर्ष भाटी था।

आरोप है कि उसका भाई दुष्कर्म और गैंगस्टर में निरुद्ध है। रविन्द्र ने डंडे से उन पर हमला कर दिया, जबकि हर्ष ने हेलमेट से मारा। इसी गांव के अन्य लोग वहां पहुच गए।

जिस पर आरोपी उनका हेलमेट लेकर गाली–गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुसिल ने तहरीर के आधार पर रविन्द्र और हर्ष भाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कांवड़ यात्रा श्रद्धा और आस्था का प्रतीक : किशन



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय परिसर के मंदिर में आज सावन के द्वितीय सोमवार व कामिका एकादशी के दुर्लभ संयोग के बीच जिला पंचायत अध्यक्षधविवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने भगवान भोले नाथ का राजघाट के गंगाजल से जलाभिषेक और रुद्राभिषेक कर लोगों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की भगवान शिव से मंगलकामना की और द्वितीय तूफानी डाक कांवड़ यात्रा में शामिल लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा जल अर्पित करने मात्र से ही भगवान शिव अपने सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी कर देते हैं, श्रावण मास में तो भगवान शिव की भक्ति का प्रभाव अत्याधिक बढ़ जाता है। कांवड यात्रा न केवल श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है बल्कि यह हमें सेवा में पुण्य का भागीदार बनने का भी अवसर देती है।

केएम की दूसरी तूफानी डाक कांवड़ यात्रा भक्ति, ऊर्जा के साथ परिवार में एकता का संदेश भी देती है। केएम विश्वविद्यालय परिवार के करीब 45 सदस्य रविवार को द्वितीय तूफानी डाक कांवड़ यात्रा के लिए रवाना हुए और डीजे की धुन के बीच राजघाट से गंगा जल लेकर आज यहां पहुंचे, यहां उनका कुलाधिपति किशन चौधरी, जिला पंचायत प्रतिनिधि देवी सिंह ने स्वागत किया।

विवि के कुलाधिपति ने भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद राजघाट के गंगाजल, दूध और ऋतुफल के रस से रुद्राभिषेक किया। मंदिर के विद्वत आचार्य एवं पुरोहित ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान द्वितीय डाक कांवड़ यात्रा में शामिल सदस्यों ने महादेव का जलाभिषेक किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवी सिंह ने बताया कि केएम यूनीवर्सिटी द्वारा दूसरी डाक कांवड़ यात्रा यहां पहुंची है, प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन मास के द्वितीय सोमवार व एकादशी पर केएम के सदस्य कावडियां राजघाट से जल लाकर भोले बाबा का जलाभिषेक किया है।

तत्पश्चात आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया है,इस डाक कांवड़ यात्रा में शामिल होकर जितने भी लोगों ने सहयोग किया उनका केएमयू आभार व्यक्त करती है। कांवड लाने वालों में मुख्य रूप से राजेश बाबूजी, बबलू चौधरी, दीपक माथुर, वीरेन्द्र सिसौदिया, देवेन्द्र सिंह, प्रतीक अग्रवाल, राहुल चौधरी, देवेन्द्र गौर, गोलू, सतेन्द्र जयवीर सिकरवार, पंकज कुमार, त्रिलोकी चौधरी, अभिषेक, मयंक, अनिल, तनुज, सुमित ठाकुर, लवकुश राजपूत, अश्विन कुंतल, आक. श कुंतल, सहदेव, नेवला, मनीष सैनी, अनूप कुंतल, विकास सिंह, गुलशन ठाकुर, अनूप ठाकुर आदि रहे।

# 'हील इन इंडिया समिट 2025' में साझा किया संस्कृति वेलनेस का योगदान




**मथुरा।** देशभर से चिकित्सा और वेलनेस टूरिज्म के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और वैश्विक प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित होटल 'द ललित' में 'हील इन इंडियादृ मेडिकल एंड वेलनेस टूरिज्म समिट 2025' का आयोजन किया गया। इस भव्य समिट का आयोजन फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) द्वारा भारत सरकार के सहयोग से किया गया था। इस समिट के माध्यम से भारत को एक वैश्विक मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म हब के रूप में सशक्त बनाने का उद्देश्य है।संस्कृति विवि के प्रतिनिधि के रूप में समिट में भाग लेने वाले प्रोफेसर रतीश कुमार ने बताया कि समिट में चार प्रमुख सत्र आयोजित किए गए, जिनमें चिकित्सा पर्यटन, वेलनेस थैरेपी, वैश्विक सहयोग और नीति निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। विभिन्न देशों के राजनयिकों और भारत के शीर्ष चिकित्सा व वेलनेस विशेषज्ञों ने इन सत्रों में अपने विचार साझा किए। एफएचआरएआई के अध्यक्ष के. श्यामा राजू ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की और भारत की पर्यटन क्षमता पर प्रकाश डाला।इस महत्वपूर्ण आयोजन में शिक्षा जगत से संस्कृति विश्वविद्यालय को आमंत्रित किया गया था। विवि की ओर से प्रोफेसर रतीश कुमार समिट में वेलनेस टूरिज्म के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान को साझा किया। एक मुलाकात में प्रो. रतीश कुमार ने सुरिनाम के राजदूत अरुन्कुमार हार्दिएन को संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा और वेलनेस टूरिज्म के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों, विशेष रूप से संस्कृति वेलनेस सेंटर की विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने राजदूत को विश्वविद्यालय आने का औपचारिक आमंत्रण भी दिया। साथ ही उन्होंने इथियोपिया के उप मिशन प्रमुख मोलालिन अस्फाव से भी मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने भारत और अफ्रीकी देशों के बीच वेलनेस टूरिज्म और शैक्षणिक सहयोग के विस्तार की संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया।प्रो. रतीश ने बताया कि भारत में मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म एक तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। 2023 में भारत ने मेडिकल टूरिज्म से सात अरब डॉलर से अधिक का राजस्व प्राप्त किया और 2025 तक यह आंकड़ा 13 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना है। योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा जैसे आयुष आधारित उपचार वैश्विक पर्यटकों को भारत की ओर आकर्षित कर रहे हैं। भारत सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक देश का पर्यटन क्षेत्र तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बने, जिसमें मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## भक्तिधाम वेल्केयर ट्रस्ट की अष्टम स्थापना पर 26 अगस्त को लगेगा

**मथुरा।** भक्तिधाम वेलफेयर एंड चौरीटेबल ट्रस्ट, पटियालाध्वृन्दावन की अष्टम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल्याणं करोति, मथुरा के सहयोग से 26 अगस्त को निःशुल्क दिव्यांग सहायता शि. विर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम पैर, कैलीपर्स, व्हीलचेयर सहित अन्य सहायक उपकरण बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराए जाएंगे। यह शि. विर उन दिव्यांगजनों के लिए राहत और सहारा प्रदान करेगा जो दैनिक कार्यों में सहयोग के अभाव में सीमित रह जाते हैं। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को ऐसे उपकरण उपलब्ध कराना है जिनकी सहायता से वे अपनी दैनिक गतिविधियाँ सहजता और आत्मनिर्भरता के साथ कर सकें। उपकरण प्राप्त करने के इच्छुक लाभार्थी कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा संचालित कृत्रिम अंग निर्माण केंद्र पर आकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## भरत मिलाप मेले का आगाज, 27 को दुग्धाभिषेक



**कोसीकलां।** श्री रामलीला संस्थान के तत्वाधान में आयोजित होने वाले भरत मिलाप मेले की तैयारियों को लेकर रविवार की शाम को अग्रसेन नगर में एक बैठक हुई। जिसमें 27 जुलाई को मेले की शुरूआत भगवती मंदिर पर दुग्धाभिषेक के साथ करने का निर्णय लिया।बैठक में संस्थान के सम्वयक ठा. हरेंद्र सिंह, अध्यक्ष अजय मंगला ने बताया कि भगवती मंदिर पर दुग्धाभिषेक के बाद मेला आचार्य मोरमुकुट शास्त्री, लीला निर्देशक सत्यनारायण पुरोहित , राम लीला सस्थान ने बैठक कर निर्णय लिया कि श्रृंगारी प्रमुख के रूप में भगवत प्रसाद को न्यौता दिया जाएगा। 17 सितंबर को ध्वज पूजन के साथ मेले का शुभारम्भ होगा। 3 अक्तूबर को ब्रज मंडल का ऐतिहासिक भरत मिलाप मेला होगा। संयोजक अजय गोयंका, मंत्री अन्नू वैद्य ने बताया कि एक अक्तूबर को कुंभकरण वध, काली मेला, 2 को रावण के पूतले के दहन होगा। प्रतिदिन रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन के साथ झांकी निक. ाली जाएगी।बैठक में जय शर्मा, विकास जैन, पदम चंद शर्मा, राहुल मंगला, अनिल जैन, मनीष, विकास बंसल, ऋषि मंगला गौरव अग्रवाल गोपाल शर्मा, दीपक वर्मा, गौरव खंडेलवाल, नितिन गोयल, विकास अग्रवाल, सचिन भारद्धाज, मोहन दत्त शर्मा आदि थे।

## शासन की योजन को हम पहुंचाएंगे हर घर तक: एडीओएसआईबी बल्देव प्रेम सिंह



**मथुरा।** मुख्यमंत्री युवा अवधि विकास अभियान के अंतर्गत बलदेव ब्लॉक में खण्ड विकास अधिकारी नेहा रावत के नेतृत्व में बैंक सखी, समूह सखी, विद्युत सखी सहित ब्लॉक पदाधिकारीयो की बैठक का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के बारे समझना ओर उसे शहरी और ग्रामीण स्तर तक ले जाना जिससे उत्तर प्रदेश सरकार की इस महत्वपूर्ण और जन कल्याणकारी योजना का युवाओं को लाभ मिले, इस मौके पर उपस्थित एडीओएसआईबी प्रेम सिंह सर के द्वारा इस अभियान में उपस्थित सभी सखियों का ध्यान आकर्षण करते हुए कहा गया कि आप सभी को इस योजना को सत प्रतिशत सफल बनाना है जिसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करें, इस मौके पर उपस्थित सी एम युवा फेलो बृजेंद्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को एक सफल उद्यमी बनाने का सरकार का सराहनीय प्रयास है।

## सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** नगर में सावन के दूसरे सोमवार को शहर से लेकर देहात तक मंदिरों में जलभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सुबह तड़के से ही भक्त मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए। कई मंदिरों में भगवान के श्रृंगार दर्शन किए गए। कुछ मंदिरों पर मेले का भी आयोजन हुआ। शिव भक्त भोलेनाथ की भक्ति में डूबे नजर आए। भोर से ही शिवालयों में पूजा–अर्चना का सिलसिला शुरू हुआ हो गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट. 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HHLALI00471994<br>1. नवल कुमार वार्ष्णेय प्रोपराइटर मेसर्स केशव मेडिकल एजेंसीज<br>2. हिना गुप्ता<br>3. विमल कुमार वार्ष्णेय | मकान नंबर 19/506एफ 43, साई विहार कॉलोनी, फेस 1, खसरा नंबर 170, 171, 172 का हिस्सा, बर्फ खाना के पास, मौजा पाला साहिबाबाद में स्थित है, परगना और तहसील कोली जिला अलीगढ़-202001, उत्तर प्रदेश। | 04.07.2025, | रु. 31,78,171.33/- (रुपए इकतीस लाख अठहत्तर हजार एक सौ इकहत्तर और तैंतीस पैसे मात्र) 09.07.2025 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तभ डी मे विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।

उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।

उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आह्वान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चो, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''

सरफेसी अधिनियमन की धारा 13 की उप–धारा (13) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं।

कृते सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : अलीगढ़

# फारुख-क्लाइव के नाम ओल्डट्रैफर्ड में स्टैंड होंगे



● **भारत-इंग्लैंड चौथे टेस्ट में सम्मान मिलेगा, लंकाशायर के लिए भारत के पूर्व विकेटकीपर 175 मैच खेले**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के दिग्गज कप्तान क्लाइव लायड के नाम पर अब इंग्लैंड के ऐतिहासिक ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में स्टैंड होंगे। यह सम्मान उन्हें उनकी पूर्व काउंटी टीम लंक. ाशायर द्वारा दिया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, यह स्टैंड- नामकरण समारोह भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन आयोजित हो सकता है। इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। इंग्लैंड क्रिकेट के एक अधिकारी ने कहा, यह दोनों दिग्गजों के लिए एक उपयुक्त और सम्मानजनक पहल है। फारुख इंजीनियर ने 1968 से 1976 के बीच लंकाशायर के लिए 175 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 5942 रन, 429 कैच और 35 स्टंपिंग कीं। उनके आने से पहले लंकाशायर ने 15 सालों में कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था, लेकिन उनकी मौजूदगी में टीम ने 1970 से 1975 के बीच गिलेट कप चार बार जीता।

दो बार के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान क्लाइव लायड ने लंक. ाशायर के साथ करीब दो दशक बिताए और टीम के खेल में क्रांतिकारी बदलाव लाए। वे 1970 के दशक में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में क्लब में शामिल हुए थे। 87 साल के फारुख इंजीनियर ने मैनचेस्टर को ही अपना स्थायी निवास बना लिया है। उन्होंने क्लब की वेबसाइट को एक पुराने इंटरव्यू में बताया था, ओल्ड ट्रैफर्ड एक शानदार जगह थी, लोग हमें देखने के लिए दूर-दूर से आते थे। उन्होंने आगे कहा, ड्रेसिंग रूम से हम वारविक रोड रेलवे स्टेशन को देख सकते थे, और मैच से पहले ट्रेनों से भीड़ उतरती थी, उत्साहित आवाजें और हंसी की गूंज सुनाई देती थी। हमारे लाकर आटोग्राफ और पार्टी इन्विटेशन से भरे रहते थे। क्लाइव लायड, हैरी पिलिंग, पीटर लेवर और केन शटलवर्थ जैसे नामों से टीम की खूब चर्चा होती थी।

हम उस दौर की सबसे फेमस वनडे टीम बन गए थे। दिलचस्प बात यह है कि जहां फारुख इंजीनियर ने भारत में ब्रेबार्न स्टेडियम में सबसे ज्यादा क्रिकेट खेला, वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है। भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर, जो निजी दौरे पर मैनचेस्टर में हैं, इस समारोह में शामिल हो सकते हैं। क्लब के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।




# सुमित ने जीता 60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत पदक

● **टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अभियान खत्म किया**

**बुडापेस्ट, वार्ता।** अंडर-23 एशियाई चैंपियन सुमित ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती चैंपियनशिप के 60 किग्रा ग्रीक. ो-रोमन वर्ग में रजत और अनिल मोर ने 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। चैंपियनशिप के आखिरी दिन रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय पहलवान को अजरबैजान के यूरोपीय चैंपियन और गैर-ओलंपिक 60 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन निहात माम्मदली से 1-5 से हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुमित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सादिक लालाईव को 9-3, क्वार्टर फाइनल में कोरिया के डेहयूम किम को 7-4 से फॉल के जरिए शिकस्त दी थी और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के गालिम कबदुनास्सारोव को 10-1 से हराया। वहीं, भारत के अनिल मोर ने ग्रीको-रोमन 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के इक्थियोर बोटिरोव को 7-4 से हराया। इससे पहले अनिल ने मई में उलानबतार ओपन में इसी कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में अनिल को यूरोपीय चैंपियन एमिन सेफरशायेव से 1-6 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने रेपेचेज में मोल्डोवा के अर्तिओम डेलीअनु को 7-0 से हराकर कांस्य पदक मैच में जगह बनाई।

# एशिया कप पाक टीम भारत नहीं आएगी

● **सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, भारतीय टीम भी पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने नहीं गई थी**

● **विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत-पाक मैच भी रद्द, वालीबाल टूर्नामेंट पाक से उज्बेकिस्तान ट्रांसफर**

**नई दिल्ली/कराची, वार्ता।** पाकिस्तान हॉकी टीम भारत में होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को बताया कि भारत में मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं के कारण यह फैसला लिया है। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से होना है, जो 7 सितम्बर तक बिहार के राजगीर स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम इस साल फरवरी-मार्च में हुए चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं गई थी। भारत ने अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू दुबई में खेले थे। पीएचएफ के अध्यक्ष तारिक बुगती ने बताया कि हमारे खिलाड़ी भी भारत में होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक नहीं हैं। यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप का क्वालिफिकेशन भी है।

बुगती ने यह भी बताया कि एफआईएच और एएचएफ को यह तय करना है कि टूर्नामेंट और पाकिस्तान के मैचों को लेकर क्या करना है। भारत ने साल 2024 में चीन में खेले गए एशियन चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में चीन को हराया था। पीएचएफ प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है।

# भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम को नीदरलैंड ने रौंदा



**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम को यूरोपीय दौरे के अपने आखिरी मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार का सामना करना पड़ा। रविवार को खेले गए यूरोपीय दौरे अंतिम मैच में भारतीय मिडफील्डर रालजदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी ने अपनी टीम के लिए एक-एक गोल किए। भारत ए ने इससे पहले 18 जुलाई को नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 के स्कोर से गंवा दिया था।

भारत ए ने 8 जुलाई, 2025 को अपने यूरो दौरे की शुरुआत की थी और इस दौरे के दौरान पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। इस दौरान भारत की ए टीम ने दुनिया की कुछ शीर्ष हॉकी टीमों, जिनमें विश्व की नंबर वन नीदरलैंड और विश्व की नंबर तीन बेल्जियम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तीन शहरों की यात्रा की। इस दौरान भारतीय टीम ने आठ मैचों में से तीन में जीत दर्ज की। भारत ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि इस यूरोपीय दौरे में हमें जीत से ज्यादा हार मिली होगी, लेकिन यह नतीजों के बारे में नहीं था, बल्कि एक टीम के रूप में इस दौरे से मिली सीख और अनुभव के बारे में था। उन्होंने कहा कि भारत ए में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का मिश्रण था और उन्होंने पिछले दो हफ्तो दौरान बहुत मूल्यवान अनुभव प्राप्त किया। अब जब हम भारत वापस आ रहे हैं, मुझे विश्वास है कि ये सभी खिलाड़ी इस मूल्यवान अनुभव का उपयोग करेंगे और अपने भविष्य के सभी मैचों में अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए इसका उपयोग करेंगे।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

**मीरपुर, वार्ता।** तस्कीन अहमद (तीन विकेट) और मुस्तफिजुर रहमान (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद परवेज हुसैन इमॉन (नाबाद 56 ) मो- तौहीद हृदोय (36) की शानदार पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टी-20 मुकाबले में 27 गेंदें शेष रहते पाक को सात विकेट से हरा दिया। 111 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने सात रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। तंजिद हसन और कप्तान लिटन कुमार दास एक-एक रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को सलमान मिर्जा ने आउट किया। तीसरे विकेट के रूप में तौहीद हृदोय 37 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश ने 15-3 ओवर में तीन विकेट पर 112 रन बनाकर मैच सात विकेट से जीत लिया। परवेज हुसैन ने 39 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 56 रनों की नाबाद पारी खेली।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अगले तीन डब्ल्यूटीए फाइनल मैच इंग्लैंड में होंगे

**सिंगापुर, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इंग्लैंड को 2027, 2029 और 2031 में होने वाले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी सौंपी है। इससे पहले वह 2021 से लगातार तीनों फाइनल की मेजबानी कर चुका है। आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक बैठक में यह फैसला लिया गया। आईसीसी ने 2027 के फाइनल भारत में स्थानांतरित किए जाने की अटकलों को विराम देते हुए ईसीबी के 'सफल मेजबानी रिकार्ड' का हवाला देते हुए इंग्लैंड को फिर से तीन बार के लिए इसकी जिम्मेदारी दी है। हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है कि भविष्य में भी लॉर्ड्स को प्राथमिक मेजबान के तौर पर बरकरार रखा जाएगा या नहीं।

### अमेरिका ने जीता फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब

**प्राग, वार्ता।** अमेरिका ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 88-76 से हराकर फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। चेक गणराज्य के ब्रनो में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में अमेरिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में 50-40 की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 17-14 से हराकर अंतर कम कर दिया। हालांकि, चौथे क्वार्टर में अमेरिका ने 24-19 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा और मजबूत करते हुए चैंपियनशिप पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। अमेरिका की सानिया हॉल ने 25 अंक, नौ रिबाउंड और सात असिस्ट के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। जैस्मीन ने 21 अंक जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बोनी डेस ने 13 अंक लिए।

# बैडमिंटन एशिया: जापान ने भारत को हराया



● **करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया, भार्गव राम और विश्व तेज गोब्बरू की जोड़ी प्रभावशाली रही**

**इंडोनेशिया, वार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में भारतीय टीम को पूर्व चैंपियन जापान से 110-104 से हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत हुए एक करीबी मुकाबले में भारत ने शुरुआती मैच में 11-9 से मिली मामूली हार के बाद शानदार वापसी की।

भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने संयमित जीत हासिल कर भारत को 33-26 से आगे कर दिया। इसके बाद रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर 44-35 की बढ़त बनाए रखी और रौनक चौहान ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को और मजबूत कर दिया। भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच लगातार जीतते हुए बढ़त बना ली।

इनमें से कई मैच बेहद रोमांचक रहे, जो भारतीय टीम के जज्बे को दर्शाता है। करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हांगकांग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका पर जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिससे एकल और युगल में गहराई और संत. ुलन का प्रदर्शन हुआ। भार्गव-विश्व तेज और रेशिका-वेन्नाला की जोड़ी लगातार प्रभावशाली रही, जबकि सी लालरामसांगा ने भी युगल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने पुरुष युगल में भव्या और मिश्रित युगल में तारिणी सूरी के साथ जोड़ी बनाई। एकल में, रौनक ने विश्व जूनियर नंबर 5 लाम का टो को हराया और रुजुला रामू ने शीर्ष 20 में शामिल दो खिलाड़ियों पर जीत दर्ज की।

# चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को बताया कि नीतीश कुमार रेड्डी को बाएं घुटने में चोट लगी है। यह चोट उन्हें रविवार को मैनचेस्टर में जिम में अभ्यास के दौरान लगी और स्कैन में लिगामेंट डैमेज की पुष्टि हुई है। बुधवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले भारत को नीतीश कुमार के चोटिल होने से एक और झटका लगा है। इससे पहले तेज गेंदबाज आकाश दीप और अर्शदीप सिंह भी चोटिल हैं और इनमें से अर्शदीप चौथे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। इस बीच अंशुल कम्बोज को तेज गेंदबा. जी विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। लीड्स में पहले टेस्ट से बाहर रहने के बाद रेड्डी ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला। बर्मिंघम में वह खास असर नहीं छोड़ पाए। उन्होंने मैच में केवल दो रन बनाए और छह ओवर की गेंदबाजी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि लॉर्ड्स में उन्होंने इंग्लैंड के शीर्षक्रम के विकेट चटकाए। पहली पारी में इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली को एक ही ओवर में आउट किया।

# भारतीय बैडमिंटन मिश्रित टीम ने जीता कांस्य पदक

**जर्मनी, वार्ता।** भारत की मिश्रित टीम ने रविवार को जर्मनी के राइन-रुहर में चल रहे एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में बैडमिंटन में ऐतिहासिक कांस्य पदक अपने नाम किया। यह इस स्पर्धा में भारत का बैडमिंटन में पहला पदक है। एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बैडमिंटन को 2007 से शामिल किया गया था, लेकिन यह पहली बार है जब भारत ने इस खेल में पोडियम पर जगह बनाई है। भारत ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे कांस्य पदक पक्का हो गया। प्रतियोगिता में दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को कांस्य पदक दिया जाता है। यह इस बार के एफआईएसयू वर्ल्ड विवि गेम्स में भारत का पहला पदक भी है।

# टेस्ट क्रिकेट में दो-डिवीजन सिस्टम की संभावना

● **आईसीसी एनुअल मीटिंग में 8 सदस्यीय टीम बनी चैंपियंस लीग टी-20 की अगले साल वापसी संभव**

**दुबई, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2027 से 2-टियर सिस्टम लागू हो सकता है। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को एनुअल जनरल मीटिंग (ाळड) में 8 सदस्यीय टीम बनाई हैं। इस समिति की अध्यक्षता आईसीसी के नए सीईओ संजोग गुप्ता कर रहे हैं। टेस्ट टियर सिस्टम में मौजूदा 9 टीमों की जगह 6-6 टीमों की दो डिवीजन बनाई जाएंगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले से इस फार्मेट के समर्थन में रहे हैं और चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत आपस में हर तीन साल में दो बार भिड़ें, जो मौजूदा चार साल में दो बार की तुलना में अधिक है। 2009 से 2014 के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस लीग टी-20 अगले साल से दोबारा शुरू हो सकती हैं। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली गई 5 मैचों की बार्डर-गावस्कर ट्राफी में भारी भीड़ देखने को मिली। फैंस के अलावा, ब्राडकास्टिंग और लाइव स्ट्रीमिंग पर भी बड़ी संख्या में फैंस इस सीरीज से जुड़े। बीजीटी ऑस्ट्रेलिया में अब तक की चौथी सर्वाधिक देखी गई सीरीज है। इस सीरीज के 8 लाख से ज्यादा मुकाबले फैंस ने मैदान पर आकर देखे हैं। ये आंकड़े क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सोशल प्लेटफार्म ग पर जारी किए। सबसे बड़ी बात इस बार भारत भी इसके सपोर्ट में है। करीब 10 साल बाद चैंपियंस लीग टी-20 टूर्नामेंट एक बार फिर लौट सकता है। आईसीसी इस अंतर्राष्ट्रीय क्लब आधारित टी-20 प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्डों ने इस विषय में चर्चा की है और ाळड में कई अहम सदस्य देशों से इस प्रस्ताव को समर्थन भी मिला है। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2014 में भारत में हुआ था, जहां चेन्नई सुपर किंग्स ने फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। 2009 से 2014 के बीच सीएलटी-20 के 6 सीजन आयोजित हुए थे। चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने यह टूर्नामेंट दो-दो बार, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक-एक बार जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को तीन विकेट से हराया

**किंगस्टन, वार्ता।** बेन ड्वारशिवस (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कैमरन ग्रीन (51) और मिचेल ओवेन (50) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को सात गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। मिचेल ओवेन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में जेक फ्रेजर-मक्गार्क (दो) का विकेट गवां दिया। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंदों में (24) रन के रूप में गिरा। इसके बाद जॉश इंग्लिस आठ गेंदों में (18) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ग्लेन मैक्सवेल (11) रन बनाकर आउट हुए। कैमरन ग्रीन और मिचेल ओव. ेन ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दोनों बल्लेबाजों की बीच पांचवें विकेट के लिए 80 रनों की महत्वूपर्ण साझेदारी हुई। 15वें ओवर में गुडाकेश मोती ने कैमरन ग्रीन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कैमरन ग्रीन ने 26 गेंदों में पांच छक्के और दो चौके लगाते हुए (51) रन बनाये। मिचेल ओवेन ने 27 गेंदों में छह छक्के लगाते हुए (50) रनों की पारी खेली।

# कोनेरू हम्पी फिडे महिला शतरंज विश्व कप के सेमीफाइनल में



**जॉर्जिया, वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने चीनी खिलाड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए फिडे महिला शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ हम्पी इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। हम्पी ने रविवार को खेले गए मुकाबले में चीन की आईएम युक्सिन सोंग के खिलाफ पहले गेम में जीत के बाद, दूसरे गेम में ड्रॉ खेलकर अंतिम चार में जगह बनाई। हम्पी का अब सेमीफाइनल में चीन की लेई लटगजी से मुकाबला होगा।

अंतिम चार में हम्पी के पहुं. चने के साथ यह पक्का हो गया कि उन्हें शीर्ष तीन में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे जिससे उन्हें अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह भी मिल जाएगी जिसके लिए शीर्ष तीन खिलाड़ी क्वालिफाई करेंगी। वहीं हरिका और हमवतन दिव्या देशमुख के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। दोनों खिलाड़ी अब टाई-ब्रेक में भिड़ेंगी।

# न्याय की जीत

सोमवार को मुंबई उच्च न्यायालय से एक बड़ा फैसला आया। जिसमें 2006 में हुए मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इनमें पांच अभियुक्त वह थे, जिनको निचली अदालत से फांसी की सजा मिल चुकी थी। बाकी सात को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। यह फैसला विशेष मौका अदालत ने सितम्बर 2015 में दिया था। जिन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी, उनमें एक कामिल अंसारी भी था। जिसकी मौत नारको सेंटर जेल में बंद होने के दौरान कोरोना से मौत हो गई थी। यह फैसला हादसे के 19 साल बाद आया। यहां यह बताना भी जरूरी है कि यह घटना 11 जुलाई 2006 में तब हुई थी, जब शाम के व्यस्त समय में मुंबई के उप नगरीय रेलवे नेटवर्क ने पश्चिमी रेलवे की ट्रेनों को प्रथम श्रेणी के डिब्बों को निशाना बनाया गया था। हताहतों की संख्या बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए प्रेशर बमों ने 189 लोगों की जान ले गई थी और सात सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

इस पूरे मामले की जांच महाराष्ट्र के आतंक विरोधी दस्ते ने की थी और उसकी जांच में आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और सीमी की संलिप्तता की बात सामने आई थी और 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। निचली अदालत के फैसले को मुंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी और इस पूरे मामले की पैरवी आरोपियों की तरफ से महाराष्ट्र की जमीयत उलेमा कमेटी ने की थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। निश्चित रूप से मुंबई उच्च न्यायालय के इस फैसले का जहां स्वागत हो रहा है, वहीं कुछ सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि कोई भी समझ सकता है कि जो लोग 19 साल तक जेल में रहे, वे किस यातना से गुजर रहे होंगे। वह भी निर्दोष होते हुए। सुनवाई कर रही पीठ ने जिस तरह की टिप्पणी अपने फैसले में की है, वह भी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

क्योंकि अदालत का कहना है कि विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया था। पीठ ने अविश्वसीनय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की। पीठ का साफ कहना है कि इस्तेमाल हुए बम के ब्योरे सहित दूसरे बुनियादी तथ्यों को स्थापित करने में एटीएस विफल रही है। यहां तक कि अपने फैसले में कहा कि जांच एजेंसी आरोपों की पुष्टि के लिए कोई भी ठोस सबूत पेश करने में विफल रही। निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र एटीएस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है और यह भी बताने के लिए काफी है कि हमारी जांच एजेंसियां बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामले में भी किस तरह अपने काम को अंजाम देती हैं। अब एक सवाल तो यह भी पैदा होता है कि जो मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस के आरोपी निर्दोष हो गए तो फिर असली आरोपी कौन हैं। इसका जवाब कौन देगा। शायद कोई नहीं। यह किसी विडंबना से कम नहीं है कि 19 वर्ष तक निर्दोष लोग आतंकवाद का कलंक लेकर जेल की सलाखों के पीछे रहे।

## विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार



विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया, रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा, मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रह, सरकार एक नया तरीका अपना रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन से चले गए, अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि संसदीय परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है, तो हमें भी जगह दी जानी चाहिए, हम बोलना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई।

-राहुल गांधी
नेता विपक्ष, लोकसभा

## मुंबई ट्रेन ब्लास्टः 19 साल बाद बाइज्जत बरी

# कौन लौटाएगा 19 साल





वसीम अकरम त्यागी

अंग्रेजी की एक लोकप्रिय सूक्ति है जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड अर्थात न्याय में देरी, न्याय से वंचित होने के समान है आसान शब्दों में कहें तो न्याय में देरी न्याय नहीं अन्याय है। भारत में ऐसे दर्जनों उदाहरण है जहां अदालत से न्याय पाने के लिए नागरिकों ने लंबी लड़ाई लड़ी हैं।

बीती 21 जुलाई को मुंबई हाईकोर्ट से 19 साल बाद न्याय पाने वाले 12 तथाकथित आतंकी शायद इस सूक्ति को ना कह पाएं क्योंकि उन्होंने अपने आपको निर्दोष साबित करने के लिए लगभग दो दशक लंबी लड़ाई लड़ी, तब जाकर अदालत ने उन्हें दोषमुक्त किया। दरअसल 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में सीरियल ब्लास्ट हुए थे। ये ब्लास्ट सात जगह पर हुए जिसमें 209 लोगों की जानें गईं, जबकि 714 लोग घायल हुए थे। 19 साल बाद 21 जुलाई को आए बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले ने सभी आरोपितो को बरी कर दिया है। यहां यह उल्लेख जरूरी है कि एंटी टेररिज्म स्क्वैड (एटीएस) ने 20 जुलाई, 2006 से तीन अक्टूबर, 2006 के बीच आरोपितों को गिरफ्तार किया। उसी साल नवंबर में आरोपितों ने कोर्ट को लिखित में जानकारी दी कि उनसे जबरन इकबालिया बयान लिए गए। एटीएस की चार्जशीट में 30 आरोपी बनाए गए। इनमें से 13 की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के तौर पर हुई।

11 सितंबर 2015 को स्पेशल मकोका कोर्ट ने 13 आरोपितों में से 12 आरोपितों को दोषी माना और पांच को फांसी सात को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए एक आरोपी को बरी कर दिया था। लेकिन मुंबई हाईकोर्ट ने मकोका कोर्ट का फैसला पलटे हुए तमाम आरोपितों को बरी कर दिया है। मुंबई हाईकोर्ट के हालिया फैसले ने एक बार फिर सुरक्षा जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सुरक्षा एजंसियों में कार्यरत अधिकारी पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं हैं? क्या यह इत्तेफाक है कि सुरक्षा एजंसियां जिन्हें इस तरह के बम ब्लास्ट का आरोपी बनाया, वो सब एक ही समुदाय के हैं। सुरक्षा एजंसियों द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी के वक्त एक जैसी ही कहानियां गढ़ीं गई हैं और वो कहानियां अदालत में न्याय की कसौटी पर खरी ही नहीं उतर पाईं। इस तरह की आतंकी घटना के बाद सुरक्षा एजंसियों ने कुछ उर्दू नामधारी संगठनों पर आरोप लगाया और फिर कुछ युवाओं को गिरफ्तार कर उनके तार पाकिस्तान से जोड़कर अपनी जिम्मेदारी अदा कर ली। इन तथाकथित आतंकियों के बरी होने की यह पहली घटना नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को आतंकवाद के आरोप में फंसाकर उनकी जिंदगी के बेशकीमती वक्त को बर्बाद करने का एक लंबा सिलसिला है, एक लंबा इतिहास है। यहां भारत के तीन राज्यों में हुई बम विस्फोट की तीन घटनाओं की उल्लेख जरूरी है। गुजरात के गांधीनगर स्थित अक्षरधाम मंदिर पर 2002 में हुए आतंकी हमले में 32 लोग मारे गए थे और 80 से ज्यादा घायल हुए थे।

इस हमले के बाद, छह लोगों को दोषी ठहराया गया था, जिनमें से चार ने 11 साल जेल में बिताए थे। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इन सभी को बरी कर दिया। इन्हीं में एक मुफ्ती अब्दुल कय्यूम थे, उन्होंने अपनी बेगुनाही पर ह11 साल सलाखों के पीछे नामी चर्चित पुस्तक भी लिखी। इस पुस्तक में उनके साथ हुई ज्यादती का उल्लेख है। 13 मई 2008 को जयपुर में आतंकी घटना घटी थी। बम ब्लास्ट की इस घटना में 73 लोगों की जान गई थी। इस मामले में निचली अदालत ने 20 सितंबर 2019 को सैफ, सैफुल रहमान, सरवर और सलमान को फांसी की सजा सुनाई थी, लेकिन 29 मार्च 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट ने चारों आरोपितों को बरी कर दिया। ये तीन ऐसे मामले हैं, जिनमें निचली अदालतों ने आरोपितों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थीं, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों के फैसलों को पलटते हुए दोषी ठहराए गए लोगों को बाइज्जत बरी किया है। यहां निचली अदालतों के इंसाफ करने की नीयत संदिग्ध नहीं लगती? आतंकवाद के ऐसे गंभीर मामलों में जिन आरोपितों को निचली अदालत दोषी ठहराती है, वही आरोपी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में बाइज्जत बरी होते रहे हैं। बाइज्जत बरी। अदालत में इस एक लफ्ज को साबित करने के लिए सुरक्षा एजंसियों और मीडिया ट्रायल द्वारा आतंकवादी बनाए गए बेगुनाहों ने लंबा संघर्ष किया है। यहां अमेरीकी लेखक मैल्कम फीली द्वारा लिखी गई किताब द प्रोसेस इज द पनिशमेंट का उल्लेख प्रासंगिक है। द प्रोसेस इज द पनिशमेंट यानी न्यायिक प्रक्रिया ही सजा है। सोचिए। मुंबई ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए दो दशक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी है। जयपुर ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 14 वर्ष लंबी कघनूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट के आरो. पितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 11 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। ऐसे दर्जनों उदाहरण हैं, जब बेगुनाह होते हुए भी नागरिकों ने अपनी जिंदगी के बेशकीमती 10, 15, 20 यहां तक की 25 साल जेल की काल कोठरी में बिताए हैं। इन आरोपितों के बरी होने ने एक नहीं कई सवाल खड़े किए हैं। पहला सवाल यह कि ब्लास्ट के पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिल पाया। दूसरा उस बम ब्लास्ट को करने के आरोप में अपने ही बेगुनाह नागरिकों की जिंदगी को जेल की काल कोठरी में तबाह करने का गुनाह जांच एजेंसियों ने अपने सर लिया है। तब सवाल यह है कि ब्लास्ट के असली गुनहगार कौन हैं? असली आतंकवादी कौन हैं, क्योंकि जिन्हें गुनहागार और आतंकी बताकर देश के सामने लाया गया, झूठी कहानियां गढ़-गढ़ कर जिनका मीडिया ट्रायल किया उन तथाकथित आतंकियों को तो अदालत बरी कर चुकी है। तब असल गुनहागर कौन हैं? यह सवाल सिर्फ मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का ही नहीं, अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट का भी है कि गुनहगार कौन हैं? सिर्फ अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट ही नहीं बल्कि सवाल यह भी है कि जयपुर ब्लास्ट के गुनहगार कौन हैं? इसके अलावा दर्जनों ऐसी घटनाएं हैं, जिनके सभी आरोपी अदालत से बरी हुए हैं। मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर ओडिशा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रहे जस्टिस एस. मुरलीधर ने सुरक्षा एजेंसियों की कार्यशैली और नीयत दोनों पर ही गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जस्टिस मुरलीधर ने कहा, इस मामले में जानबूझकर पक्षपातपूर्ण जांच की गई। बेगुनाह लोगों को जेल भेजा गया और जब वे वर्षों बाद बाहर आते हैं, तो उनकी जिंदगी की पुनर्निर्माण की कोई संभावना नहीं बचती। ये 12 लोग 17 साल से सलाखों के पीछे थे। उनकी पूरी जवानी और जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा खत्म हो चुका है। ऐसे मामलों में जहां जनभावनाएं उबलती हैं, वहां पुलिस अफसर गुमराह किए जाते हैं और फिर मीडिया ट्रायल के जरिए दोष तय कर दिए जाते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंसें पहले होती हैं, सबूत बाद में ढूंढे जाते हैं। क्या किसी ने सोचा है कि आतंकवाद के मामलों में आरोपी बनाए गए लोग और उनके परिवार किस मानसिक प्रताड़ना से गुजरते हैं। परिवार तो छोड़िए रिश्तेदार और दोस्तों तक मीडिया ट्रायल होता है। आरोप लगते है जिस तरह मीडिया ने सूत्र का हवाला देकर कैसी कैसी कहानियां बनाई हैं, उससे तो सभी वाकिफ हैं। अब मीडिया की नैतिकता पर भी सवाल है। जिन एंकर्स जिन चैनल्स, अखबारात ने अदालत के फैसले से पहले ही इन बेगुनाहों को आतंकी कहकर लिखकर प्रचारित प्रसारित किया था, क्या अदालत के फैसले के बाद वो अपने उस गुनाह की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इन बेगुनाहों से माफी मांगेंगे? निर्दोष साबित होने तक दोषी मानने की धारणा ने कितने ही बेगुनाहों से उनके अपनों को दूर किया है। अदालत को ऐसे मामलों में सिर्फ मुकम्मल इंसाफ देना चाहिए, जिन अफसरों ने नागरिकों को झूठे इलजाम में फंसाया है, उन्हें सजा भी देनी चाहिए और जिन नागिरकों ने बेकसूर होते हुए भी जेल काटी है, उन्हें इसका मुआवजा मिलना चाहिए, मुआवजा की यह रकम उन्हें फंसाने वाले अधिकारियों से वसूल करनी चाहिए।

(लेखक पत्रकारिता से जुड़े हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत की एकता, साहस व आकांक्षाओं का प्रतीक तिरंगा



श्वेता गोयल

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है।

आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की सम्प्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता के लिए इसके कठिन संघर्ष और एकजुट एवं समृद्ध राष्ट्र के लिए अपने लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। हमारा राष्ट्र ध्वज न केवल राष्ट्र की एकता, अखंडता, गरिमा, गौरव, शक्ति, आदर्श और आकांक्षाओं का प्रतीक है बल्कि समूचे विश्व को त्याग की भावना एवं शाति का संदेश भी देता है। यह हमारी स्वतंत्रता का भी प्रतीक है क्योंकि आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारियों को एकजुट करने में इसकी बहुत अहम भूमिका रही।

तिरंगे ने ही भारतवासियों को एकता और भाईचारे का संदेश देकर उन्हें एक सूत्र में पिरोकर अंग्रेजों से लोहा लेने को प्रेरित किया था। तब क्रांतिकारियों के लिए राष्ट्र ध्वज का सम्मान अपने प्राणों से भी बढ़कर होता था, इसीलिए अंग्रेजों की लाठियां व गोलियां खाते हुए भी उन्होंने इसे कभी झुकने नहीं दिया। तीन रंगों की पट्टियों वाले राष्ट्रीय ध्वज की सबसे ऊपर की केसरिया रंग की पट्टी त्याग, बल और पौरूष की प्रतीक है जबकि बीच वाली सफेद पट्टी शांति और सत्य की प्रतीक है और सबसे नीचे की हरे रंग की पट्टी हरियाली, समृद्धि एवं सम्पन्नता की प्रतीक है। झंडे के बीचों-बीच सफेद पट्टी में स्थित गहरे नीले रंग का अशोक चक्र आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

24 तीलियों वाला अशोक चक्र देश की प्रगति, राष्ट्र के कानून और धर्म के पहिए का प्रतीक है। डा। सर्वपल्ली राधकृष्णन के शब्दों में कहें तो जो लोग इस ध्वज के नीचे कार्य करेंगे, उन्हें सत्य और सदाचार के सिद्धांतों का पालन करना होगा। राष्ट्र ध्वज के नीचे कार्य करने वालों से उनका तात्पर्य सरकारों और नौकरशाहों से था। राष्ट्र कोकिला सरोजिनी नायडू ने भी राष्ट्र ध्वज की महत्ता का उल्लेख करते हुए संविधान सभा में राष्ट्र ध्वज का प्रस्ताव पेश करते समय 22 जुलाई 1947 को कहा था कि नए भारत के सभी नागरिकों को इस राष्ट्र ध्वज को प्रणाम करना होगा और इसके नीचे कोई छोटा-बड़ा नहीं होगा।

राष्ट्र ध्वज का सफर 7 अगस्त 1906 को आरंभ हुआ था। हरे, पीले और लाल रंग की तीन पट्टियों से बना यह राष्ट्रीय ध्वज कलकत्ता के पारसी बागान में फहराया गया था। उस ध्वज पर ऊपर की हरी पट्टी पर एक ही पंक्ति में सफेद रंग के आठ कमल अंकित थे जबकि बीच वाली पीली पट्टी पर देवनागरी में गहरे नीले रंग से वंदेमातरम् लिखा था और नीचे की लाल पट्टी पर बाईं ओर एक सफेद सूर्य और दाईं ओर एक-एक सफेद चन्द्रमा और तारा अंकित थे। 'भारत का झंडा' नामक यह ध्वज हालांकि भारत के सभी धर्मों, सम्प्रदायों और साम्प्रदायिक सद्भावना को मद्देनजर रखते हुए तैयार किया गया था लेकिन यह ध्वज सर्वमान्य नहीं हो पाया। 1917 में डा. एनी बेसेंट और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा 'होमरूल आन्दोलन' चलाया गया था। उस समय एक नया राष्ट्रीय ध्वज तैयार किया गया, जिसमें लाल और हरे रंग की एक के बाद एक कुल 9 समानान्तर और तिरछी पट्टियां थी। उस ध्वज के बीचों-बीच 7 तारे थे और एक कोने में चांद व तारा अंकित थे जबकि उसके ऊपरी बाएं कोने में 'यूनियन जैक' का चित्र (झंडे का चौथाई भाग) बनाया गया था। झंडे में यूनियन जैक के इस चित्र को सम्मिलित किए जाने के कारण ही यह अधिकांश लोगों द्वारा नापसंद कर दिया गया

तब एक ऐसे ध्वज की आवश्यकता महसूस की गई, जो प्रत्एक धर्म, सम्प्रदाय और विच. ारधाराओं के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के साथ देशवासियों के लिए जीवन-मरण का प्रतीक भी बन सके। 1921 में विजयवाड़ा में कांग्रेस के अधिवेशन में आंध्र प्रदेश के पिंगली वैंकैया नामक क्रांतिकारी युवक ने महात्मा गांधी को एक ऐसा ध्वज भेंट किया, जिसमें लाल व हरे रंग की केवल दो पट्टियां थी लेकिन पंजाब के एक बुजुर्ग नेता रायजादा पंडित हंसराज ने गांधी जी को सुझाव दिया कि इस ध्वज में चरखे को भी अंकित किया जाए और तब गांधी जी ने यह सुझाव स्वीकारते हुए हिन्दुओं के लिए केसरिया रंग, मुस्लिमों के लिए हरा रंग तथा अन्य सम्प्रदायों के लिए ध्वज में सफेद रंग को भी शामिल किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैराना सांसद इकरा हसन सद्भाव व सेवा की नई मिसाल





मौ. आसिफ कुरैशी

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। कैराना लोकसभा क्षेत्र की सांसद इकरा हसन के खिलाफ की गई आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणी न केवल एक जनप्रति. निधि का अपमान है, बल्कि यह देश की समस्त महिलाओं के सम्मान पर सीधा प्रहार है।

जिस तरह से राजनीतिक विरोध की आड़ में महिला सांसद को निशाना बनाया गया है, वह भारत जैसे संवैधानिक लोकतंत्र में किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। लोकतंत्र में मतभेद की गुंजाइश हमेशा रहती है परंतु किसी के विरुद्ध इस प्रकार की भाषा का प्रयोग, विशेषकर एक महिला नेता के लिए, हमारे समाज की गिरती राजनीतिक मर्यादा का प्रतीक है। इकरा हसन एक शिक्षित, सक्रिय और जनसरोकारों से जुड़ी हुई सांसद हैं, जो लगातार अपने क्षेत्र और देशहित में कार्य कर रही हैं। उनके विरुद्ध की गई टिप्पणी यह दर्शाती है कि कुछ तत्व सांप्रदायिकता को बढ़ावा देकर अपनी रोटियां सेकने और सस्ती लोकप्रियता को हासिल की होड़ में लगे है,जो समाज के लिए हानिकारक है। ऐसे सोच रखने वाले व्यक्तियों को समाज के लोगों को आगे आकर लोकतांत्रिक रूप से विरोध करना चाहिए।

हम इस अभद्र और दुर्भावनापूर्ण टिप्पणी की घोर निंदा करते हैं और संबंधित व्यक्तियों से तत्काल माफी की मांग करते हैं। साथ ही प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि, विशेषकर महिला नेताओं को इस प्रकार की अपमानजनक स्थिति का सामना न करना पड़े।

आज जरूरत इस बात की है कि हम राजनीति में भाषा की मर्यादा बनाए रखें और महिलाओं के सम्मान की रक्षा करें। इकरा हसन पर की गई टिप्पणी न केवल उनके व्यक्तिगत सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि यह पूरे देश की महिलाओं के आत्मसम्मान के विरुद्ध है। आज कल पूरे देश में सांसद इकरा चौधरी के साथ एडीएम द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर माहौल गरमाया हुआ है, जबकि सांसद महोदया के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर प्रदेश के नेताओं ने मोर्चा संभालते हुए इकरा चौधरी का समर्थन किया है।

उत्तर प्रदेश की कैराना लोकसभा सीट, जो कभी सामाजिक तनाव और राजनीतिक उथल-पुथल के लिए चर्चा में रही, आज एक नई पहचान बना रही है। इस बदलाव की प्रेरणा हैं समाजवादी पार्टी की युवा सांसद इकरा चौधरी, जिन्होंने अपनी शिक्षा, संवेदनशील नेतृत्व, और जनसेवा के प्रति समर्पण से न केवल कैराना को नई दिशा दी है, बल्कि भारतीय राजनीति में एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में अपनी जगह बनाई है। उनकी सादगी, सर्वधर्म समभाव, और जमीन से जुड़ा दृष्टिकोण उन्हें न केवल कैराना की जनता की पसंदीदा नेता बनाता है, बल्कि देशभर में एक नई उम्मीद का प्रतीक भी बनाता है।

26 अगस्त 1994 को जन्मी इकरा चौधरी एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा स्वर्गीय अख्तर हसन ओर पिता, स्वर्गीय चौधरी मुन्नवर हसन, और माता, बेगम तबस्सुम हसन, सांसद रह चुके हैं, लेकिन इकरा चौधरी ने अपनी पहचान केवल इस विरासत के सहारे नहीं बनाई। बल्कि उनकी शैक्षिक उपलब्धियां और विचारशीलता ने उन्हें एक विशिष्ट नेता के रूप में स्थापित किया है।

इकरा चौधरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी राम कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की, जो देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में से एक है। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से अंतर्राष्ट्रीय कानून और राजनीति में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उनकी यह शैक्षिक पृष्ठभूमि उनके भाषणों, संसदीय चर्चाओं, और नीतिगत दृष्टिकोण में स्पष्ट रूप से झलकती है वे शिक्षा को केवल व्यक्तिगत विकास का साधन नहीं मानतीं, बल्कि इसे सामाजिक उत्थान और समावेशी विकास का आधार मानती हैं। यही कारण है कि वे अपने क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार को प्राथमिकता देती हैं, विशेषकर महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए। उनकी यह सोच उनके द्वारा उठाए गए शिक्षा से संबंधित मुद्दों में स्पष्ट दिखती है, जैसे कैराना में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना और अल्पसंख्यक व दलित छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा संस्थानों की मांग। 2024 के लोकसभा चुनाव में इकरा चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को लगभग 69,000 वोटों के अंतर से पराजित किया। यह जीत केवल एक राजनी. तिक सफलता नहीं थी, बल्कि यह उनकी जनता से गहरे जुड़ाव, उनकी सादगी, और हर वर्ग के साथ संवाद करने की कला की जीत थी। चुनाव प्रचार के दौरान इकरा चौधरी ने बड़े-बड़े वादों के बजाय जनता की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान का भरोसा दिलाने पर ध्यान दिया। उन्होंने कैराना, गंगोह, नकुड़, थानाभवन और शामली विधानसभाओं के क्षेत्रों में पैदल यात्राएं कीं, गांव-गांव जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि उन्हें हल करने के लिए ठोस योजनाएं भी बनाईं। उनकी यह शैली, जिसमें वे हर समुदाय चाहे वह मुस्लिम, हिंदू, सिख, दलित, या पिछड़ा हो के साथ सहजता से संवाद करती थीं, जिसने उन्हें जनता का चहेता बना दिया। उनके प्रचार का एक अनोखा पहलू यह भी था उनकी सुलभता। वे न तो बड़े काफिलों के साथ चलीं और न ही अनावश्यक प्रचार पर ध्यान दिया। उनकी सभाओं में लोग उनकी सादगी और स्पष्टता से प्रभावित होते थे। मीडिया को एक स्थानीय निवासी ने कहा, था इकरा जी हमें अपनी बेटी जैसी लगती हैं। वे हमारी बात सुनती हैं और उसे संसद तक ले जाती हैं। जो क्षेत्र में उनकी बड़ी पहचान बनी हुई है। वो अपनी लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में जनता दरबार लगाती रहती है,ओर लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका प्राथमिकता से निस्तारण कराती है। सांसद बनने के बाद इकरा चौधरी ने संसद में अपनी सक्रियता और स्पष्टवादिता से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। उनकी संसदीय कार्यशैली में एक अनुशासित और तथ्यपरक दृष्टिकोण दिखता है, जो उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। वे न केवल अपने क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाती हैं, बल्कि राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय रखने में पीछे नहीं रहतीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### सीरिया पर हमले से अमेरिका गुस्साया

# व्हाइट हाउस ने नेतन्याहू को बताया 'पागल'



- इजरायली प्रधानमंत्री की हरकतों से ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं
- इजरायल ने सीरिया के ड्रूज (शिया) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था
- इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया था

**वाशिंगटन।** इजरायल के सीरिया पर हमले से ट्रम्प नाराज हैं। एक्सियोस की एक रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस, इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बर्ताव पर नाखुशी जाहिर की है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने नेतन्याहू को 'पागल' और 'ऐसा बच्चा जो सही व्यवहार नहीं करता' तक कह दिया है। व्हाइट हाउस का मानना है कि नेतन्याहू बेकाबू हो गए हैं और इस तरह काम कर रहे हैं, जैसे उनके पीछे कोई राजनीतिक एजेंडा हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक्सियोस को बताया कि नेतन्याहू पागलों जैसी हरकतें कर रहे हैं। वह हर जगह बम गिरा रहे हैं।

इससे ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं। इजरायल ने सीरिया के ड्रूज (शिया) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था, क्योंकि वहां स्थानीय सरकार पर नागरिकों की हत्या के आरोप लगे थे। इसके बाद इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया और कई इमारतों को निशाना बनाया। इजरायल ने 16 जुलाई को सीरिया की राजधानी दमिश्क में कई इमारतों पर हमला किया। अमेरिका, गाजा के चर्च पर हमले से भी नाराज इससे पहले गाजा में इजरायली टैंक की बमबारी में एकमात्र कैथोलिक चर्च पर हमला हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। इजरायली सेना ने इसे 'गलती' बताया, लेकिन अमेरिकी प्रशासन में इससे गुस्सा फैल गया। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हर दिन कुछ नया हो रहा है। ये सब क्या बकवास है? रिपोर्ट में कहा गया है कि सीरिया पर इजरायली हमला ट्रम्प प्रशासन के लिए पूरी तरह 'चौंकाने वाला' था। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि गाजा के चर्च पर हुए हमले के बाद ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन कर जवाब मांगा। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस चर्च हमले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया, लेकिन उन्होंने नेतन्याहू को फोन किया और नाराजगी जताई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को इस हमले पर माफी मांगनी चाहिए, जिसके बाद नेतन्याहू ने एक बयान जारी किया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि इस घटना पर ट्रम्प खुश नहीं हैं। सीरिया पर हमला व्हाइट हाउस के लिए इसलिए भी समस्या बन गया क्योंकि ट्रम्प उस देश में शांति लाना चाहते हैं और वहां पुनर्निर्माण के लिए अमेरिका की बड़ी भूमिका की घोषणा भी कर चुके हैं।

## इजरायली पीएम नेतन्याहू को फूड प्वाइजनिंग, 3 दिन वर्क फ्रॉम करेंगे

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फूड पाइजनिंग और शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की वजह से तबीयत खराब हो गई है। पीएमओ ने इसकी जानकारी दी। इसमें बताया गया है कि पीएम की हालत अब स्थिर है। नेतन्याहू अब 3 दिन घर पर रहकर ही आराम करेंगे। इस दौरान वे वर्क फ्राम होम यानी कि घर से ही अपना कामकाज संभालेंगे। नेतन्याहू रविवार सुबह होने वाली अपनी साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में नहीं पहुंचे थे। इसके बाद से ही उनके स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठने लगे। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएमओ ने बताया कि नेतन्याहू की शनिवार रात ही तबीयत खराब लगने लगी थी। इसके बाद डाक्टर ने उनके घर पर पहुंचकर जांच की। डाक्टरों ने बताया कि नेतन्याहू को खाने की वजह से आंतों में सूजन हो गई थी।



नई दिल्ली। संसद भवन स्थित सीपीपी कार्यालय में उनके जन्मदिन समारोह के दौरान पार्टी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देते पार्टी नेता।

## ईरान ने प्रतिबंध लगाए जाने के मामले में दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अरागची ने कहा है कि उनके देश पर प्रतिबंध लगाने के मामले में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की विश्वसनीयता को कम नहीं करना चाहिए। उन्होंने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ई3 देशों के पास 2015 के परमाणु समझौते के प्रावधानों या यूएनएससी प्रस्ताव 2231 को लागू करने के लिए 'कानूनी, राजनीतिक और नैतिक आधार' का अभाव है। यह आधार ही ईरान के समझौते का पालन न करने पर उस पर फिर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि 2018 में अमेरिका के संयुक्त व्यापक कार्य योजना से हटने के बाद, ईरान ने सुधारात्मक उपाय करने से पहले विवाद समाधान तंत्र का उपयोग किया, जबकि ई3 अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने में विफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया के सुवैदा में विरोधी गुटों में फिर हुई झड़पें

**दमिश्क।** दक्षिणी सीरिया के सुवैदा प्रांत के ग्रामीण इलाकों में रविवार को द्रूज समुदाय के लड़ाकों और अंतरिम सरकार समर्थित बद्दू आदिवासियों के बीच भीषण झड़पें हुईं, जिससे क्षेत्र में युद्धविराम की नाजुक स्थिति और भी खतरे में पड़ गई है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फ़ॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि द्रूज आबादी वाले इलाकों पर धावा बोलने की तैयारी के संकेतों के बीच, बुस्तान, दामा और नज़रान गांवों में आदिवासी लड़ाकों की ओर से बड़ी संख्या में बंदूकधारी इकट्ठा हो गए हैं।

### रूस में बस हादसे में 14 लोगों की मौत

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के साखा राज्य में सोमवार तड़के एक बस के खाई में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:20 बजे डेनिसोव्स्की माइनिंग एंड प्रोसेसिंग प्लांट द्वारा संचालित एक सड़क पर हुई। इस बस में 30 से अधिक लोग सवार थे और यह सड़क से उतर कर नीचे 25 मीटर खाई में गिर गई।

### रूस शर्तों के साथ यूक्रेन से बातचीत को तैयार

**मॉस्को।** रूसी संसद क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को कहा कि यूक्रेन से समझौते की दिशा में रूस तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है, लेकिन इस समझौते में लक्ष्यों को हासिल करने की बात होनी चाहिए। पेसकोव ने सरकारी टेलीविजन को दिए साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बार-बार यूक्रेनी समझौते को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण निष्कर्ष पर पहुंचाने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। यह एक लंबी प्रक्रिया है, इसके लिए प्रयास की आवश्यकता है, और यह आसान नहीं है।

### पोलैंड की वायु सेना अलर्ट पर

**मॉस्को।** पोलैंड ने यूक्रेन में कथित रूसी गतिविधियों के बीच अपनी और सहयोगी वायु सेनाओं को सक्रिय कर दिया है। पोलिश सशस्त्र बल परिचालन कमान ने कहा है कि उनके देश और सहयोगी वायु सेनाओं ने अभियान शुरू कर दिया है और वायु रक्षा और रडार टोही प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

# ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का AI वीडियो किया शेयर

## एफबीआई ने कॉलर पकड़कर गिराया

- हथकड़ी लगाई, पास में बैठे मुस्कुराते दिखे अमेरिकी प्रेसिडेंट
- वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की गिरफ्तारी का एआई से बना वीडियो पोस्ट किया है। इस वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि बराक ओबामा को एफबीआई एजेंट व्हाइट हाउस के ओवल आफिस में गिरफ्तार कर रहे हैं।

वीडियो में ओबामा को ट्रम्प के पास बैठे दिखाया गया है। इसके बाद 3 एजेंट्स आते हैं। एजेंट्स ओबामा का कालर पकड़कर उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा देते हैं और उनके हाथों में हथकड़ियां लगाते हैं। पास में ही बैठे ट्रम्प यह सब देखकर मुस्कुरा रहे हैं। वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आते हैं। वीडियो की शुरुआत ओबामा के एक पुराने बयान से होती है, जिसमें वे कहते हैं कि कोई भी, खासकर राष्ट्रपति भी कानून से ऊपर नहीं है। इसके बाद कई डेमोक्रेटिक नेताओं की क्लिप जोड़ी गई है, जिनमें जो बाइडेन भी शामिल हैं, जो दो. हराते हैं कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। इस वीडियो को लेकर ट्रम्प की ओर से कोई सफाई नहीं दी गई है कि यह वीडियो फर्जी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सिर्फ एक काल्पनिक दृश्य है। इस वीडियो की वजह से ट्रम्प की खूब आलोचना हो रही है। कई लोगों ने इसे 'उकसाने वाला' बताया और कहा कि एक राष्ट्रपति का इस तरह के फर्जी वीडियो शेयर करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। कुछ का यह भी कहना है कि यह एपस्टीन केस से ध्यान भटकाने की कोशिश है। ट्रम्प ने कुछ हफ्ते पहले ही ओबामा पर प्रशासन पर 2016 के चुनाव में उनके खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इससे पहले अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने भी ट्रम्प पर 2016 के चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया। गबार्ड ने कहा कि ओबा. मा और उनके प्रशासन के कई सीनियर अधिकारियों ने मिलकर एक देशद्रोही साजिश रची थी। इनका मकसद यह साबित करना था कि ट्रम्प की 2016 की राष्ट्रपति चुनाव में जीत रूस की मदद से हुई थी।

### बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान ढाका में स्कूल पर गिरा

# पायलट समेत 19 की मौत, 164 घायल



**ढाका।** बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 16 छात्र, दो शिक्षक और एक पायलट शामिल हैं।

हादसे में 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है।

कई घायल बच्चों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का एफ-7 बीजीआई विमान के क्रैश होने की पुष्टि की है। यह विमान चीन में बना था। हादसे के बाद बांग्लादेशी सेना स्कूल कैंपस में तैनात है।

सेना राहत और बचाव कार्य में भी जुटी है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है।

यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं, यूनुस ने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिका. रियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए। राहत और बचाव कार्य में उत्तरा, टोंगी, पल्लबी, कूर्मिटोला, मीरपुर और पूर्वाचल के आठ फायर स्टेशन के दल शामिल हैं।

# काबुल में बुर्का न पहनने पर दस महिलाएं गिरफ्तार



**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुलिस ने दस से अधिक ऐसी युवतियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने बुर्का या हिजाब पहनने संबंधी नियमों का कथित तौर पर पालन नहीं किया था।

अफगानिस्तान इंटरनेशनल मीडिया ने रविवार को बताया ये गिरफ्तारियां कथित तौर पर बीते दो दिनों में काबुल के इलाकों में हुईं। महिलाओं को रेस्टोरेंट, सड़कों और बाजारों से उठाकर अज्ञात जगह ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नैतिकता कानून संबंधी ये पुलिस अधिकारी पुरुष थे और उन्होंने लड़कियों के साथ मारपीट भी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं को बिना किसी स्पष्टीकरण के ले जाया गया, उनमें से कुछ को पुलिस की गाड़ियों में जबरन बिठाने से पहले पीटा गया। इन पर इस्लामी तरीके का हिजाब या हिजाब से संबंधित ड्रेस कोड का उल्लंघन करने का आरोप है। इसके अलावा मध्य और पश्चिमी काबुल में रविवार को लगभग 100 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को बाज़ार, सड़कों और यहां तक कि अस्पताल से भी उठा लिया गया। अफगानिस्तान इंटरनेशनल ने कहा कि अधिकारियों ने अभी तक गिरफ्तारियों के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। अफगानिस्तान में कार्यरत संयुक्त राष्ट्र मिशन ने तालिबान अधिकारियों के लड़कियों को मनमाने ढंग से गिरफ़्तार करने और हिरासत में लेने को लेकर चिंता जताई है। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) इस साल जुलाई में अफगानिस्तान में महिलाओं से दुर्व्यवहार के आरा. ेप में दो शीर्ष तालिबान नेताओं के खिलाफ़ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा था कि तालिबान के सर्वोच्च नेता हैबतुल्लाह अखुनज़ादा और मुख्य न्यायाधीश अब्दुल हकीम हक्कानी पर लैंगिक उत्पीड़न का संदेह करने के 'उचित आधार' मौजूद हैं। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा कि तालि. बान ने महिलाओं को शिक्षा, निजता, पारिवारिक जीवन के अधिकारों से 'गंभीर रूप से वंचित' किया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के छह महीने पूरे

**वाशिंगटन।** 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को अपने कार्यकाल के 6 महीने पूरे कर लिए। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि वे गाजा और यूक्रेन युद्ध को '24 घंटे में खत्म' करा देंगे, लेकिन अब तक न तो रूस-यूक्रेन युद्ध थमा है और न ही गाजा पट्टी में इजरायल-हमास संघर्ष। यूक्रेन में अब भी लड़ाई जारी है, जबकि गाजा में अभी तक 58 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहले छह महीनों में ट्रम्प का मुख्य फोकस वैश्विक व्यापार नीति पर रहा। उन्होंने चीन पर 60 प्रतिशत टैरिफ, वियतनाम पर 25 प्रतिशत, और यूरोपीय कारों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया।

## जापान में पीएम इशिबा की पार्टी ऊपरी सदन में हारी

- 1955 के बाद पहली बार दोनों सदनों में बहुमत नहीं पीएम पर इस्तीफे का दबाव

**टोक्यो।** जापान में प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी दल ने देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया है। हालांकि उन्होंने साफ कर दिया है कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे।

जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से अकेले एलडीपी को 39 सीटें मिली हैं। एक सीट का नतीजा अभी आना बाकी है। यह हार पीएम इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता है। इससे पहले अक्टूबर में निचले सदन का चुनाव हारने के बाद अब यह गठबंधन दोनों सदनों में अल्पमत में चला गया है। एलडीपी की स्थापना 1955 में हुई थी, और यह पहला मौका है जब उसने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है। टोक्यो में ऊपरी सदन के चुनाव के लिए रविवार को एक काउंटिंग सेंटर में अधिकारी वोटों की गिनती करते हुए। यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ रही है और अमेरिका द्वारा लगाए जा सकने वाले टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता है।

## ईरान और यूरोपीय शक्तियों के बीच 25 को होगी परमाणु वार्ता

**तेहरान।** ईरान, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन शुक्रवार (25 जुलाई) को इस्तांबुल में परमाणु वार्ता करेंगे। तीन यूरोपीय देशों ने चेतावनी दी है कि वार्ता फिर से शुरू नहीं करने पर ईरान पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध फिर से लगा दिया जाएगा। आईआरआईबी एजेंसी ने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई के हवाले से कहा कि यह वार्ता शुक्रवार को इस्तांबुल में उप विदेश मंत्रियों के स्तर पर होगी जिसमें ईरानी उप विद. ेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची और ईरानी अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काज़ेम ग़रीबाबादी हिस्सा लेंगे। वार्ता की तारीख की घोषणा ई3 देशों के विदेश मंत्रियों और यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख के साथ पिछले गुरुवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की पहली बातचीत के बाद की गई। यह बातचीत इजरायल और अमेरिका द्वारा एक महीने पहले ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किए जाने के बाद हुई है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2018 में तत्कालीन ट्रम्प प्रशासन के अंतर्गत इस समझौते से खुद को अलग कर लिया था और प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया था तथा कूटनीतिक तनाव को फिर से भड़का दिया था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट